खबरों के 68 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com
पत्र नहीं मित्र
संपर्क करें ➡ jabdesh1@yahoo.com

देशबन्धु

जबलपुर, शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 | वर्ष –68 | अंक –161 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ मतदान के दूसरे चरण... ■ चण्डीगढ़ से सूरत वाया... 04
■ अमेरिका, मिस्र समेत कई देश एक तरफ... ■ अब जो चाहे वो कर सकते हैं मुइज्जू... 09
■ सोने के वायदा भाव गिरकर 71 हजार रुपये... ■ एफएसएसएआई इकट्ठा कर रहा नेस्ले के... 11
■ नारायण और रसेल... ■ टी-20 विश्वकप के... 10

सार संक्षेप

अहमदाबाद में दो गुटों के बीच पत्थरबाजी वृद्ध महिला की मौत, चार घायल

अहमदाबाद। गुजरात के अहमदाबाद में एक स्थानीय मंदिर उत्सव के पर्चे में नाम प्रकाशित करने को लेकर दो गुटों में झड़प हो गई। इस झड़प में एक 80 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल भी हुए। मृतक की पहचान लीराबेन भरवाड के तौर पर की गई है। झड़प के दौरान सीने पर पत्थर लगने से बुधवार को उनकी मौत हो गई थी। स्थानीय मंदिर उत्सव में एक समूह पर्चे में कुछ नाम शामिल करना चाहता था, लेकिन दूसरे समूह ने इसपर आपत्ति जताई थी। एक अधिकारी ने बताया कि नाम को लेकर असहमति दोनों गुटों के बीच झड़प में बदल गई। इस घटना में चार लोग घायल भी हुए हैं। दोनों गुटों के 21 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

तिहाड़ जेल में दो गुटों में झड़प, चार कैदी घायल

नई दिल्ली। एक संदिग्ध गैंगवार और जेल के अंदर वर्चस्व की लड़ाई में दिल्ली तिहाड़ की जेल नंबर 3 के अंदर कैदियों के दो समूह आपस में भिड़ गए। इस झड़प में चार कैदी घायल हो गए। एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि घटना बुधवार सुबह की है। पुलिस ने घटना के संबंध में आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत मामला भी दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच के अनुसार, घायल अलग-अलग समूहों से थे।

आईपीएल में आज
TATA IPL
केकेआर विरूद्ध
पीबीकेएस (कोलकाता)
7.30 सायं से

सूचना
सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर
epaper.deshbandhump.com
वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

बिरादरी की बात

चूहा-सुनती हो- निर्वाचन आयोग ने मोदी के साथ राहुल को भी चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का नोटिस भेज दिया है।

चुहिया- हां प्रिये- चुनाव आयोग क्या, सभी अपना बचाव करते चलते हैं।

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान आज

13 राज्यों की 88 सीटों पर 1206 उम्मीदवार मैदान में

नई दिल्ली, देशबन्धु। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्यों की 88 लोकसभा सीटों पर मतदान होना है। इस चरण में उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र की 8-8, बिहार की पांच सीटों के लिए वोटिंग होनी है। केरल की सभी 20, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, मध्य प्रदेश की 6, असम की 5, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ की 3-3, मणिपुर, त्रिपुरा और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर की 1-1 सीट के लिए दूसरे फेज में ही मतदान होगा। इस चरण में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से लेकर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला तक, कई दिग्गजों की किस्मत दांव पर है।



दूसरे चरण की हॉट सीटें

दूसरे चरण में जिन 88 सीटों पर मतदान होना है, उनमें से कुछ सीटें किसी खास घटनाक्रम के कारण चर्चा में हैं तो कुछ बड़े नेताओं के चुनाव लड़ने की वजह से। **आउटर मणिपुर-** हिंसा को लेकर चर्चा में रहे मणिपुर की आउटर मणिपुर सीट के लिए दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोटिंग होनी है।

वायनाड- केरल की वायनाड सीट से राहुल गांधी चुनाव मैदान में हैं। इस सीट से लेफ्ट ने राहुल के सामने एनी राजा और भाजपा ने के सुरेंद्रन को राहुल खिलाफ उतारा है।

कोटा- कोटा सीट से लोकसभा स्पीकर ओम बिरला भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। ओम बिरला के सामने कांग्रेस ने भाजपा छोड़ पार्टी में आए प्रह्लाद गुंजल को टिकट दिया है।

मेरठ- उत्तर प्रदेश की मेरठ सीट से अरुण गोविल की उम्मीदवारी की वजह से चर्चा में है। भाजपा ने मेरठ से टीवी के राम अरुण गोविल को उम्मीदवार बनाया है।

पूर्णिया- बिहार की पूर्णिया सीट से पप्पू यादव निर्दलीय ही चुनाव मैदान में हैं। पप्पू कांग्रेस से टिकट के दावेदार थे लेकिन इस सीट से आरजेडी ने उम्मीदवार उतार दिया।

बेंगलुरु ग्रामीण- बेंगलुरु ग्रामीण सीट पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के दामाद सीएन मंजूनाथ की उम्मीदवारी को लेकर चर्चा में है। भाजपा ने डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के भाई डीके शिवकुमार के भाई डीके सुरेश के खिलाफ सीएन मंजूनाथ को टिकट दिया है।

मध्यप्रदेश की छह सीटों पर सियासी रण

वीडी शर्मा, वीरेन्द्र सिंह, गणेश सिंह, संजय शर्मा, जनार्दन मिश्र सहित 80 प्रत्याशियों की किस्मत बंद होगी ईवीएम में

नई दिल्ली/भोपाल, देशबन्धु। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में मध्यप्रदेश की छह लोकसभा सीटें भी शामिल हैं। इन छह लोकसभा सीटों पर कुल 80 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। लगातार सात बार से सांसद वीरेंद्र सिंह और चार बार से सतना लोकसभा सीट जीतने वाले गणेश सिंह की सियासी साख दांव पर है। कांग्रेस विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा भी लोकसभा के चुनावी समर में उतरे हैं।

सतना लोकसभा सीट-सतना से चार बार के सांसद गणेश सिंह को भाजपा ने इस बार भी अपना प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस ने सतना से विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा को टिकट दिया है। नारायण त्रिपाठी को बसपा ने उतारा है। नौ निर्दलीय समेत कुल 14 प्रत्याशी इस सीट पर अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। विधानसभा चुनाव में गणेश सिंह को सिद्धार्थ कुशवाहा ने 4041 मतों से हराया था।

सतना, रीवा, खजुराहो, टीकमगढ़, दमोह और होशंगाबाद में आज होगा मतदान

रीवा लोकसभा सीट-रीवा लोकसभा सीट पर कांग्रेस और भाजपा ने ब्राह्मण चेहरों पर दांव खेला है। भाजपा ने मौजूदा सांसद जनार्दन मिश्र पर भरोसा जताया है। जनार्दन मिश्र का रीवा लोकसभा सीट पर 10 सालों से कब्जा है। कांग्रेस ने जनार्दन मिश्र के सामने नीलम अभय मिश्रा को प्रत्याशी बनाया है। नीलम मिश्रा ने 2013 में भाजपा की टिकट पर सेमरिया विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीता था। उनके पति अभय मिश्रा मौजूदा समय में सेमरिया से विधायक हैं। बसपा ने रीवा सीट पर अभिषेक पटेल को टिकट दिया है। सात निर्दलीय समेत कुल 14 प्रत्याशी यहां चुनाव मैदान में हैं।

खजुराहो लोकसभा सीट-खजुराहो में इस बार चुनाव दिलचस्प है। कांग्रेस से गठबंधन के तहत यह सीट समाजवादी पार्टी को मिली थी। मगर यहां से सपा प्रत्याशी मीरा यादव का नामांकन रद्द हो चुका है। इसके बाद ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लाक के आरबी प्रजापति को कांग्रेस और सपा समेत गठबंधन में शामिल पर्टियों ने साझा प्रत्याशी घोषित किया है। भाजपा से विष्णु दत्त शर्मा चुनावी मैदान में हैं। बसपा से कमलेश कुमार मैदान में हैं। यहां चार निर्दलीय समेत कुल 14 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं।

टीकमगढ़ लोकसभा सीट-टीकमगढ़ लोकसभा सीट पर दो निर्दलीय समेत कुल सात प्रत्याशी मैदान में हैं। ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

मोदी और राहुल को चुनाव आयोग का नोटिस

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा आचार संहिता उल्लंघनों का संज्ञान लिया है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने धर्म, जाति, समुदाय या भाषा के आधार पर नफरत और विभाजन पैदा करने का आरोप लगाया था।

चुनावी भाषण को लेकर 29 अप्रैल तक मांगा जवाब

ईसीआई ने 29 अप्रैल को सुबह 11 बजे तक जवाब मांगा है। चुनाव आयोग ने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 77 को लागू किया और स्टार प्रचारकों के व्यवहार के लिए पार्टी के अध्यक्षों को जिम्मेदारी लेनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राहुल गांधी के खिलाफ एमसीसी के आरोपों के उल्लघंन के लिए चुनाव आयोग ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से 29 अप्रैल को सुबह 11 बजे तक जवाब देने के लिए कहा है। कमीशन ने कहा कि- ऊंचे पदों पर बैठे लोगों के चुनावी भाषणों का असर ज्यादा गंभीर होता है।

पीएम मोदी के खिलाफ शिकायत- मोदी ने 21 अप्रैल को राजस्थान के बांसवाड़ा में कहा था कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो लोगों की संपत्ति को ज्यादा बच्चे वालों में बांट देगी। भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर अपनी रैलियों में भाषा और शब्दों के इस्तेमाल को लेकर इलेक्शन कमीशन में शिकायत दर्ज कराई थी।

हमारे घोषणा पत्र में विरासत कर का जिक्र नहीं: कांग्रेस

1985 में राजीव गांधी ने खत्म कर दिया था

नई दिल्ली। कांग्रेस ने घोषणा पत्र को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी को उनकी बौखलाहट करार देते हुए आज कहा कि- श्री मोदी सत्यमेव जयते नहीं बल्कि 'असत्यमेव जयते' पर विश्वास करते हैं और सिर्फ झूठ को ही प्रचारित करते हैं।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहले चरण का मतदान पूरा होने के बाद से श्री मोदी बौखला गए हैं और उन्हें निश्चित हो गया है कि उनकी हार हो रही है इसलिए वह उल्टे-सुल्टे बयान दे रहे हैं।

कांग्रेस के 'न्याय पत्र' में 'विरासत कर' का कोई जिक्र नहीं हैं। यह हमारा एजेंडा नहीं है। हकीकत ये है कि 1985 में राजीव गांधी जी ने विरासत कर को हटाया था।

पटना जंक्शन के पास होटल में लगी आग, 6 की मौत

18 गंभीर रूप से घायल, 30 से अधिक को बचाया

पटना, देशबन्धु। गुरुवार को पटना जंक्शन के पास स्थित पाल होटल में लगी आग में झुलस कर अबतक 6 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 15 से अधिक लोग झुलस गए हैं। आग में झुलसे लोगों को इलाज के लिए पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है, जिनमें से कुछ की हालत नाजुक बनी हुई है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि मृतकों को आंकड़ा अभी और भी बढ़ सकता है। फिलहाल तीन दर्जन से अधिक लोगों का रेस्क्यू किया जा चुका है।

दरअसल, गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे पटना जंक्शन के पास स्थित पाल होटल में गैस सिलेंडर में आग लगने के बाद चीख पुकार मच गई। देखते ही देखते आग पूरी बिल्डिंग में फैल गई और दर्जनों लोग उसमें फंस गए। गर्म पछुआ हवा के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और बिल्डिंग के नीचे खड़ी कई गाड़ियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी दिए जाने के बाद मौके पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। पटना के सिटी एसपी सेंट्रल चंद्रप्रकाश ने 6 लोगों की मौत की जानकारी दी है।

हिंदुस्तान में करोड़ों लखपति बनाएगी कांग्रेस : राहुल

नई दिल्ली, (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में रेडियो टीवी के माध्यम से सिर्फ झूठ की वाणी ही प्रसारित तथा प्रचारित होती रही और विकास की गाड़ी का पहिया ठप पड़ गया है। श्री गांधी ने कहा 'टीवी-रेडियो हर जगह, गूंजती रही 'झूठ की वाणी', थम गए तरक्की के पहिए, ठप पड़ गई 'विकास की गाड़ी'। परिवर्तन की आहट सुनिए, कांग्रेस को चुनिए।' उन्होंने आगे कहा 'फर्क साफ है-कांग्रेस हिंदुस्तान में करोड़ों लखपति बनाएगी और मोदी जी जानते हैं कि इलेक्शन उनके हाथ से निकल गया है।'

-मोदी राज में देश की संपत्ति अरबपतियों की जेब में गई

उन्होंने कांग्रेस की सरकार आने पर जनता को मिलने वाली गारंटी का जिक्र करते हुए कहा 'कांग्रेस की गारंटी, हिंदुस्तानियों की सरकार। महिलाओं को 8,500 रुपए माह, युवाओं को एक लाख रुपए साल की नौकरी,30 लाख रिक्तियों पर भर्ती, किसानों को कानूनी एमएसपी जैसे अधिकार दिलाएंगे।'

कांग्रेस के शहजादे को अपमान करने में मजा आता है : मोदी

-मुरैना की आमसभा में मोदी का राहुल पर हमला

मुरैना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को मध्य प्रदेश के मुरैना में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला किया। मोदी ने कहा, कांग्रेस के शहजादे को मोदी का अपमान करने में मजा आता है।

नरेंद्र मोदी ने सभा में कहा- आपने सुना होगा कांग्रेस के शहजादे को आएदिन मोदी का अपमान करने में मजा आता है। मोदी के लिए भला बुरा कहने में उनको मजा आ रहा है। वो कुछ भी बोलते जा रहे हैं। मैं देख रहा हूं सोशल मीडिया में, टीवी में, बहुत सारे लोग चिंता जताते हैं कि ये भाषा अच्छी नहीं है। ऐसी भाषा देश के प्रधानमंत्री के लिए बोलना ठीक नहीं है।

आपको पता है वे नामदार हैं। हम तो कामदार हैं। नामदार तो कामदार को सदियों से ऐसे ही गाली-गलौज करते आए हुए हैं। ऐसे ही ठोकर मारते हुए आए हैं। आपलोग नाराजगी व्यक्त मत कीजिए। वो इतने निराश हैं कि अभी आगे तो और बहुत कुछ बोलेंगे।

तीन उम्मीदवारों की एक और सूची घोषित की

लखनऊ, (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने गुरुवार को तीन उम्मीदवारों की एक और सूची घोषित की। कांग्रेस के गढ़ कहे जाने वाले रायबरेली में पार्टी ने ठाकुर प्रसाद यादव को उम्मीदवार बनाया है। बसना ने 2019 में अंबेडकर नगर में अपनी काबिज सीट पर कमर हयात अंसारी को मौका दिया है। उनका मुकाबला सपा के लालजी वर्मा और भाजपा के रितेश पांडेय से होगा। रितेश 2019 में बसपा से सांसद बने थे। अभी हाल में वह भाजपा में शामिल हुए हैं। बहराइच सुरक्षित सीट से बृजेश कुमार सोनकर को बसपा ने मैदान में उतारा है।

अखिलेश यादव ने कन्नौज से भरा पर्चा

कहा- मोदी और योगी का मंगलसूत्र से क्या लेना-देना

कन्नौज, (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कन्नौज सीट ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया। कन्नौज के मौजूदा भाजपा सांसद सुब्रत पाठक हैं। वह इस बार भी मैदान में हैं और नामांकन कर चुके हैं।

अखिलेश यादव का मुकाबला उन्हीं से है। दो दिन पहले सोमवार को सपा प्रत्याशी के रूप में तेज प्रताप का नाम घोषित करने के बाद स्थानीय नेताओं में निराशा और नाराजगी दिखने लगी थी। कार्यकर्ताओं की मांग पर बुधवार दोपहर संकेत देने के बाद शाम को अखिलेश यादव का नाम घोषित कर दिया गया। उधर मंगलसूत्र विवाद की कड़ी में अब अखिलेश यादव का भी बयान आया है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधा है। अखिलेश यादव ने कहा कि ये मंगलसूत्र की बात करते हैं, इनको क्या लेना देना है मंगलसूत्र से। योगी जी को मोदी जी को क्या लेना देना है मंगलसूत्र से?

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ। पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

परीक्षा | जेईई मेन्स का रिजल्ट जारी

56 प्रतियोगियों ने शत-प्रतिशत अंक हासिल किये

नई दिल्ली। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने बुधवार देर रात इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन के सेशन-2 का रिजल्ट जारी कर दिया। इसमें रिकॉर्ड 56 कैंडिडेट्स ने 100 शत-प्रतिशत अंक हासिल किये जिनमें दो महिला प्रतियोगी भी शामिल हैं। सफल उम्मीदवार अपना रिजल्ट जेईई मेन्स की आधिकारिक वेबसाइट पर चेक कर सकते हैं।

ऐसा रहा जेईई मेन्स का रिजल्ट-एनटीए की ओर से जारी रिजल्ट के मुताबिक, जेईई मेन्स के सेशन-2 रिजल्ट में इस बार पिछले पांच साल का रिकॉर्ड टूट गया है। सेशन-2 के नतीजों में रिकॉर्ड 56 कैंडिडेट्स को 100 पर्सेंटाइल मिले हैं। जेईई मेन्स के जनवरी सेशन में 23 कैंडिडेट्स ने 100 पर्सेंटाइल हासिल किए थे, जबकि अप्रैल सेशन में 33 कैंडिडेट्स ने यह उपलब्धि हासिल की। 100 पर्सेंटाइल हासिल करने वाले कैंडिडेट्स में 15 तेलंगाना से, सात-सात आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र से, जबकि छह कैंडिडेट्स दिल्ली से

हैं। जेईई मेन्स 2024 सेशन 2 की परीक्षाएं 4, 5, 6, 8, 9 और 12 अप्रैल 2024 को आयोजित की गई थीं। इस दौरान देशभर के 319 शहरों और देश के बाहर 22 शहरों में एग्जाम हुए, जिनकी आंसर की 12 अप्रैल को जारी की गई। आंसर की पर आपत्ति दर्ज कराने की आखिरी तारीख 14 अप्रैल 2024 थी। इसके लिए 24 लाख से ज्यादा कैंडिडेट्स ने रजिस्ट्रेशन किया था, जिनमें करीब 12.57 लाख कैंडिडेट्स ने एग्जाम दिया। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से जेईई मेन परीक्षा का आयोजन 13 भाषाओं में किया गया। इनमें असमिया, बंगाली, अंग्रेजी, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, मलयालम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और उर्दू शामिल हैं।

इन कैंडिडेट्स ने हासिल किए 100 पर्सेंटाइल- गजारे नीलकृष्ण निर्मलकुमार (महाराष्ट्र), दक्षेश संजय मिश्रा (महाराष्ट्र), आरव भट्ट (हरियाणा), आदित्य कुमार (राजस्थान), हुंडेकर विदित (तेलंगाना), मुथावरपु अनूप (तेलंगाना), वेंकट साई तेजा मदिनेनी (तेलंगाना), चिंटू सतीश कुमार (आंध्र प्रदेश), रेड्डी अनिल (तेलंगाना), आर्यन प्रकाश (महाराष्ट्र), मुकुंठ प्रतीश एस (तमिलनाडु), रोहन साई पब्बा (तेलंगाना), श्रीयश मोहन कल्लूरी (तेलंगाना), केसम चन्ना बसव रेड्डी (तेलंगाना), मुरीकिनाती साई दिव्य तेजा रेड्डी (तेलंगाना), मुहम्मद सुफियान (महाराष्ट्र), ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

देश-विदेश

विदेशों में फंसे भारतीयों की वापसी शीघ्र होगी : जायसवाल

नई दिल्ली। रूसी सेना में फंसे 10 भारतीय नागरिक स्वदेश लौट चुके हैं और बाकी लोगों की रिहाई के लिए भी रूस सरकार ने सहयोग का आश्वासन दिया है। इसी प्रकार से ईरान द्वारा बंधक बनाए गए वाणिज्यिक पोत पर तैनात चालक दल के सदस्यों में भारतीय सदस्यों की भी जल्द ही स्वदेश वापसी होने की संभावना है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज यहां नियमित ब्रीफिंग में यह जानकारी दी।

अरुणाचल प्रदेश में बारिश और लैंडस्लाइड से भारी तबाही, चीनी सीमा को जोड़ने वाला हाईवे बह गया

दिबांग। अरुणाचल प्रदेश में भूस्खलन हुआ है। तूफान और बारिश की वजह से से राज्य का दिबांग वैली जिला पूरी तरह से अलग-थलग पड़ गया है। इसमें नेशनल हाइवे 33 का हिस्सा बह गया है। यह जिला शेष भारत को इस हाईवे के माध्यम से जोड़ता था। ऐसे में अब चीन सीमा से सटे जिले को लेकर चिंता बढ़ रही है।

दिबांग घाटी चीन से सटा हुआ इलाका है और रणनीतिक रूप से भी काफी महत्व रखता है। अथॉरिटीज का कहना है कि हाईवे के टूट जाने की वजह से काफी नुकसान हुआ है और इससे आवाजाही पूरी तरह से बंद हो गई है। फिलहाल नेशनल हाईवेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलेपमें कॉरपोरेशन लिमिटेड ने टीम को भेजा है ताकि हाईवे जल्द से जल्द दोबारा शुरू हो सके।

अधिकारियों ने मौके पर सभी जरूरी चीजें भेजी गई हैं। मौके पर खाने के सामान समेत तमाम चीजों की आपूर्ति हो रही है और किसी भी चीज को कोई कमी नहीं है। दरअसल हाईवे का कट जाना इसलिए भी चिंता का सबब बना हुआ क्योंकि यह जिले के लोगों और भारतीय सेना के लिए लाइफलाइन से कम नहीं है। चीन से लगते बार्डर तक पहुंचने के लिए सेना इसी रास्ते का इस्तेमाल करती है। चीन और भारत के बीच अरुणाचल प्रदेश को लेकर कूटनीतिक तनाव बना हुआ है। बीजिंग ने हाल ही में राज्य के कई जिलों का नाम बदला था। हालांकि, भारत ने उसके नाम बदलने वाले बयान को सिरे से खारिज कर दिया था।

राज्य सरकार ने हाईवे को नुकसान होने के बाद एक एडवाइजरी जारी की है और लोगों से तीन दिन तक यहां से ना गुजरने की सलाह दी है। अथॉरिटीज का कहना है कि हाईवे को सही करने में कुछ दिन का समय लग सकता है। वहीं, अरुणाचल प्रदेश के सीएम पेमा खांडू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो शेयर कर लिखा कि हुनली और अनिनी के बीच हाईवे को हुए नुकसान की वजह से यात्रियों को होने वाली असुविधा के बारे में जानकर परेशान हूं। जल्द से जल्द कनेक्टिविटी बहाल करने के निर्देश जारी किए गए हैं क्योंकि यह सड़क दिबांग घाटी को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ती है। सीएम ने प्राकृतिक आपदा पर नजर बनाए रखने के लिए पीएमओ को भी टैग किया है।

आर्थिक संकट से उबारने के लिए कारोबारियों ने पीएम शहबाज से की खास मांग -

भारत से वार्ता करे पाक सरकार

इस्लामाबाद। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ बैठक के दौरान पाकिस्तान कारोबारी नेताओं ने व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने के लिए भारत के साथ व्यापार वार्ता शुरू करने का आग्रह किया। नेताओं ने कहा कि इस कदम से नकदी संकट से जूझ रहे देश की अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। कराची के व्यापारिक समुदाय ने आर्थिक मुद्दों से निपटने के लिए प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प की सराहना की, लेकिन उन्हें अर्थव्यवस्था का कायापलट करने के लिए राजनीतिक स्थिरता लाने पर ध्यान केंद्रित करने की भी सलाह दी।

प्रधानमंत्री अर्थव्यवस्था में सुधार के तरीके खोजने के लिए व्यापारिक समुदाय के साथ बैठक कर रहे थे। उद्यमी आरिफ हबीब ने कहा कि कार्यभार संभालने के बाद आपने कुछ हाथ मिलाए हैं, जिनके अच्छे परिणाम सामने हैं। आइएमएफ सौदे पर प्रगति उनमें से एक है। मेरा सुझाव है कि आप कुछ और हाथ मिलाएं।

उनमें से एक भारत के साथ व्यापार को लेकर है, जिससे हमारी अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। दूसरा आपको अदियाला जेल में बंद पीटीआइ नेता इमरान खान के साथ भी संबंध सुधारने का प्रयास करना चाहिए। उस स्तर पर भी चीजों को ठीक करने का प्रयास करें। मुझे विश्वास है कि आप यह कर सकते हैं।

सीजेआई ने डिजिटलीकरण को दिया बढ़ावा

अब व्हाट्सएप पर मिलेगी सुप्रीम कोर्ट की 'वाद-सूची'

नई दिल्ली, (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध मामलों समेत कई अन्य जरूरी जानकारियां अब 'व्हाट्सएप' पर भी उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को इस बारे घोषणा करते हुए कहा, इस छोटी सी पहल का बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा, 75वें वर्ष में सर्वोच्च न्यायालय ने न्याय तक पहुंच को आसान करने के लिए एक और पहल शुरू की है। इससे देश के दूरदराज के इलाकों के लोग भी नागरिक मुद्दों से जुड़े मामलों की जानकारियां आसान तरीके उपलब्ध हो सकती हैं। उन्होने कहा कि हम अपनी सभी सेवाओं को 'मेघराज क्लाउड 2.0' में स्थानांतरित कर रहे हैं। अब सभी अदालतें ऑनलाइन हो सकती हैं।'

लोगों को आसानी से मिल सकेगी जानकारियां

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी जरूरी जानकारियां 'व्हाट्सएप' के जरिए उपलब्ध कराने की शीर्ष अदालत की इस कोशिश को एक और क्रांतिकारी पहल बताया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने पिछले वर्ष आशाजनक सुधारों की एक सतत धारा देखी है। शीर्ष अदालत की अपनी आईटी सेवाओं के साथ 'व्हाट्सएप' को जोड़ने से संबंधित अधिवक्ताओं को मामले दायर करने, वाद सूची और अन्य जानकारियों के बारे में स्वचालित संदेश प्राप्त हो सकेंगे।

आपत्तियों के बारे में भी तुरंत जानकारी मिलेगी-इस सेवा के शुरू होने से 'बार' के सभी सदस्यों (अधिवक्ताओं) और रजिस्ट्री अधिकारियों को रजिस्ट्री द्वारा प्रकाशित होने पर वाद-सूची उसी क्षण प्राप्त कर हो सकेंगी। मामलों के सफल रूप से दाखिल होने पर व्हाट्सएप के माध्यम से स्वचालित संदेश प्राप्त होंगे। दायर मामलों में रजिस्ट्री द्वारा चिह्नित की गई आपत्तियों के बारे में भी जानकारी मिलेगी। शीर्ष अदालत के एक अधिकारी ने कहा, 'यह सुविधा मुख्य न्यायाधीश डॉ. डी वाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व में एक और डिजिटल पहल है। यह कागज बचाने और हमारे पृथ्वी के संरक्षण में काफी मदद करेगी।'

संदेशखाली मामला : सीबीआई ने पांच लोगों के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के साथ हुए यौन उत्पीड़न मामले में सीबीआई अब एक्शन मोड में आ गई है। कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई ने जमीन कब्जा और महिला उत्पीड़न से जुड़े अपराधों से संबंधित मामलों की चल रही जांच के संबंध में पांच लोगों और अज्ञात अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने हस्तक्षेप करते हुए सीबीआई को संदेशखाली क्षेत्र में कई कथित अपराधों की जांच अपने हाथ में लेने का निर्देश दिया था। कथित तौर पर इन अपराधों में अवैध भूमि अधिग्रहण और महिलाओं के खिलाफ हिंसा और यौन उत्पीड़न के मामले शामिल हैं।

विदेश मंत्रालय ने कहा-

मानवाधिकार उल्लंघन : मणिपुर पर अमेरिकी रिपोर्ट पूर्वाग्रही

नई दिल्ली। भारत में मानवाधिकार उल्लंघन के कथित मामलों को लेकर अमेरिकी रिपोर्ट पूर्वाग्रह से ग्रसित है। विदेश मंत्रालय ने रिपोर्ट को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह रिपोर्ट भारत की सही तस्वीर पेश नहीं करती और वास्तविकता से कोसों दूर है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को कहा कि भारत ऐसी रिपोर्ट को महत्व नहीं देता, जिसमें भारत की सटीक तस्वीर पेश नहीं की गई हो। उन्होंने कहा कि सरकार की नजर में इसका कोई महत्व नहीं है। उन्होंने मीडिया से भी इस रिपोर्ट को महत्व न देने का आग्रह किया। अमेरिकी रिपोर्ट में मणिपुर में मई, 2023 में हुए जातीय संघर्ष के बाद मणिपुर में कथित मानवाधिकारों के हनन की घटनाओं का जिक्र किया गया है। इससे जुड़े एक सवाल पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जायसवाल ने कहा, यह रिपोर्ट बेहद पक्षपातपूर्ण है और भारत के बारे में खराब समझ को दिखाती है। गौरतलब है कि भारतीय समयानुसार सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात जारी एक रिपोर्ट में भारत के प्रति अपने पूर्वाग्रह वाले रवैये को जारी रखते हुए अमेरिकी विदेश विभाग ने अपनी सालाना मानवाधिकार रिपोर्ट जारी की।

दिल्ली के उपराज्यपाल के खिलाफ ईसी में शिकायत

केरल के विपक्षी नेता ने लगाया आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप

तिरुवनंतपुरम। केरल के विपक्ष के नेता वीडी सतीसन ने गुरुवार को चुनाव आयोग को पत्र लिखकर दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के खिलाफ कार्रवाई का अनुरोध किया है। सतीसन ने आरोप लगाया कि मौजूदा लोकसभा चुनावों में भाजपा के पक्ष में रुख बनाने के लिए दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना दक्षिणी राज्य के विभिन्न चर्चों के प्रमुखों से मुलाकात कर रहे हैं।

सतीसन ने दिल्ली के उपराज्यपाल पर आदर्श आचार संहिता के घोर उल्लंघन का आरोप लगाया। उन्होंने चुनाव आयोग को लिखे पत्र में कहा- मैं आपका ध्यान इस ओर आकर्षित करता हूं कि दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने केरल के विभिन्न चर्च प्रमुखों के पास जाकर उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने के लिए आदर्श आचार संहिता के घोर उल्लंघन किया है। सतीसन ने पत्र में आगे कहा कि पता चला है कि दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने साइरो मालाबार चर्च, जेकोबाइट सीरियन ऑर्थोडॉक्स चर्च, मलंकारा आर्थोडॉक्स सीरियन चर्च और अन्य के प्रमुखों से मिलने का अनुरोध किया था। बकौल रिपोर्ट, सतीसन ने कहा कि कुछ चर्च के प्रमुखों ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मिलने से इनकार कर दिया है। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना दो दिवसीय केरल यात्रा पर हैं। सतीसन ने कहा कि राज्यपाल राज्य के संवैधानिक प्रमुख हैं और उन्हें किसी भी राजनीतिक गतिविधि में शामिल होने से प्रतिबंधित किया गया है।

राजस्थान के बाड़मेर में भारतीय वायुसेना का विमान क्रैश

जयपुर। भारतीय वायु सेना का एक जासूसी विमान गुरुवार सुबह राजस्थान के जैसलमेर जिले के एक गांव में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे की जानकारी मिलने के बाद जिला प्रशासन के साथ वायु सेना के अधिकारी जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर रोजानियों की ढाणी जजिया गांव में पहुंच गए। फिलहाल फायर ब्रिगेड की टीम ने टोही विमान में मलबे में लगी आग पर काबू पा लिया है। हालांकि, अभी तक इस हादसे में किसी भी प्रकार की जनहानि की जानकारी सामने नहीं आई है।

वायु सेवा के टोही विमान में कोई पायलट मौजूद नहीं होते हैं और इसे रिमोट के द्वारा ऑपरेट किया जाता है। सीमावर्ती इलाके में जासूसी गतिविधियों के ऊपर निगरानी रखने के लिए इस विमान को काम में लाया जाता है। जैसलमेर के पिथला गांव के पास तेज धमाके के साथ में यह प्लेन क्रैश हुआ है। तेज धमाका सुनकर आसपास के लोग प्लेन क्रैश वाली जगह पर पहुंचे। प्लेन क्रैश होने के बाद किसी के भी हताहत होने की जानकारी सामने नहीं आई है। आईएफ ने बयान जारी कर कहा कि हादसे के कारण का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का गठन किया गया है।

1993 से लेकर अब तक के बड़े विमान हादसे-अप्रैल 1993 में इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट 491 दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। ये प्लेन उड़ान भरते समय रनवे के आखिर में खड़े ट्रक से टकरा गया था।साल 1996 में भारत ने एयरलाइंस के इतिहास का सबसे बड़ा हादसा देखा था।

लू की मार से मिलेगी राहत

नई दिल्ली। देश के कई हिस्सों में जारी भीषण गर्मी और लू के बीच मौसम विभाग ने एक राहत भरी खबर दी है। ढ्ढरूष्ठ के मुताबिक, देश के कई हिस्सों में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। मौसम विभाग ने बताया कि उत्तर-पश्चिम भारत में 26 से 28 अप्रैल के दौरान चमक और गरज के साथ बारिश होने की संभावना है।

पूर्वोत्तर भारत में कब होगी बारिश?- वहीं, पूर्वोत्तर भारत में जारी गर्मी से भी लोगों को राहत मिलने वाली है। विभाग ने बताया कि 27 और 28 अप्रैल को पूर्वोत्तर भारत के अलग-अलग स्थानों पर तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हो सकती है। इस दौरान चमक और गरज के साथ तेज हवाएं भी चलने की संभावना है। मौसम विभाग के ताजा अनुमान के मुताबिक, पूर्वी और दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत में अगले कुछ दिनों तक भीषण लू चलने की संभावना है।

इन राज्यों में बदलेगा मौसम का मिजाज-मौसम विभाग ने बताया कि जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, पंजाब और हरियाणा में 26 और 27 अप्रैल को कई स्थानों पर ओलावृष्टि, आंधी और बिजली गिरने की संभावना है। वहीं, हिमाचल प्रदेश में 27 अप्रैल को तेज आंधी के साथ कई जगहों पर बारिश हो सकती है।

इन राज्यों में रहेगी भीषण लू की स्थिति-ढ्ढरूष्ठ ने अपने ताजा अपडेट में बताया कि पश्चिम बंगाल में कई जगहों पर और ओडिशा के कुछ स्थानों में लू से लेकर भीषण लू की स्थिति रह सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक, पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, कोंकण और गोवा, तटीय आंध्र प्रदेश और यनम, रायलसीमा, तेलंगाना और आंतरिक कर्नाटक में 25 अप्रैल से लेकर 29 अप्रैल तक लू की स्थिति रहने की संभावना है।

उत्तर पश्चिम और पूर्वोत्तर भारत में बारिश की संभावना-मौसम विभाग ने कहा कि उत्तर पश्चिम भारत और पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों में 26 से लेकर 28 अप्रैल तक तेज हवाओं के साथ तेज हवाओं के साथ बारिश का एक ताजा दौर शुरू होने की संभावना है। ढ्ढरूष्ठ ने कहा कि इस दौरान कई जगहों पर चमक और गरज के साथ ओले भी पड़ सकते हैं।

प्रथम पृष्ठ का शेष

मध्यप्रदेश की छह सीटों.....

भाजपा ने डॉ. वीरेंद्र कुमार को टिकट दिया है। उनके सामने कांग्रेस से खुमान उर्फ पंकज अहिरवार उतरे हैं। बहुजन समाज पार्टी ने अहिरवार दल्लूराम को पर भरोसा जताया है। भाजपा प्रत्याशी वीरेंद्र कुमार लगातार सात बार से सांसद हैं। खास बात यह है कि टीकमगढ़ सीट से लगातार तीन बार जीत चुके हैं और अब चौथी बार इसी सीट से चुनाव मैदान में हैं।

दमोह लोकसभा सीट-दमोह से भाजपा ने पूर्व विधायक राहुल सिंह लोधी को टिकट दिया है। कांग्रेस ने यहां तरबर सिंह लोधी को उतारा है। बसपा की टिकट पर इंजीनियर गोवर्धन राज अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इस सीट पर आठ निर्दलीय समेत कुल 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

होशंगाबाद लोकसभा सीट-होशंगाबाद लोकसभा सीट पर भाजपा ने दर्शन सिंह चौधरी को प्रत्याशी बनाया है। दर्शन सिंह के सामने कांग्रेस के संजय शर्मा उर्फ संजू भैया हैं। बसपा ने रामगोविंद बारुआ को उतारा है। इस सीट पर सात निर्दलीय समेत कुल 12 प्रत्याशी मैदान में हैं।

56 प्रतियोगियों ने शत-प्रतिशत.....

शेख सूरज (आंध्र प्रदेश), माकिनेनी जिष्णु साई (आंध्र प्रदेश), ऋषि शेखर शुक्ल (तेलंगाना), थोटामसेट्टी निकिलेश (आंध्र प्रदेश), अन्नारेड्डी वेंकट तनीष रेड्डी (आंध्र प्रदेश), हिमांशु थालोर (राजस्थान), थोटा साई कार्तिक (आंध्र प्रदेश), तव्वा दिनेश रेड्डी (तेलंगाना), रचित अग्रवाल (पंजाब), वेदांत सैनी (चंडीगढ़), अक्षत चपलोत (राजस्थान), पारेख विक्रमभाई (गुजरात), शिवांश नायर (हरियाणा), प्रियांश प्रांजल (झारखंड), प्रणवानन्द सजी, हिमांशु यादव (उत्तर प्रदेश), प्रथम कुमार (बिहार), सानवी जैन (कर्नाटक), गंगा श्रेयस (तेलंगाना), मुरासानी साई यशवन्त रेड्डी (आंध्र प्रदेश), शायना सिन्हा (दिल्ली), माधव बंसल (दिल्ली), पॉलिसेट्टी रितेश बालाजी (तेलंगाना), विशारद श्रीवास्तव (महाराष्ट्र), साइनावनीत मुकुंद (कर्नाटक), तान्या झा (दिल्ली), थमतम जयदेव रेड्डी (तेलंगाना), कनानी हर्षल भरतभाई (गुजरात), यशनील रावत (राजस्थान), ईशान गुप्ता (राजस्थान), अमोघ अग्रवाल (कर्नाटक), इप्सित मित्तल (दिल्ली), मावुरु जसविथ (तेलंगाना),भावेश रामकृष्णन कार्तिक (दिल्ली), पाटिल प्रणव प्रमोद (महाराष्ट्र), डोरिसाला श्रीनिवास रेड्डी (तेलंगाना), अर्चित राहुल पाटिल (महाराष्ट्र), अर्श गुप्ता (दिल्ली), श्रीराम (तमिलनाडु), आदेशवीर सिंह (पंजाब)।

नाम संशोधन सूचना

शपथकर्ता मो. मुस्तकीम कुरेशी उम्र 69 वर्ष पिता नन्हू कुरैशी निवासी बजरिया वार्ड नं 1 ने शपथ पूर्वक कथन किया है कि मेरे पासपोर्ट क्रमांक P4295602 में मेरा नाम कुरेशी मोहम्मद मुस्तकीम QURASHI MOHAMMAD MUSTAKIM दर्ज है जो गलत है। अतः मेरे अन्य दस्तावेज आधार कार्ड के अनुसार मेरा सही नाम मोहम्मद मुस्तकीम कुरेशी MOHAMMAD MUSTAKEEM QURASHI दर्ज हो। साथ ही अन्य सभी दस्तावेजों में भी उपरोक्तानुसार नाम दर्ज हो व इसी नाम से ही मुझे लिखा, पढ़ा जाये।

नाम संशोधन सूचना

शपथकर्ता नाजनीन कुरेशी उम्र 59 वर्ष पति मोहम्मद मुस्तकीम कुरेशी निवासी बजरिया वार्ड नं 1 दमोह ने शपथ पूर्वक कथन किया है कि मेरे पासपोर्ट क्रमांक T5797399 में मेरा नाम खान कु. नाजनीन NAZNEEN KHAN दर्ज है जो गलत है। अतः मेरे अन्य दस्तावेज आधार कार्ड के अनुसार मेरा सही नाम नाजनीन कुरेशी NAZNEEN QURASHI पति MOHAMMAD MUSTAKEEM QURASHI दर्ज किया जावे। साथ ही अन्य सभी दस्तावेजों में भी उपरोक्तानुसार नाम दर्ज हो व इसी नाम से ही मुझे लिखा, पढ़ा जाये।

नाम संशोधन सूचना

शपथकर्ता आकिब कुरेशी उम्र 29 वर्ष पिता मोहम्मद मुस्तकीम कुरेशी निवासी बजरिया वार्ड नं 1 दमोह ने शपथ पूर्वक कथन किया है कि मेरे पासपोर्ट क्रमांक T5796998 में मेरा नाम खान आकिब KHAN AQUIB दर्ज है जो गलत है। अतः मेरे अन्य दस्तावेज आधार कार्ड के अनुसार मेरा सही नाम आकिब कुरेशी AQUIB QURASHI पिता MOHAMMAD MUSTAKEEM QURASHI दर्ज किया जावे। साथ ही अन्य सभी दस्तावेजों में भी उपरोक्तानुसार नाम दर्ज हो व इसी नाम से ही मुझे लिखा, पढ़ा जाये।

In The Court of XVI, Civil Judge Class-I, District Court Jabalpur
Presiding Officer : मृणाल मोहित
आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC /0000045/2024)
श्री संत सिंह चौहान.....आवेदक
Vs
अरविंद सिंह चौहान...अनावेदक
Process Id- /2024
पेशी दि.:-06/05/2024
प्रेषिती-
(1) आम जनता पता - जबलपुर म.प्र.
(2) आम जनता
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संत सिंह चौहान पता ग्राम मिडकी थाना कटंगी, तहसील पाटन जिला- जबलपुर (म.प्र.) ने मृतक सरदार सिंह चौहान निवासी- HIGB-2 सुभाष नगर जबलपुर (मध्यप्रदेश) की बैंक आफ बड़ौदा शाखा आनंद नगर आधारताल जबलपुर (म.प्र.) से गहने और अन्य संपत्तियां प्राप्ति हेतु राशि/ संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 06 मई 2024 को नियत है।
यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 06 मई 2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें।सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।
यह आज तारीख 18 अप्रैल 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी - उपस्थिति एवं प्रकाशन नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 234 इंडियन सक्सेशन एक्ट की छायाप्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें-
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
(मृणाल मोहित)
सोलहवें सिविल न्यायाधीश (वरिष्ठ खण्ड)
र.नं. 144 जबलपुर (म.प्र.)

In The Court Of VIII Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur
Presiding Officer: अंकिता शाही
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000049/2024)
श्रीमती पायल महाजन.....आवेदक
Vs
आम जनता..... अनावेदक
Process Id-/2024
पेशी दिनांक - 01/06/2024
प्रेषिती
(1) आम जनता पता- जबलपुर मप्र
(2) आम जनता
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती पायल महाजन पता निवासी अनगढ़ महावीर मंदिर के सामने गोरखपुर जिला, जबलपु ने मृतक श्रीमात संतोष बाई महाजन निवासी नया मोहल्ला कुदरत मेडिकल वालों के घर JBP की Indian Bank (Allahabad bank शारवा फुव्वारा चौक, जिला JBP MP में जमा राशि संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायलिय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 01 June 2024 को नियत है।
यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 01 June 2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।
यह आज तारीख 12 अप्रैल 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी प्रकाशने नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु की छायाप्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें-
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
(अंकिता शाही)
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
र.नं. 145 जबलपुर (म.प्र.)

आम सूचना

मैं अपनी पक्षकार कम्पनी की ओर से पूर्ण रूप से अधिकृत होकर आम जनता को यह सूचित करता हूं कि मेरी पक्षकार कम्पनी द्वारा श्रीमति नम्रता मिश्रा पत्नि मनोज मिश्रा को अचल संपत्ति जो कि मौजा पुरवा, नं.बं. 162 प.ह.नं. 28/33/7 रा.नि.मं. जबलपुर ख.नं. 662/19/क, नामांतरण पश्चात खसरा क्रमांक 662/19/26 प्लाट नम्बर 31, प्लाट क्षेत्रफल 684 व.फु. तहसील व जिला जबलपुर स्थित अचल संपत्ति को क्रय करने के हेतु ऋण सुविधा देना प्रस्तावित है। संपत्ति के वर्तमान मालिक चंदन सिंह रघुवंशी हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 20/06/2017 क्रमांक एमपी 182552017ए 1335807 के माध्यम से उक्त वर्णित सम्पत्ति श्रीमति प्रिया मंगलानी से क्रय की थी। श्रीमति प्रिया मंगलानी ने उक्त वर्णित सम्पत्ति रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 14/03/2016 क्रमांक एमपी 182552016ए 1143966 के माध्यम से उक्त वर्णित सम्पत्ति राजेश शिवहरे से क्रय की थी। यह कि उक्त मूल लिंक विक्रय पत्र दिनांक 14/03/2016 जो श्रीमति प्रिया मंगलानी के नाम पर है कहीं गुम हो चुका है जिसकी विधिवत सूचना संबंधित थाने में जा चुकी है। अतः इस आम सूचना के माध्यम से सभी व्यक्ति एवं संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि जो कोई भी उक्त गुम हुई मूल लिंक विक्रय पत्र दिनांक 14/03/2016 से हितबद्ध है, इस सूचना पत्र में वर्णित सम्पत्ति में अपना हित रखता हो तथा जिसे सम्पत्ति के क्रय विक्रय से आपत्ति है, सम्पत्ति को बंधक रखकर ऋण सुविधा देने में आपत्ति है तो आज दिनांक से 14 दिवस के अन्दर मुझे मय दस्तावेजों के साथ लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सूचित करें अन्यथा 14 दिवस बीतने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा सम्पत्ति को क्रय करने हेतु ऋण सुविधा प्रदानकर दी जावेगी।
जबलपुरी, दिनांक 24/04/2024
हर्षित पटेल, अधिवक्ता
म.प्र. उच्च न्यायालय, जबलपुर
कार्या.-निवास- 1790, जे.ई.एस. स्कूल के पास, व्ही.एफ.जे रोड न्यू शोभापुर कॉलोनी तहसील व जिला जबलपुर (म.प्र.)
मोबा. 9893333246
र.नं. 145

न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर
रा.प्र.क्रं.1389/अ-6/2023-24
इश्तहार
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीतेश परमार स्व. प्रयाग परमार निवासी 50 व्यवसाह डी-6 हाथीताल द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक.... के माध्यम से मौजा हाथीताल नं.बं. 753 प.ह.नं. 24/2 ख.नं. 18 प्लाट नं. 24 रकवा 465 वर्गफुट विक्रेता म.प्र. शासन से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र वसीयतनामा/ बटवारा नामा/हस्तान्तरण पत्र/हकत्याग पत्र/ दान पत्र एवं नक्शा बटांक की छायाप्रति संलग्न पर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।
अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/सस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 06.5.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 23.4.24 को जारी।
जारी दिनांक- 23.4.24
पेशी दिनांक- 06.5.24
नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी
र.नं. 143 गोरखपुर, जबलपुर म.प्र.

कार्यालय नगर पालिका परिषद सिहोरा जिला जबलपुर (म.प्र.)
क्र./07/राज. शा/ सिहोरा, दिनांक 22.04.2024
इश्तहार सूचना-पत्र
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुरेन्द्र साहू पिता मूलचंद साहू निकाय की वार्ड 03 में स्थित मकान/भूमि प्लाट, खसरा नं. 23/6/1 रकवा 1226.58 वर्गफुट श्री प्रशांत कुमार जैन पिता प्रदीप कुमार जैन से पंजीकृत बैनामा के आधार पर क्रय भूमि को अपना नाम नगर पालिका रिकार्ड में दर्ज करवाने हेतु नामांतरण किया जाना है। जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन दिनांक की तिथि से 15 दिवस के अंदर कार्यालय में सहप्रमाण सहित आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
राजस्व निरीक्षक
नगर पालिका सिहोरा

निविदा/ नियुक्ति/ जाहिरात

नाम सुधार सूचना
मैं श्रीमती परमजीत कौर बिन्द्रा पति श्री परविंदरजीत सिंह बिन्द्रा, निवासी- म.नं. 311 रिलाइंस टॉवर के बगल में मदन महल, गुप्तेश्वर वार्ड, जबलपुर (म.प्र.) शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूं कि:
1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करती हूं।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड बैंक पास बुक एवं अन्य समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम परमजीत कौर बिन्द्रा (PARAMJIT KAUR BINDRA) दर्ज है।
3. यह कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम- PARAMJIT KAUR) दर्ज है।
4. यह कि परमजीत कौर बिन्द्रा (PARAMJIT KAUR BINDRA) एवं PARAMJIT KAUR दोनों ही नाम मेरे अर्थात एक ही महिला के हैं।
5. यह कि परमजीत कौर बिन्द्रा (PARAMJIT KAUR BINDRA) के नाम से जानी व पहचानी जाती हूं
दिनांक 25.04.2024
शपथकर्ती
परमजीत कौर बिन्द्रा

देश-प्रदेश

उवाच

भारत की बढ़ती शक्ति कुछ ताकतों को पसंद नहीं : मोदी

आगरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को आगरा में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की बढ़ती हुई शक्ति कुछ ताकतों को पसंद नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि यहां डिफेंस कॉरिडोर बन रहा है। यह देश की सेना को आत्मनिर्भर बनाने के लिए है। डिफेंस कॉरिडोर से सेना मजबूत होगी। जो लोग बैठकर मलाई खा रहे थे, वह देश में शस्त्र बनने से बौखला गए हैं। वह नहीं चाहते कि भारत की सेना आत्मनिर्भर बने। इसलिए वह मोदी के खिलाफ एकजुट हो गए हैं।

झाबुआ में भाजपा प्रत्याशी की रैली को किया मुख्यमंत्री ने सम्बोधित, बोले-

गरीबी हटाने के लिए राहुल के पास जादू की छड़ी है क्या?

धर्मेंद्र पंचाल

झाबुआ, देशबन्धु। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को रतलाम-झाबुआ सीट पर भाजपा प्रत्याशी अनिता नागर सिंह चौहान की नामांकन रैली में शामिल हुए। डॉ. यादव सभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर बरसे। उन्होंने कांग्रेस के घोषणा पत्र आर्थिक सर्वेक्षण की बात पर कहा कि राहुल गांधी आर्थिक सर्वेक्षण की बात कर रहे हैं, क्या उनके पास गरीबी हटाने के लिए जादू की छड़ी है क्या?

55 साल कांग्रेस का शासन रहा गरीबी नहीं हटी, अब आर्थिक सर्वेक्षण करवाकर एक रात में गरीबी कैसे हटाएंगे? इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने रतलाम-झाबुआ सीट से कांग्रेस प्रत्याशी कांतिलाल भूरिया पर आरोप लगाया कि उन्होंने झाबुआ के विकास के लिए कुछ नहीं किया। डॉ. यादव ने कहा कि कांग्रेस ने भूरिया को विधायक, सांसद से लेकर केंद्रीय मंत्री तक बनाया, लेकिन मुख्यमंत्री नहीं, जबकि इसके विपरीत भाजपा ने एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाया।

मुख्यमंत्री ने झाबुआ-अलीराजपुर में संचालित विकास कार्यों के बारे में बताया। साथ ही कहा कि एक संसदीय क्षेत्र के 3 जिलों से 3 केबिनेट मंत्री बनाने का काम भी भाजपा कर सकती है। उन्होंने माछलिया घाट, दिल्ली - मुबंई एक्सप्रेस हाइवे, सीएम राइज स्कूलों, सिंचाई योजनाओं सहित कई योजनाओं के बारे में बताया। साथ ही डॉ. यादव ने कहा कि किसानों को बिना ब्याज में पैसा भाजपा सरकार दे रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि आयुष्मान कार्ड से मुफ्त इलाज तो दे रहे हैं। यदि किसी झाबुआ जैसे जिले में किसी आदिवासी भाई-बहन की जान बचाने के लिए हेलिकॉप्टर की सेवा भी लगेगी, तो वह भी भाजपा की सरकार देगी। साथ ही प्रदेश में शव छोड़ने के लिए भी नई व्यवस्था लागू करेंगे।

कार्यक्रम को केंद्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते, प्रत्याशी अनिता चौहान ने भी संबोधित करते हुए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की बात कही। मंत्री निर्मला भूरिया ने भीली भाषा में संबोधित किया। मुख्यमंत्री का आदिवासी संस्कृति के अनुसार साफा और झुलड़ी (जैकेट) पहना कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, केबिनेट मंत्री निर्मला भूरिया, नागर सिंह चौहान, चेतन कश्यप सहित तीनों जिलों के जिलाध्यक्ष और भाजपा नेता मौजूद रहे। नामांकन सभा से पहले डॉ. यादव ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर अनिता नागर सिंह चौहान का नामांकन दाखिल करवाया। इस दौरान उनके पति नागर सिंह चौहान और चेतन कश्यप भी मौजूद रहे।

जिला पंचायत सदस्यों ने थामा भाजपा का दामन

नामांकन रैली में कांग्रेस के जिला पंचायत के 2 सदस्य भाजपा के मंच पर दिखाई दिए। युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष और जिला पंचायत सदस्य विजय भाबर और ममता बहादुर हटीला को मुख्यमंत्री ने भाजपा का गमछा पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। विजय भाबर कांग्रेस प्रत्याशी कांतिलाल भूरिया के करीबी है।

भाजपा ने दूसरे चरण के मतदान से पहले की बैठक

भोपाल, देशबन्धु। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में 26 अप्रैल को 6 लोकसभा सीटों पर होने वाले मतदान को लेकर बैठक हुई।

बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, लोकसभा चुनाव प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, सह प्रभारी सतीश उपाध्याय, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद उपस्थित रहे। इस दौरान पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा सिंह, प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक हेमंत खण्डेलवाल, विनोद गोटिया, प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, प्रदीप त्रिपाठी, सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश संयोजक अभिषेक शर्मा, अभयप्रताप सिंह, उमाकांत दीक्षित एवं संजय वर्मा सहित प्रबंधन टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

शाह आज मप्र में करेंगे सभाएं

भोपाल, देशबन्धु। वरिष्ठ भाजपा नेता, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार को मध्यप्रदेश के प्रवास पर रहेंगे। अशोकनगर एवं राजगढ़ में जनसभा को संबोधित करेंगे। जानकारी के अनुसार श्री शाह सुबह भोपाल से गुना जाएंगे। इसके बाद वे अशोकनगर जिले में पिपरई के मंडी केंपस में जनसभा को संबोधित करेंगे। दोपहर लगभग डेढ़ बजे वे राजगढ़ जिले के खिलचीपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे।

कांग्रेस सचिव पायलट ने उज्जैन में किया जनसभा को सम्बोधित, पूछा सवाल

भाजपा को 4 सौ सांसद क्यों चाहिए?

उज्जैन, देशबन्धु। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सचिन पायलट ने कहा कि सरकार बनाने के लिए 272 सांसद चाहिए होते हैं, लेकिन भाजपा को 4 सौ सांसद क्यों चाहिए? कहीं न कहीं इनके जेहन में ये बात है, जो खुद इनके नेता बोलते हैं और आज मजबूरन भाजपा के शीर्ष नेताओं को खुले मंच से खंडन करना पड़ रहा है कि हम संविधान से छेड़छाड़ नहीं करेंगे, हम आरक्षण से छेड़छाड़ नहीं करेंगे। आपको खंडन की नौबत ही क्यों पड़ी है? उन्होंने कहा कि 4 सौ पार तो 1984 में राजीव गांधी के सांसद आए थे, कभी उन्होंने बोला कि विपक्ष खत्म कर दूंगा।

श्री पायलट आज उज्जैन लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी महेश परमार के पक्ष में शहीद पार्क में आयोजित चुनावी सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा नेताओं को म-म करने का बड़ा शौक है। भाजपा नेता हर वक्त म-म की बातें करते रहते हैं। वो बात करते हैं मुसलमान-हिंदू की, मंदिर-मस्जिद की, मंगलसूत्र की।' सभा में सचिन पायलट ने कांग्रेस प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने की अपील भी की । उज्जैन में कांग्रेस की सभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा पर निशाना साधा है, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किए गए वादों को 10 साल हो गए, इन 10 साल में क्या हुआ? पटवारी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने 17 सरकारें गिराईं, 5 सौ विधायक खरीदे, 2 सौ सांसद दल-बदल हुए। श्री पटवारी ने कहा कि काला धन स्विस बैंक से आना था, 15-15 लाख इसी से मिलने थे, इसकी तो लिस्ट नहीं आई, लेकिन एसबीआई की लिस्ट आ गई। उन्होंने कहा, बाबा रामदेव ने कहा था कि पेट्रोल 30 रुपए लीटर करा दूंगा, सौ लीटर करा दिया।

कटनी के कई कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता भाजपा में शामिल

कटनी,देशबन्धु। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने गुरुवार को कटनी में कांग्रेस के अनेक नेताओं व 100 से अधिक कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की नीतियों और नेतृत्व से प्रभावित होकर कांग्रेस के जिन नेताओं ने आज भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है, उन सभी का मैं भाजपा परिवार में स्वागत करता हूं। इतनी बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं के भाजपा में शामिल होने के बाद कटनी कांग्रेस में कुछ बचा नहीं है और कटनी ने कांग्रेस मुक्त होने की ओर तेजी से कदम बढ़ा दिए हैं।भाजपा जिला कार्यालय पन्ना में पार्टी के प्रदेश

अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा के समक्ष कांग्रेस के जिलाध्यक्ष, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष, युवक कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता, प्रदेश सचिव, जिला महामंत्री सहित कई पदाधिकारियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालों में कटनी कांग्रेस जिला अध्यक्ष विक्रम खम्परिया, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष व उद्योगपति रौनक खंडेलवाल, मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता एवं कटनी महापौर प्रत्याशी श्रीमती श्रेया खण्डेलवाल, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव अंकित सिंघानिया, जिला महामंत्री मुकेश पाठक एवं युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष आकाश तिवारी सहित 100 से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री व विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक संदीप जायसवाल, जिलाध्यक्ष दीपक टंडन उपस्थित रहे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की अपील, निर्भीक होकर करें मतदान

भोपाल, देशबन्धु। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने प्रदेश के सभी मतदाताओं से लोकतन्त्र के महापर्व में अपनी सहभागिता करते हुए लोकसभा निर्वाचन-2024 के विभिन्न चरणों में मतदान जरूर करने का आह्वान किया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा है कि 26 अप्रैल को अपने मतदान केन्द्र पर पहुँचकर निर्भीक होकर मतदान कर भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभायें। उन्होंने कहा कि मतदाता ही समृद्ध भारत की समृद्ध लोकतांत्रिक परम्पराओं के संवाहक हैं। मतदाताओं की सक्रिय सहभागिता से ही हमारा लोकतंत्र परिष्कृत और समृद्ध बनता है। मतदान से लोकतांत्रिक परम्परा को अधिक समृद्ध बनाने, संवैधानिक कर्तव्य निभाने का एक और अवसर मिला है।

श्री राजन ने कहा है कि लोकतंत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया एक महत्वपूर्ण सोपान है। उन्होंने राज्य के प्रत्येक मतदाता से स्वतंत्र और निर्भय होकर मतदान अवश्य करने की अपील की है। श्री राजन ने कहा है कि मतदान के दौरान मतदान केन्द्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं। किसी भी तरह की भ्रामक जानकारी या अफवाह फैलाने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। श्री राजन ने कहा है कि सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को सहज, सुगम, पारदर्शी और समावेशी बनाने के लिये 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को घर से मतदान करने की सुविधा दी गयी है। सक्षम एप से दिव्यांग मतदाता अपने लिये व्हील चेयर या अन्य जरूरी सहायक उपकरण के लिये अनुरोध कर सकते हैं। बुजुर्गों को कतार में न लगना पड़े, इसके लिए उन्हे पहले मतदान करने की सुविधा दी जा रही है।

राजस्थान की पांच सीटों पर कई दिग्गजों की राजनीतिक प्रतिष्ठा दांव पर

कोटा-बूंदी में अपनों से ही ओम बिरला की टक्कर

जयपुर, देशबन्धु। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान में शुक्रवार को राजस्थान की 13 सीटों पर भी वोट डाले जाएंगे। 2019 के चुनाव में ये सभी सीटें भाजपा के खाते में आई थीं। इन सबके बीच 13 में से पांच सीटें बाड़मेर-जैसलमेर, जोधपुर, कोटा, जालोर और बांसवाड़ा-डूंगरपुर सीट ऐसी हैं जिन पर सबकी निगाहें हैं, जहां से दो केंद्रीय मंत्री, लोकसभा के स्पीकर और पूर्व कांग्रेसी सीएम के बेटे की किस्मत दांव पर लगी है। चुनाव में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं वसुंधरा राजे, केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत एवं कैलाश चौधरी, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सीपी जोशी एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डा. सी.पी. जोशी सहित कई नेताओं की राजनीतिक प्रतिष्ठा दांव पर लगी हैं। कोटा-बूंदी संसदीय क्षेत्र में चुनाव इस मायने में बहुत रोचक हो गया है, क्योंकि यहां वास्तविकता में टक्कर भाजपा के ही पूर्व और मौजूदा दिग्गजों में हैं। लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला के सामने भाजपा से ही कांग्रेस में गए पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल हैं। गुंजल चार महीने पहले विधानसभा का चुनाव भाजपा के टिकट पर लड़े थे। बिड़ला को भाजपा के वोट कटने का खतरा है, तो कांग्रेस में भितरघात की आशंका। शहरी वोटों को लेकर भाजपा तो अल्पसंख्यकों पर कांग्रेस आश्वस्त हैं। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में मीणा-गुर्जर वोटों का बंटवारा बहुत हद तक परिणाम प्रभावित करेगा। एक-एक वोट को बटोरने के लिए भाजपा की ओर से मंत्री किरोड़ी लाल मीणा, कांग्रेस से पूर्व मंत्री अशोक चांदना और क्षेत्र के युवा नेता नरेश मीणा दिन रात मशक्कत में जुटें हैं। इस बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी रैलियों में कांग्रेस और पूर्व की गहलोत सरकार पर चुन-चुन कर निशाना साधकर पार्टी का प्रभुत्व बनाए रखने का प्रयास किया है। वहीं, कांग्रेस की तरफ से भी केंद्र सरकार के साथ ही प्रदेश सरकार पर निशाना साधा गया और विधानसभा की हार को लोकसभा चुनाव में जीत में बदलने का प्रयास किया गया है।

- भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आए प्रहलाद गुंजल से है ओम बिरला का मुकाबला
- दूसरे चरण में केंद्रीय मंत्रियों समेत बड़े नेताओं का भाग्य ईवीएम में होगा कैद

बांसवाड़ा-डूंगरपुर में आदिवासी नेताओं में साख की जंग

बांसवाड़ा-डूंगरपुर में प्रत्याशी भी आदिवासी समुदाय के हैं और निर्णायक भी आदिवासी मतदाता हैं। पूरा चुनाव जनजातीय मुद्दों पर टिका है। दशकों से क्षेत्र में कांग्रेस के बड़े आदिवासी चेहरे और कई बार के विधायक और मंत्री रहे महेंद्रजीत सिंह मालवीय को इस बार भाजपा ने उम्मीदवार बनाया है। सामने भारतीय आदिवासी पार्टी के उम्मीदवार विधायक राजकुमार रोत हैं। कांग्रेस ने भारतीय आदिवासी पार्टी से गठबंधन किया, लेकिन कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार ने अंतिम समय में नामांकन वापस ही नहीं लिया। ऐसे में मुकाबला कहने को त्रिकोणीय है, लेकिन कांग्रेस को समर्थन रोत का करना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में इसी सीट पर सभा के दौरान मंगलसूत्र वाला बयान देकर क्षेत्र को पूरे देश में चर्चित कर दिया था।

त्रिपुरा में भाजपा उपाध्यक्ष को नोटिस

अगरतला, एजेंसी। त्रिपुरा में त्रिपुरा ईस्ट (सु) संसदीय सीट पर चुनाव से एक दिन पहले गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष राजीव भट्टाचार्जी ने टीआईपीआरए मोथा के संस्थापक एवं शाही वंशज प्रद्योत किशोर देवबर्मन के खिलाफ प्रतिकूल बयान देने के मामले में पार्टी के उपाध्यक्ष पटल कन्या जमातिया को कारण बताओ नोटिस दिया। इससे पहले जमातिया ने संवाददाता सम्मेलन में प्रद्योत किशोर पर हमला बोला और उन पर आदिवासी सशक्तिकरण का समर्थन करने वाले लोगों का विश्वास तोड़ने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रद्योत किशोर ने अपने संकीर्ण उद्देश्यों के लिए भाजपा के साथ गठबंधन किया है और उन्हें आदिवासियों और गैर-आदिवासियों के बीच नफरत फैलाने के लिए माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष के रूप में यह मेरा कर्तव्य है कि पार्टी के हितों की रक्षा के लिए और शीर्ष नेतृत्व को प्रद्योत पर बहुत अधिक भरोसा करने के प्रति आगाह करूं। मैं पार्टी का एक वफादार सिपाही और मोदी जी का समर्पित अनुयायी हूं, इसलिए मैं यह सब कह रहा हूं। यह आदमी (प्रद्योत) अपनी बड़ी-बड़ी बातों से राज्य और यहां के लोगों, विशेषकर आदिवासियों का भला नहीं कर सकता। भट्टाचार्जी ने हालांकि जमातिया के रुख को खारिज कर दिया और कहा कि पार्टी उनके विचारों का समर्थन नहीं करती है। इस तरह के बयान भाजपा के उपाध्यक्ष के पद के लिए अशोभनीय हैं और उन्हें पहले ही नोटिस दिया जा चुका है तथा पांच दिनों के भीतर अपने बयान पर उनका जवाब मांगा गया है। गौरतलब है कि चुनाव कार्यक्रम की घोषणा से ठीक एक सप्ताह पहले राज्य की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी टीआईपीआरए मोथा ने आदिवासी सशक्तिकरण के मुद्दों को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने के समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद भाजपा के साथ गठबंधन किया था।

राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता की तिथि बढ़ी, 30 तक भेज सकेंगे प्रविष्टि

भोपाल, देशबन्धु। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान का प्रतिशत बेहतर हो, इसके लिए मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रत्येक वोट जरूरी है विषय पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। नागरिकों को अतिरिक्त अवसर देने की मंशा से इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि पांच दिन बढ़ाकर अब 30 अप्रैल कर दी गई है। पहले यह 25 अप्रैल थी। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही 10 प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्राप्त प्रविष्टियों के मूल्यांकन के लिए एक राज्य स्तरीय चयन समिति का गठन भी किया गया है।

यू ट्यूबर मनीष कश्यप भाजपा में शामिल

नई दिल्ली, देशबन्धु। बिहार के चर्चित यू ट्यूबर मनीष कश्यप गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गए। उन्हें भाजपा मुख्यालय में सांसद मनोज तिवारी ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होने कहा कि यह फैसला वे अपनी मां के कहने पर लिए हैं। भाजपा की वजह से ही वे जेल से बाहर निकल पाए और उनके जीवन के बुरे दिन खत्म हुए। यही वजह है कि वे भाजपा में शामिल हुए है। अब भाजपा के साथ मिलकर बिहार को मजबूत करेंगे। बतादें मनीष कश्यप इन दिनों बिहार के पश्चिम चंपारन सीट से लोस चुनाव लडने की तैयारी में थे। वे यहां बिहार के पूर्व भाजपा के अध्यक्ष संजय जायसवाल के लिए बडी चुनौती बन गए थे। लेकिन मनोज तिवारी के प्रयास से कश्यप भाजपा में शामिल होने के लिए तैयार हो गए। बताया जा रहा है कि भाजपा नेतृत्व ने उन्हें एमएलसी बनाने का भरोसा किया हैं।

कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/14 दिनांक 25.04.24

भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती नासमा खान पति स्व. श्री अब्दुल रज्जाक ने मकान नं. 141/एस-5 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती क्षेत्रफल .... व.फु. , भूतल-170 व.फु., प्रथम तल- .... विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-13 मुख्यालय
नगर निगम , जबलपुर

नाम सुधार सूचना

मैं दिलीप दत्तात्रय फनसलकर आत्मज फनसलकर दत्तात्रय निवासी फ्लैट नंबर 505/ए, शुभम रेसीडेन्सी, अपोजिट स्पोर्टस क्लब, तिलहरी बिलहरी जबलपुर म.प्र. यह कि मेरे पासपोर्ट में एवं कक्षा दसवीं की अंकसूची में मेरा नाम **Dilip Dattarya Phansalkar** लिखा है जो कि गलत है। मेरे नाम की सही स्पेलिंग **Dilip Dattatray Phansalkar** है जो मेरे नाम के आधारकार्ड, वोटर आईडी एवं पैन कार्ड में दर्ज है। ये दोनों नाम मेरे ही हैं।

शपथकर्ता
दिलीप दत्तात्रय फनसलकर

संभागीय कार्यालय संभाग क्रं- 15 सुहागी,नगर निगम, जबलपुर

प्रकरण क्रं./ संभा.अधि./ राजस्व./ **M 07** दिनांक 16/04/2024

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री अमित ताम्रकार, पिता- श्री मदनलाल ताम्रकार** के द्वारा **वार्ड क्रं. 72 दादा ठनठनपाल वार्ड** के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1002758966 के पंजीकृत स्वामी मेसर्स जय माँ कन्स्ट्रक्शन नीरज जिंदल, पिता- स्व. श्री सुदर्शन कुमार जिंदल एवं श्री संजय कुमार लालवानी, के नाम से दर्ज खुली भूमि रकवा 86078 व.फु. जिसका मौजा रिमझा खसरा नं. 1 के भाग में स्थित अनमोल परिसर का ले आउट प्लाट नं. 77 का प्लाट रकवा 800 व.फु., **विक्रय/क्रय** , संपत्ति के **ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, एवं संपत्ति लेजर** के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी** में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी (राजस्व)
संभाग क्रमांक 15 सुहागी
नगर पालिक निगम जबलपुर

संभागीय कार्यालय संभाग क्रं- 15 सुहागी,नगर निगम, जबलपुर

प्रकरण क्रं./ संभा.अधि./ राजस्व./ **M 09** दिनांक 16/04/2024

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती भारती किंकर, पिता- श्री शिवाजी किंकर** के द्वारा **वार्ड क्रं. 72 दादा ठनठनपाल वार्ड** के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1003062443 के पंजीकृत स्वामी मेसर्स रामाश्रम ग्रुप जबलपुर पार्टनर श्रीमती मीता वर्मा, पति- श्री संजय वर्मा के नाम से दर्ज भूमि खसरा नं. 140,141 रैगवां का खुली भूमि रकवा 230761 व.फु. जिसका मौजा कचनारी जिसका स्वीकृत ले आउट प्लाट नं. 140 प्लाट रकवा 1113 व.फु., जो खसरा नं. 141 के भाग में स्थित , **विक्रय/क्रय** , संपत्ति के **ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, संपत्ति लेजर एवं राजस्व नामांतरण शुल्क** के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी** में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी (राजस्व)
संभाग क्रमांक 15 सुहागी
नगर पालिक निगम जबलपुर

आप नेता बोले- सूरत बस झांकी है, पूरा देश अभी बाकी है

भाजपा जीत गई तो 2024 के बाद देश में नहीं होंगे चुनाव

नई दिल्ली, देशबन्धु। आम आदमी पार्टी ने देशवासियों को भाजपा से देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने की अपील की है। आप के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह ने कहा कि इस चुनाव में अगर भाजपा और नरेंद्र मोदी जीत गए तो फिर इस देश में दोबारा चुनाव नहीं होंगे। उन्होंने गुजरात के सूरत की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा देश से संविधान को खत्म करने की शुरुआत सूरत से कर चुकी है।

सूरत में कांग्रेस समेत सभी दलों के प्रत्याशियों का पर्चा खारिज कर दिया गया और चुनाव से पहले ही भाजपा प्रत्याशी को जीत का सर्टिफिकेट दे दिया गया। आज तक के इतिहास में पहले कभी ऐसा नहीं हुआ है कि कोई सत्ताधारी दल बगैर चुनाव के जीती हो। सूरत बस एक झांकी है, पूरा देश अभी बाकी है। सत्ता में आते ही ये लोग बाबा साहब के संविधान, आरक्षण, वोट का अधिकार खत्म कर देंगे और आरएसएस के संविधान से देश को चलाएंगे। इससे पहले ये लोग चंडीगढ़ में वोटों की बेईमानी करते हुए कैमरे में रंगेहाथ पकड़ा गए थे। संविधान खत्म करने के लिए ही भाजपा के उम्मीदवार और नेता 400 सीटें मांग रहे हैं।

लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश हो रही

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर भाजपा द्वारा संविधान बदलने की साजिश करने पर कड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत के लोकतंत्र को किस तरह से खत्म करने की कोशिश की गई है और ऑपरेशन लोटस चला कर किस तरह से अलग-अलग सरकारों को गिराने की कोशिश की गई है, इसका जीता जागता उदाहरण पूरे देश के सामने है।

जबलपुर, शुक्रवार 26 अप्रैल 2024
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

मतदान के दूसरे चरण में किसे बढ़त?

पहले चरण में संयुक्त प्रतिपक्ष इंडिया द्वारा बढ़त लेते हुए दिखने के बाद अब इस बात की उत्सुकता बढ़ गई है कि 18वीं लोकसभा के लिये शुक्रवार को होने जा रहे मतदान के दूसरे चरण में कौन आगे निकल जायेगा। यह भी सवाल है कि भारतीय जनता पार्टी एवं उसके गठबन्धन यानी नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस (एनडीए) को नुकसान भरपाई करने का मौका मिलेगा या इंडिया इसके बाद ऐसी बढ़त बना लेगा कि भाजपा-एनडीए को उसकी बराबरी कर पाना मुश्किल हो जायेगा? राजनीतिक पर्यवेक्षकों तथा विश्लेषकों का मानना है कि अगर इंडिया ने इस राउंड में एनडीए को पहले जैसी टक्कर दी तो भाजपा का 370 व 400 सीटों के पार जाने का नारा तो हवा में उड़ ही जायेगा, उसे बहुमत (272 का आंकड़ा) के भी लाले पड़ जायेंगे। अनुमान कुछ ऐसे ही बतलाये जा रहे हैं।

एक सप्ताह पहले यानी 19 नवम्बर को 21 राज्यों की 102 सीटों के लिये मतदान हुआ था। अब 13 राज्यों की 88 सीटों के लिये मतदान होने जा रहा है। इस चक्र का महत्व सिर्फ इस लिहाज से नहीं है कि इसमें राहुल गांधी (वायनाड-केरल), अरूण गोविल (मेरठ-उत्तर प्रदेश), शशि थरूर (तिरुअनंतपुरम-केरल), कर्नाटक के पूर्व सीएम एचडी कुमारस्वामी (कर्नाटक-मांड्या) आदि की प्रतिष्ठा दांव पर है या इस राउंड में 16 फीसदी सीटों के लिये लोग मतदान करेंगे, बल्कि वह इसलिये है कि अब लगभग सभी एक स्वर में कह रहे हैं कि इसमें भी इंडिया को बढ़त मिलने की पूरी सम्भावना है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तो झारखंड की राजधानी रांची में इंडिया की हुई विशाल रैली में दावा किया था कि पहले चरण में विपक्षी गठबन्धन को 80 से 90 सीटें मिल रही हैं। यह सभा वहां के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार कर जेल में डाले जाने के खिलाफ 21 अप्रैल को आयोजित की गई थी। वैसे लोग यह दावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अपनी प्रचार सभाओं में इस्तेमाल की जा रही भाषा से भी कर रहे हैं जिसके स्तर में अभूतपूर्व गिरावट दर्ज हुई है।

प्रथम चरण के मतदान के बाद ही मोदी ने अनेक ऐसी बातें कही हैं जिनसे न सिर्फ उनके पद की गरिमा और भी गिरी है वरन वह समाज के लिये ही खतरनाक साबित हो सकती है। उन्होंने राजस्थान के बांसवाड़ा में प्रचार रैली को सम्बोधित करते हुए 18 वर्ष पहले दिये तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के उस बयान को तोड़-मरोड़कर उद्धृत किया जिसमें उन्होंने कहा था कि 'देश के संसाधनों पर पहला अधिकार भारत के वंचितों, आदिवासियों, पिछड़ों, महिलाओं, अल्पसंख्यकों आदि का है।' इस बयान को बड़े ही घृणित तरीके से प्रस्तुत करते हुए मोदी ने कहा कि 'अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो मंगलसूत्र छीनकर अधिक बच्चे वालों के बीच बांट दिये जायेंगे।' उनका इशारा मुस्लिमों की तरफ था। अगले दिन इसी नैरेटिव को आगे बढ़ाते हुए मोदी ने उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में यह कह दिया कि 'कांग्रेस की नज़र आपकी सम्पत्ति पर है।' बुधवार को छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में भी उन्होंने इसी आशय का भाषण दिया- बावजूद इसके कि उनके खिलाफ़ कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से शिकायत की है। एनडीए के सहयोगी अकाली दल ने भी इस पर आपत्ति जताई है। वैसे तो इस मामले पर उन्हें माकूल जवाब कांग्रेस के कई लोगों की ओर से मिल गया, साथ ही मनमोहन सिंह का असली बयान क्या है, यह भी सामने आ गया है। लोग जान गये हैं कि डॉ. सिंह ने 'मुस्लिम' शब्द का इस्तेमाल ही नहीं किया था। वैसे तो कांग्रेस का न्याय पत्र (घोषणापत्र) जब जारी हुआ था, उसके दूसरे दिन ही मोदी ने इस पर 'मुस्लिम लीग की छाप' बतलाई थी। हालांकि यह कोई समझ नहीं पाया कि इसमें ऐसा क्या है जिससे मुस्लिम लीग का असर दिखे।

ऐसे ही, कांग्रेस को बदनाम करने के उद्देश्य से उन्होंने देश में संचार क्रांति लाने वाले सैम पित्रोदा के उस बयान को भी तोड़-मरोड़कर पेश किया जिसमें पित्रोदा ने विरासत टैक्स पर बात की थी। इसका सन्दर्भ व अवसर एकदम अलग था लेकिन मोदी उसका भी कांग्रेस के खिलाफ इस्तेमाल करने से नहीं चूके। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस विरासत टैक्स के नाम से जनता की सम्पत्ति लूट लेगी। स्वयं पित्रोदा ने इसका खंडन किया व अपने बयान को सही रूप में व्याख्यायित कर मोदी के छल को बेनकाब किया है। कांग्रेस ने इसकी भी शिकायत की है। मोदी के लिये वैसे इससे बड़ा संकट कोई हो नहीं सकता क्योंकि उनके सारे दांव उल्टे पड़ रहे हैं और कांग्रेस व विपक्ष उनकी गलतबयानी व असत्य का लगातार पर्दाफाश कर रहा है। इसका असर न सिर्फ मोदी बल्कि सभी भाजपा नेताओं की सभाओं में लोगों की घटती संख्या के रूप में दिख रहा है। दूसरी तरफ कांग्रेस नेताओं एवं इंडिया गठबन्धन की सभाओं में खचाखच भीड़ है।

मोदी व भाजपा की दिक्कतों को इस मायनों में दोहरा होता हुआ कहा जा सकता है कि एक ओर तो कांग्रेस का न्याय पत्र जनता में लगातार लोकप्रिय हो रहा है, तो वहीं इंडिया गठबन्धन टूट तो नहीं ही रहा है, सतत मजबूत हो रहा है। बेशक कहीं-कहीं उसके सामने सीटों के बंटवारे को लेकर अवरोध आ रहे हैं तथा कई कांग्रेसी नेताओं ने ऐसे कठिन दौर में पार्टी भी छोड़ी है लेकिन उसका भाजपा या एनडीए को फायदा होता नहीं दिख रहा है। हां, इंडिया-कांग्रेस का कारवां जारी है! इन सभी तथ्यों को ही मोदी की बौखलाहट का कारण माना जा रहा है; और इंडिया की बढ़त का आधार भी।

चण्डीगढ़ से सूरत वाया खजुराहो : वन पार्टी और नो इलेक्शन

■ बादल सरोज

सूरत में जो हादसा हुआ है वह किसी भी सभ्य समाज और परिपक्व लोकतंत्र पर एक बदसूरत धब्बा है। जैसा कि अब तक लगभग सब जान चुके हैं कि इस संसदीय क्षेत्र के चुनाव अधिकारी, जो आम तौर से कलेक्टर होता है, ने 18वीं लोकसभा के लिए होने वाले चुनाव में सूरत संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार मुकेश दलाल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया है। यह काम जिस तरह से किया गया है वह इंडिया दैट इज भारत में जनादेश की चोरी से शुरू हुई यात्रा के लोकतंत्र के अपहरण से होते हुए मताधिकार की लूट की खतरनाक स्थिति पहुंच जाने के संकेत देता है।

यह दोहराने में हर्ज नहीं है कि जैसा सूरत में हुआ वैसे निर्विरोध निर्वाचन के लिए जरूरी होता है कि सिर्फ एक प्रत्याशी बचे-उसके सामने कोई न हो। अब ऐसा अपने आप तो होने से रहा। लिहाजा सबसे पहले तो उनके विरुद्ध इंडिया गठबंधन के साझे उम्मीदवार, कांग्रेस प्रत्याशी नीलेश कुम्भानी और उनके डमी उम्मीदवार सुरेश पाडसाला का नामांकन रद्द 'करवाया' गया उसके बाद बाकी बसपा और 3 छोटी पार्टियों जिनमे सरदार वल्लभभाई पटेल के नाम पर बनी पार्टी भी शामिल थी. के उम्मीदवारों को 'बिठवाया' गया और इस तरह भाजपा के मुकेश भाई दलाल को 'जितवाया' गया।

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने खुद कह दिया कि 'निर्दलीय प्रत्याशियों को चुनाव मैदान से हटाने के लिए प्रयत्न किये थे। अब यह कैसे हुआ होगा इसका पक्का अनुमान लगाने के लिए राकेट साईंस का ज्ञाता होने की आवश्यकता नहीं है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र कहे जाने वाले देश के लिए यह सचमुच अशुभ और अशोभनीय दोनों है। इससे पहले, इसी तरह का काम दूसरे तरीके से मध्यप्रदेश की खजुराहो लोकसभा सीट, जहां से भाजपा के मध्यप्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा चुनाव लड़ रहे हैं, पर किया गया। यहां से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी मीरा दीपक यादव का नामांकन पत्र भी खारिज करवा दिया गया। इसका आधार प्रत्याशी द्वारा हस्ताक्षर न किया जाना बताया गया - जबकि केन्द्रीय निर्वाचन आयोग के स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी नामांकन फॉर्म को अधूरा भरा होने की वजह से रद्द नहीं किया जा सकता। साफ़ प्रावधान है कि यदि प्रत्याशी से कोई जगह भरने से छूट जाती है तो उसका सुधार कराने की जिम्मेदारी स्वयं निर्वाचन अधिकारी की है। निर्वाचन कार्यालय में ठीक इसी काम के लिए दो दर्जन से ज्यादा अधिकारी कर्मचारी तैनात रहते हैं। मगर जब सैयां ही कोतवाल हैं, सैयां ही सीएम और पीएम हैं, उन्हीं के हुकूमबरदार चुनाव आयोग में हैं तो काहे के निर्देश, कैसे क़ानून!! सूरत काण्ड ने नोटा-इनमें से कोई नहीं- के स्वांग की भी कलई उतार दी है। सैद्धांतिक रूप से यदि एक के अलावा दूसरा उम्मीदवार नहीं था तब भी नोटा ने तो नाम वापस नहीं लिया था, उन्हें तो इस कथित रूप से निर्विरोध चुने गए दलाल को अस्वीकार करने का अवसर दिया जाना चाहिए था। केन्द्रीय चुनाव आयोग को इसे सुनिश्चित करना चाहिए था।

पहले इस तरह के छल, धनबल, बाहुबल की प्रपंची कारगुजारियां पंची और सरपंची के चुनाव में आजमाई जाती थीं, कालेजों के छात्र संघ चुनावों और सहकारिताओं में अपनाई जाती थीं। इन दिनों वहां भी ये पहले की तुलना में कम हुई हैं। लोकसभा चुनाव में तो इस तरह की खुले खजाने निर्लज्जता के ये पहले उदाहरण हैं। कुछ महीने पहले चंडीगढ़ में यह काम अलग तरीके से किया गया था। इसीलिए यह सिर्फ सूरत भर की बात नहीं है। भारतीय प्रायद्वीप के नामचीन शायर रघुपति सहाय फिराक़ गोरखपुरी साहब ने एक शेर में कहा है कि ;

जिसे सूरत बताते हैं पता देती है सीरत का
इबारत देख कर जिस तरह मानी जान लेते हैं।

इस तर्ज पर कहें तो सूरत में जो हुआ वह इस देश के लोकतंत्र की आज की जो सीरत है उसका उदाहरण है। पिछले 10 वर्षों से इस देश में संविधान और संविधान सम्मत संस्थाओं के साथ जो हो रहा है उसका भयावह और विद्रूप संस्करण हैं। यह कॉरपोरेटी हिन्दुत्व द्वारा मोदी राज की दो पंचवर्षीय अवधि में तैयार किया गया आगामी भारत का सांचा है। अगर इनकी चली और इसी तरह चली तो चंडीगढ़ से बरास्ते खजुराहो सूरत तक पहुंचना, आने वाले दिनों की सीरत की बानगी भी है। यह इन 10 वर्षों में जिन कारपोरेट घरानों के लिए छप्परफाड़ मुनाफे कमवाये गए हैं उनकी छीजन के सहारे तंत्र पर कब्जा करके लोक से अपना जन प्रतिनिधि चुनने के जनता के मूलभूत अधिकार का अपहरण है। अब तक जनादेश चुराने, चुनी चुनाई सरकारों को अगवा कर भगवा बनाने, सांसदों, विधायकों, गुटों. समूहों, दलों को ईडी, सीबीआई से डरा कर, लालच प्रलोभन से लुभाकर खरीदे जाने की कार्यनीति अपनाई जा रही थी- अब उस आड़ को भी छोड़ दिया गया है; थैलियों और नौकरशाहों की दम पर सीधे सांसदी ही अपहृत की जा रही है। लूट की हिस्सेदारी में वसूली गई अकूत कमाई और उसकी तलछट के एक रूप इलेक्टोरल बांड में इकट्ठा किया हजारों करोड़ रुपया इसी तरह के दलदल पैदा कर सकता है। ये दलदल भारतीय लोकतंत्र को हमेशा के लिए डुबो देने की विनाशकारी ताकत रखता है।

> **भारतीय सामाजिक ढांचे में गांवों में किनके नाम पर सर्वानुमति बनेगी इसे समझा जा सकता है। चंडीगढ़ से सूरत वाया खजुराहो इसी फार्मूले को संसद और विधानसभाओं तक ले जाने का धतकरम है। इससे पहले कि देर हो जाए, देश की लोकतंत्र हिमायती अवाम, संगठनों, दलों, व्यक्तियों को सूरत से बजे अलार्म की आवाज से खुद भी जागना होगा, बाकियों को भी जगाना होगा।**

इस दलदल तक बहला फुसला कर लाने के सारे प्रबंध पहले ही किये जा चुके हैं। चुनाव आयोग में नियुक्ति के तरीके को बदलने के पीछे का कपट सामने आ चुका है। किसी टीवी चैनल ने इस खबर के अन्दर की खबर नहीं ढूंढी, अभी तक जितने अखबार देखे हैं उनमें से किसी में भी लोकतंत्र को धर दबोच कर हलाल किये जाने के इस कारनामे पर सम्पादकीय नहीं मिला। हां, इससे उलटा जरूर हुआ है, नफ़रतियों की आईटी सैल ने इसे अबकी बार, 400 पार की यात्रा का पहला मुंडाभिषेक बताते हुए अपना श्रगाल-रोदन शुरू कर दिया है। उनमें से कुछ तो ऐसा होने की वजह से उम्मीदवारों का खर्चा बचने, कर्मचारियों के चुनाव ड्यूटी की व्याधा से बचने और चुनाव में खर्च होने वाला सरकारी पैसा बचने का महात्म्य समझाने में जुट भी गए हैं।

चंडीगढ़ से वाया खजुराहो सूरत ने बता दिया है कि सता-संरक्षित, कॉरपोरेट आश्रित टुल्लों और गली मुहल्लों के शोहदों के चंगुल में लोकतंत्र का पहुंचा दिया जाना ही वन नेशन वन इलेक्शन का मॉडल है और उसका असली अर्थ है वन पार्टी नो इलेक्शन। उन्हें किसी भी तरह का चुनाव नहीं चाहिए। चूंकि चुनाव 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के हर भारतीय को उसकी जाति, वर्ण, नस्ल. भाषा, आदमी, औरत, गरीबी, अमीरी का फर्क किये बिना बराबर के वोट का वोट का अधिकार देता है, भले एक दिन के लिए, एक ही मामले में ही सही सबको सामान बना देता है- इसलिए चुनाव नहीं चाहिए। मोदी जिस हिंदुत्व पर आधारित राष्ट्र बनाना चाहते हैं उस भूतिया तहखाने के आर्कीटेक्ट राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का साफ़-साफ़ मानना है कि लोकतंत्र मुंड गणना है जिसमें सबके मत बराबर होते हैं, इसे समाप्त कर इसके स्थान पर 'कुछ विशिष्ट और योग्य लोगों' द्वारा शासन चलाने की प्राचीन महान प्रणाली की बहाली की जानी चाहिए। यह महान प्रणाली क्या है, इसे भी उन्होंने कभी नहीं छुपाया है; इसका नाम है मनुस्मृति!! संघ के विचारकों के मुताबिक़ पंचायतों के लिए होने वाले चुनावों के चलते भारत के गांवों की वह महान और सनातन एकता बिखर गई है जिसमे गांव का 'सम्माननीय और बड़ा आदमी' जो कहता था उसे पूरा गांव मान लिया करता था। मुख्यमंत्री रहते हुए मोदी ने गुजरात में इसी दिशा में कदम बढ़ाया और पंचायतों में चुनाव को हतोत्साहित करने के लिए एक विशेष प्रोत्साहन योजना शुरू की जिसमें सर्वानुमति से निर्विरोध चुनी जाने वाली पंचायतों के लिये विशेष आर्थिक पैकेज और अतिरिक्त नकद राशि दिए जाने के प्रावधान किये गए। बाद में मध्यप्रदेश सहित अनेक संघ नियंत्रित भाजपा शासित राज्यों में भी इसे लागू कर दिया गया। भारतीय सामाजिक ढांचे में गांवों में किनके नाम पर सर्वानुमति बनेगी इसे समझा जा सकता है। चंडीगढ़ से सूरत वाया खजुराहो इसी फार्मूले को संसद और विधानसभाओं तक ले जाने का धतकरम है।

इससे पहले कि देर हो जाए, देश की लोकतंत्र हिमायती अवाम, संगठनों, दलों, व्यक्तियों को सूरत से बजे अलार्म की आवाज से खुद भी जागना होगा, बाकियों को भी जगाना होगा।

निजी स्वास्थ्य सेवा में सुधार की तत्काल आवश्यकता

■ डॉ. अभय शुक्ला

कोविड-19 महामारी के दौरान इलाज के लिए भटकते लाखों भारतीयों को दर्दनाक अनुभवों का सामना करना पड़ा था। इसने हमारे स्वास्थ्य सेवा तंत्र में दो परस्पर सम्बंधित परिवर्तनों की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया है। एक तो सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को मज़बूत करना और दूसरा निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं का नियमन। चूंकि भारत में स्वास्थ्य सेवा का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा निजी क्षेत्र के नियंत्रण में है, इसलिए स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार की कोई भी पहल निजी स्वास्थ्य सेवा को शामिल किए बिना पूरी नहीं हो सकती।

गौरतलब है कि फोर्ब्स द्वारा 2024 में जारी अरबपतियों की सूची में 200 भारतीय शामिल हैं। विनिर्माण (मैन्यूफेक्चरिंग) के बाद, भारत में अरबपतियों की दूसरी सबसे बड़ी संख्या (36) स्वास्थ्य सेवा (फार्मास्यूटिकल्स सहित) उद्योग से है। और यह संख्या हर साल बढ़ रही है, खासकर कोविड-19 महामारी के दौरान और उसके बाद। भारत में निजी स्वास्थ्य सेवा उद्योग भरपूर मुनाफा कमाता है क्योंकि इसका समुचित नियमन नहीं होता है, और अक्सर मरीज़ों से अनाप-शनाप शुल्क वसूला जाता है।

यह परिदृश्य हाल ही में जन स्वास्थ्य अभियान द्वारा प्रकाशित 18 सूत्री जन स्वास्थ्य घोषणापत्र में शामिल नीतिगत सिफारिशों की प्रासंगिकता को रेखांकित करता है। इसमें सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा, निजी स्वास्थ्य सेवा, औषधि नीति और सबके लिए स्वास्थ्य सेवा के अधिकार सहित विविध विषयों को शामिल किया गया है और परस्पर-सम्बंधित नीतिगत सिफारिशें प्रस्तुत की गई हैं। इस लेख में भारत में निजी स्वास्थ्य सेवा से सम्बंधित कुछ प्रमुख उपायों की संक्षिप्त रूपरेखा दी गई है।

> **जनहित में निजी स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के इन उपायों को एक लोक-केंद्रित सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा विकसित करने के व्यापक प्रयास के हिस्से के रूप में देखना चाहिए जो सार्वजनिक सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और विस्तार पर आधारित हो और ज़रूरत पड़ने पर विनियमित निजी प्रदाताओं को भी शामिल किया जा सकता है।**

पारदर्शिता और सेवा दरों का मानकीकरण

भारत में निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता सभी व्यावसायिक सेवाओं में सबसे अनोखे हैं। अनोखापन यह है कि इनकी दरें आम तौर पर सार्वजनिक डोमेन में पारदर्शी रूप से उपलब्ध नहीं होती हैं। ये दरें एक ही प्रक्रिया या उपचार के लिए बहुत अलग-अलग होती हैं - न केवल एक ही क्षेत्र के विभिन्न अस्पतालों में बल्कि एक ही अस्पताल के अंदर विभिन्न रोगियों के लिए भी अलग-अलग हो सकती हैं। चिकित्सा प्रतिष्ठान (केंद्र सरकार) नियम, 2012 के अनुसार सभी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को अपनी दरें प्रदर्शित करना अनिवार्य है और समय-समय पर सरकार द्वारा निर्धारित मानक दरों पर शुल्क लेना भी अनिवार्य है। लेकिन यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन कानूनी प्रावधानों के अधिनियमित होने के 12 साल बाद भी इन्हें अभी तक लागू नहीं किया गया है।

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से स्वास्थ्य सेवा दरों को कानून के अनुसार मानकीकृत करने का आदेश दिया है। अब समय आ गया है कि स्वास्थ्य सेवा दरों में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए और दरों के मानकीकरण को उचित तरीके से लागू किया जाए। यह तकनीकी रूप से संभव भी है। चूंकि हज़ारों निजी अस्पताल केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना जैसे बड़े सरकारी कार्यक्रमों के तहत सभी सामान्य चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए मानक दरों पर भुगतान स्वीकार करते हैं, इसलिए इन उपायों को कानूनी रूप से लागू करना कोई मुश्किल काम नहीं है। यह चिकित्सा प्रतिष्ठान अधिनियम या राज्य सरकारों द्वारा अपनाए जाने वाले अधिक बेहतर अधिनियमों को लागू करते हुए सुनिश्चित किया जा सकता है।

बेतुके स्वास्थ्य हस्तक्षेपों को रोकने के लिए भी मानक प्रोटोकॉल लागू करना अनिवार्य है। वर्तमान में व्यापारिक उद्देश्यों से ऐसे बेतुके हस्तक्षेपों को व्यापक पैमाने पर प्रचारित किया जाता है। उदाहरण के लिए, भारत में सिज़ेरियन डिलीवरी का अनुपात निजी अस्पतालों (48फीसदी) में सरकारी अस्पतालों (14फीसदी) की तुलना में तीन गुना अधिक है। चिकित्सकीय रूप से सीज़ेरियन प्रक्रिया की दर कुल प्रसवों का 10-15फीसदी अनुशंसित है जबकि निजी अस्पतालों में ये कहीं अधिक होते हैं। उपचार पद्धतियों को तर्कसंगत बनाने और ज़रूरत से ज़्यादा चिकित्सीय प्रक्रियाओं पर अंकुश लगाने से न केवल निजी अस्पतालों द्वारा वसूले जाने वाले भारी-भरकम बिलों में कमी आएगी, बल्कि रोगियों के लिए स्वास्थ्य सेवा परिणामों में भी महत्वपूर्ण सुधार होगा।

रोगियों और अस्पतालों के बीच जानकारी और शक्ति की भारी असमानता होती है। इसे देखते हुए रोगियों की सुरक्षा के लिए कुछ अधिकारों को सार्वभौमिक रूप से स्वीकार किया गया है। इनमें शामिल हैं: प्रत्येक रोगी को अपने स्वास्थ्य की स्थिति और उपचार की बुनियादी जानकारी प्राप्त करने का अधिकार; चिकित्सा की अपेक्षित लागत तथा उसका मदवार बिल प्राप्त करने का अधिकार; दूसरी राय लेने का अधिकार; पूरी जानकारी के आधार पर सहमति देने का अधिकार; गोपनीयता और औषधियां व नैदानिक परीक्षण के लिए प्रदाता चुनने का अधिकार; और यह सुनिश्चित करना कि कोई भी अस्पताल किसी भी बहाने से रोगी के शव को रोके न रखे।

भारतीय संदर्भ में, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने 2018 में रोगियों के अधिकारों और ज़िम्मेदारियों की एक सूची तैयार की थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 2019 में इस चार्टर का संक्षिप्त रूप और फिर 2021 में एक समग्र चार्टर सभी राज्य सरकारों को भेजा था जिसमें रोगियों के 20 अधिकारों को शामिल किया गया था। अलबत्ता, अब तक इन अधिकारों पर आधिकारिक स्तर पर कम ही ध्यान दिया गया है। संपूर्ण रोगी अधिकार चार्टर (कुछ अस्पतालों में अपनाया गया कमज़ोर संस्करण नहीं) को देश की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिए। इससे रोगियों और उनकी देखभाल करने वालों को अनुकूल वातावरण में स्वास्थ्य सेवा का लाभ मिल सकेगा। ऐसा सुरक्षित माहौल बनाने से रोगियों और प्रदाताओं के बीच आवश्यक विश्वास को फिर से स्थापित करने में मदद मिलेगी।

इसके अलावा, रोगियों की निजी अस्पतालों से सम्बंधित गंभीर शिकायतों के लिए न्याय सुनिश्चित करने में मेडिकल काउंसिल जैसे मौजूदा तंत्र की विफलता को देखते हुए ज़रूरी है कि जिला स्तरीय उपयोगकर्ता-अनुकूल शिकायत निवारण प्रणाली शुरू हो, जिसकी निगरानी विविध हितधारकों द्वारा हो।

जन स्वास्थ्य अभियान के घोषणापत्र में निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं पर लगाम कसने के साथ-साथ चिकित्सा शिक्षा से सम्बंधित कुछ उपायों का भी उल्लेख किया गया है। इसमें विशेष रूप से व्यावसायिक निजी मेडिकल कॉलेजों को नियंत्रित करने की तत्काल आवश्यकता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनकी फीस सरकारी मेडिकल कॉलेजों से अधिक न हो। इसके अलावा, चिकित्सा शिक्षा का विस्तार व्यावसायिक निजी संस्थानों की बजाय सरकारी कॉलेजों पर आधारित होना चाहिए। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को स्वतंत्र, बहु-हितधारक समीक्षा और सुधार की आवश्यकता है। इस निकाय की आलोचना होती रही है कि इसमें विविध हितधारकों के प्रतिनिधित्व का अभाव है, निर्णय प्रक्रिया अत्यधिक केंद्रीकृत है और चिकित्सा शिक्षा को अधिक व्यावसायिक बनाने का रुझान है।

इसके अलावा, राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (एनईईटी) के पुनर्गठन की भी आवश्यकता है। वर्तमान स्वरूप में यह परीक्षा कमज़ोर वर्ग के उम्मीदवारों के लिए घाटे का सौदा प्रतीत हो रही है और राज्यों से स्वयं की मेडिकल प्रवेश प्रक्रियाओं को निर्धारित करने की स्वायत्तता छीन रही है।

जनहित में निजी स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के इन उपायों को एक लोक-केंद्रित सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा विकसित करने के व्यापक प्रयास के हिस्से के रूप में देखना चाहिए जो सार्वजनिक सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और विस्तार पर आधारित हो और ज़रूरत पड़ने पर विनियमित निजी प्रदाताओं को भी शामिल किया जा सकता है। थाईलैंड के स्वास्थ्य सेवा तंत्र जैसे सफल मॉडलों का उदाहरण लेते हुए, भारत में भी मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक अधिकार-आधारित पहुंच प्रदान की जानी चाहिए।

आज, सभी राजनीतिक दलों को इन परिवर्तनों को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए, जबकि एक नागरिक होने की हैसियत से हमें दृढ़तापूर्वक इनकी मांग करनी चाहिए। भारत में 2024 का विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाने का यही सबसे उपयुक्त तरीका होगा।

पावन प्रसंग

अज्ञान से मुक्ति ही मोक्ष है

मोक्ष प्राप्ति को जीवन का परम लक्ष्य माना गया है। मोक्ष को ही विभिन्न दर्शनों व शास्त्रों में कैवल्य, अपवर्ग, मुक्ति, निर्वाण. स्वरूपस्थिति, स्थितप्रज्ञता, स्वोपलाब्धि, परमपद व नि:श्रेयस आदि कहा गया है। मोक्ष आखिर है क्या? मोक्ष का अभिप्राय क्या है? मोक्ष को जीवन का परम लक्ष्य क्यों कहा गया है?

वस्तुत: मोक्ष का आशय मुक्ति से है, पर प्रश्न यह उठता है कि किसकी मुक्ति और किससे मुक्ति? और मुक्ति क्यों और कैसे? दरअसल मुक्ति शब्द की उत्पत्ति संस्कृत भाषा के 'मुच' धातु से हुई है। मुच धातु का प्रयोग छूटने के अर्थ में किया जाता है। इस प्रकार मोक्ष अथवा मुक्ति का आशय छूटने से है। जीव का जन्म और मरण के बंधन से छूट जाना ही मोक्ष है। मोह का क्षय होना या छूट जाना ही मोक्ष है। यहां पर मुक्ति (मोक्ष) का अर्थ जीवात्मा का समस्त दुखों तथा बंधनों से छूटकर अपने शुद्ध स्वरूप में स्थित होने से किया गया है। सभी प्रकार के दुखों, क्लेशों तथा बंधनों से छूटकर अपने शुद्ध स्वरूप, वास्तविक स्वरूप में जाती है।

जीवात्मा के इसी वास्तविक स्वरूप में स्थिति को ऋषिवर पतंजलि ने योगसूत्र 1.3 में कहा है -तदा द्रष्टु: स्वरूपेअवस्थानम। अर्थात जब चित्त की वृत्तियों का निरोध हो जाता है, उस समय द्रष्टा (आत्मा) अपने स्वरूप में स्थित हो जाती है अर्थात वह मोक्ष,मुक्ति अथवा कैवल्य अवस्था को प्राप्त हो जाता है। इस अवस्था में जीव आत्मा से ही प्रेम करता है, आत्मा से ही खेलता है, आत्मक्रीड़ा करता है। आत्मा में ही आसक्त रहता है और आत्मा में ही परमानंद को प्राप्त करता है। उपनिषदों के अनुसार अविद्या (अज्ञान) ही बंधन का कारण है। अविद्या के कारण ही अहंकार उत्पन्न होता है और यह अहंकार ही जीव को बंधनग्रस्त कर देता है। बंधन की अवस्था में जीव को ब्रह्म, आत्मा व जगत के वास्तविक स्वरूप का ज्ञान नहीं रहता फलस्वरूप जीव इंद्रिय, मन, बुद्धि अथवा शरीर से तादात्म्य करने लगता है। आत्मा-शरीर, इंद्रिय और मन से भिन्न है परंतु अज्ञान के कारण जीवात्मा स्वयं को शरीर, इंद्रिय व मन से भिन्न नहीं समझती। इसके विपरीत वह शरीर, इंद्रिय और मन को वह तादात्म्यता हासिल कर लेती है। इसे ही बंधन कहते हैं। बंधन को उपनिषद में ग्रंथि भी कहा कहा गया है। ग्रंथि का अर्थ है- बंध जाना।

मुंडक उपनिषद में अविद्या को ग्रंथि कहा गया है, जिसे खोलने पर ही आत्मा का दर्शन संभव है। बंधन की अवस्था में मानव मन में गलत धारणाएं बनने लगती हैं। इसलिए बंधनग्रस्त, अज्ञानग्रस्त, अविद्याग्रस्त व्यक्ति अनात्मकत्व को आत्मा समझने लगता है। क्षणिक वस्तु को स्थायी समझने लगता है। अप्रिय वस्तु को प्रिय समझने लगता है और उसके अनुरूप कर्म करने लगता है और दुखों की दलदल में धंसता जाता है। जैसे नीले रंग का चश्मा पहन लेने से व्यक्ति को सारा संसार ही नीला दिखाई देने लगता है वैसे ही बंधनग्रस्त, अज्ञानग्रस्त व्यक्ति को दुख-सुख प्रतीत होता है, अर्थात अवास्तविक ही वास्तविक प्रतीत होता है पर जब वह नीले रंग का चश्मा उतार लेता है और किसी पारदर्शी जश्मे से इस दुनिया को देखता है तो उसे यह दुनिया अपने वास्तविक रूप में दिखाई पड़ने लगती है।

बंधन की अवस्था में आत्मा को सांसारिक दुखों के अधीन रहना पड़ता है। बंधन की अवस्था में जीवात्मा को निरंतर जन्म ग्रहण करना पड़ता है। इस प्रकार जीवन के दुखों को सहना तथा बार-बार जन्म ग्रहण करना ही बंधन है और इस बंधन का अंत ही मोक्ष है। इस बंधन से मुक्त हो जाना ही मुक्ति है। मोक्ष दुख के पूर्ण निरोध की अवस्था है। मोक्ष को अपवर्ग भी कहा गया है। अपवर्ग का अर्थ ही है शरीर और इंद्रियों के बंधन से आत्मा का मुक्त हो जाना। मोक्ष की अवस्था में जीव अपने यथार्थस्वरूप को पहचान लेता है तथा ब्रह्म के साथ उसकी तादात्म्यता हो जाती है। इस प्रकार मोक्ष अथवा मुक्ति ब्रह्मात्मैक्य बोध है अर्थात ब्रह्म और आत्मा की एकता का, अभिन्नता का ज्ञान अथवा बोध ही मोक्ष है, मुक्ति है, कैवल्य है, निर्वाण है, स्वरूपस्थिति है, स्वोपलब्धि है। ब्रह्म और आत्मा के अभेद का ज्ञान ही भवबंधन से मुक्त होने का कारण है, जिसके द्वारा जीवात्मा अद्वितीय, आनंदस्वरूप ब्रह्मपद, परमपद को प्राप्त कर लेता है। ब्रह्म और आत्मा की अभिन्नता का बोध हो जाने पर जीवात्मा को फिर जन्म-मरण रूपी संसार चक्र में नहीं पड़ना पड़ता और वह सभी प्रकार के सांसारिक दुखों व क्लेशों से मुक्त हो जाता है।

अखंड ज्योति

आपके पत्र

लोकसभा चुनाव में नए समीकरण बनाए

चुनाव कोई मासी का घर नही है। मतदाताओं को रिझाने के लिए उनके कार्यो को करना पड़ता है। विकास के कार्य करने पड़ते है. वाद-विवाद और बड़लतें समीकरण की यह तस्वीर साफ झलक रही है कि जो दल जनता का है,जनता के कार्यो को निपटाया है और विकास की बुलंदियों को छुआ है वे जीत के हकदार है। एक फेज का चुनाव हो गया है और दूसरे फेज का चुनाव आज होना है। लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दलों ने अपनी दुंदुभिया बजा दी है। अब देखना यह है कि पांच साल में क्या परिवर्तन आया है और विपक्ष कहां है। पिछले लोकसभा चुनाव में कोई टक्कर नहीं थी। 2014 से लोकसभा चुनाव का सारा गणित बदल कर रख दिया है। पहले नंबर पर रही भाजपा तीसरे टर्म में भी अपनी प्रतिष्ठा बरकरार रखते हुए जीत की भारी उम्मीद है। सतारू

जेईई मेन्स सीजन 2 के परिणामों में शहर के होनहारों ने मारी बाजी

जबलपुर, देशबन्धु। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा जेईई मेन्स सीजन-2 के रिजल्ट बुधवार रात जारी किए गए। देश के प्रमुख आइआइटीज और इंजीनियरिंग के टॉप कॉलेजों में दाखिले के लिए युवाओं ने दो चरणों में एग्जाम दिया था। प्रथम चरण में कैंडिडेट्स के सिर्फ पर्सेन्टाइल जारी किए गए थे, वहीं द्वितीय चरण की परीक्षा के परिणाम में उनकी ऑल इंडिया रैंक जारी की गई।

एडवांस के लिए अधिक मेहनत

एग्जाम क्लीयर करने वाले कैंडिडेट्स का कहना था कि एडवांस के लिए अब अधिक मेहनत करने की जरूरत है। मेंस और एडवांस में बहुत अधिक बदलाव नहीं है, इसलिए नई चीजों को शुरू करने से बेहतर है कि जिन चीजों की तैयारी है उसे ही मजबूत किया जा सके।

इन्होंने किये शानदार अंक हासिल

लक्ष्य जैन (99.77), पर्व जैन (99.76), ओमनारायण गुप्ता (99.76), शौर्य शिवहरे (99.58), अंकुर एस कुशवाहा (99.51), पीयूष पटेल (99.26) रुपांशु गुप्ता (99.50), आदित्य सिंह (99.42), गौरव कुमार (99.39), लघवी जैन (99.15), शास्वत तिवारी (99.11), निहाल शर्मा (99.07), तुषार सिंह राजावत (99.04)

सफलता के सूत्र

- डेली 6 से 8 घंटे की पढ़ाई
- ज्यादा से ज्यादा रीविजन
- नई तैयारी से दूरी
- मोबाइल और नोट्स का परफेक्ट रेशो
- हॉबीज एक्टिविटी
- टीचर गाइडेंस
- सेल्फ स्टडी
- ऑनलाइन कंटेंट

केन्द्रीय जेल में बंदियों के हितार्थ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

जबलपुर, देशबन्धु। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष के निर्देशन में गुरूवार को नशा पीड़ितों के लिये विधिक सेवा योजना के अंतर्गत विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट)/ सातवें जिला न्यायाधीश शशि भूषण शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अवधेश कुमार श्रीवास्तव एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी बीडी दीक्षित तथा 51 पुरुष हवालाती बदी 8 हवालाती महिला बंदी 5 महिला दण्डित बंदी 12 जेल पैरालीगल वॉलेंटियर्स सहित कुल 76 बंदियों की उपस्थिति में बंदियों के हितार्थ केन्द्रीय जेल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट)- सातवें जिला न्यायाधीश शशि भूषण शर्मा द्वारा बंदियों को नशों से दूर रहने व नशे से पीड़ित बदियों के लिये कानूनी अधिकारों तथा विभिन्न कानूनी प्रावधानों पर चर्चा की गई। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अवधेश

कुमार श्रीवास्त द्वारा बंदियों को उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया तथा कानूनी-न्यायिक प्रक्रिया एवं प्लीवार्गेनिंग संबंधी प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की। गई। शिविर का आयोजन जेल अधीक्षक अखिलेश तोमर के मार्गदर्शन में तथा उप जेल अधीक्षक मदन कमलेश, उप जेल अधीक्षक रूपाली मिश्रा, लेखापाल राहुल चौरसिया, प्रहरी विवेकानन्द शर्मा तथा जेल पैरालीगल वॉलेंटियर्स की उपस्थिति व सहयोग में सम्पन्न हुआ।

विश्व मलेरिया दिवस पर जागरूकता रैली निकली

जबलपुर, देशबन्धु। प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी तारतम्य में गुरूवार को जिला चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा के निर्देशन में डॉ. आरके पहारिया जिला मलेरिया अधिकारी एवं डॉ संतोष ठाकुर जिला क्षय अधिकारी, डॉ. संजय जैन चिकित्सा अधिकरी ने प्रचार प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर खाना किया गया। इस रैली में प्रचार प्रसार रथ के माध्यम से स्पीकर साउंड एवं पंपलेट वितरण कर लोगों को मलेरिया से बचाव के लिये जागरूक किया जायेगा। इस रैली में इएमबीइडी ने सहभागिता प्रदान की। रैली के पश्चात् एक कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें डॉ. राकेश पहारिया जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया से बचाव की विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यशाला में सुमन कोल सहायक मलेरिया अधिकारी, योगेन्द्र सिंह सलाहकार व्हीबीडीसीपी, अनिल उसरेठे, कमलकांत चौरसिया, अशोक मेहरा, सुशील गर्ग, नवीन यादव, ब्रजेश मिश्रा, आलोक अग्निहोत्री, रामबिहारी पटेल, योगेश कपूर, पंकज जायसवाल एवं समस्त मलेरिया कर्मचारी उपस्थित थे।

बिना मान्यता के चल रहे स्कूलों को तत्काल बंद करने की मांग

जबलपुर, देशबन्धु। महाकौशल लॉ स्टूडेंट एसोसिशन ने गुरूवार को जिला कलेक्टर एवं शिक्षा अधिकारी को बिना मान्यता प्राप्त संचालित हो रहे ब्रिटिश फोर्ट फाउंडेशन के चार स्कूलों के दस्तावेज प्रस्तुत कर स्कूलों को तत्काल बंद करने की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष एड. अंकुश चौधरी ने बताया कि ब्रिटिश फोर्ट फाउंडेशन एवं रक्षा इंटरनेशनल के शहर में छह स्कूल संचालित हो रहे हैं, जो की तेवर, अधारताल, राइटटाउन, सिविल लाइंस, धनवंतरी एवं ग्वारीघाट में स्थित है। जो सीबीएसई बोर्ड द्वारा संचालित किया जा रहा है। इसकी जानकारी स्वयं ब्रिटिश फोर्ट फाउंडेशन ने अपने ब्रोशर में प्रकाशित किया है।

लेकिन सीबीएसई बोर्ड की साइट में ब्रिटिश फोर्ट फाउंडेशन स्कूल की एक ही ब्रांच प्रकाशित हो रही है। जो तेवर में स्थित है एवं मध्य प्रदेश शिक्षा बोर्ड के मान्यता सूची में रक्षा इंटरनेशनल स्कूल का नाम प्रकाशित हो रहा है, उसमें भी स्कूल के पास जिलेटिन की फैक्ट्री होने के कारण बच्चों के स्वस्थ के लिए बहुत हानिकारक है। शेष 4 ब्रांच जो अधारताल, सिविल लाइन, धनवंतरी नगर, ग्वारीघाट में स्थित है उनकी कोई भी जानकारी सीबीएसई की साइट में नहीं दिखाई दे रही है और न ही मध्य प्रदेश शिक्षा बोर्ड की सूची में है। ये चार स्कूल किस बोर्ड से मान्यता प्राप्त हैं इसकी जानकारी नहीं दी जा रही है।

इनके प्ले ग्राउंड, स्कूल एरिया एवं अन्य माप दंड की भी पूर्ण जांच की जाए एवं सीबीएसई बोर्ड के द्वारा 21 मई 2021 को सर्कुलर जारी किया गया है जिसमें स्कूल के कुछ महत्पूर्ण जानकारी स्कूल वेब साइट में प्रकाशित करनी अनिवार्य की है, जैसे की स्कूल का पूर्ण पता एवं पिन कोड, फीस स्ट्रक्चर, स्कूल मैनेजमेंट कमिटी लिस्ट, यूट्यूब में स्कूल इंफ्रास्ट्रक्चर की लिंक एवं आदि जानकारी ब्रिटिश फोर्ट फाउंडेशन की वेबसाइट में सीबीएसई के द्वारा सर्कुलर के आदेशानुसार का भी पूर्ण पालन नहीं किया गया, जिसकी सूक्ष्मपूर्वक ब्रिटिश फोर्ट फाउंडेशन के सभी विद्यालयों की जांच की जाए। एडिशनल कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी ने आश्वासन दिया है कि15 दिनों के अंदर करवाई कर दी जाएगी।

ज्ञापन सौंपते समय अंकुश चौधरी, एड. मोहित प्यासी, राहुल अग्रिया, रोहित कुरील, एड. शुभम प्रजापति, पुनीत चौबे, प्रियेश शर्मा, मोहित पियाशी, एड. नितिन पटेरिया, प्रतीक कोरी, आशीष चौकसे, अमित पटेल, अभिरूप चंसोरिया, एड. गौरव तिवारी, एड. प्रीति, एड. धीरेंद्र सिंह, एड. आनंद सिंह, रोहित नामदेव, अभि नाहर, शिपू सोनकर, मनीष प्रजापति, कुणाल सेन, जोहेब खान, सुरेंद्र शर्मा, विवेक तमरकर, गुरु ताम्रकार उपस्थित रहे।

मेडिकल अस्पताल में बेटे ने किया मां का देहदान

जबलपुर, देशबन्धु। संत रामपाल महाराज के शिष्या व्हीकल मोड़ निवासी 70 वर्षीय सरोज पांडेय का 24 अप्रैल को निधन हो गया था। उनके पुत्र युगलेश पांडेय ने बताया कि संत रामपाल महाराज के शिष्य होने के नाते हमें ये प्रेरणा मिली है और

हमारे गुरु महाराज सत्संगों में बताते हैं कि जब तक हम जीवित हैं, तब तक दूसरों की सेवा करें, दूसरों का परोपकार करें और मरने के बाद भी इस शरीर से लोगों की सेवा करने की कोशिश करें। गुरुवार को मेडिकल अस्पताल में संत रामपाल महाराज की शिष्या सरोज पांडेय की देह दान कर दी। उनके पुत्र युगलेश पांडेय ने गुरूवार अपनी माता की अंतिम इच्छा को पूरा किया। उनके पुत्र युगलेश पांडेय ने बताया कि मेरी माता सरोज पांडेय ने 2019 में देहदान का संकल्प लिया था। एनाटॉमी विभाग के डॉ. एनएल अग्रवाल ने बताया कि संत रामपाल महाराज के अनुयायी बहुत ही अच्छा कार्य कर रहे हैं और उनके अनुयायियों ने पहले भी देहदान से जुड़े कार्य किए हैं। इस मौके पर डॉ. ललित श्रीवास्तव, डॉ. राजेन्द्र कुशवाहा मौजूद थे। उनके बड़े पुत्र योगेश पांडेय भी मौजूद रहे। साथ ही संत रामपाल महाराज के अनुयायी जबलपुर के सेवादार सत्येन्द्र दास, दीपक दास, नीलेश दास, प्रहलाद दास उपस्थित थे।

एपीएन स्कूल के दसवीं-बारहवीं के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

जबलपुर, देशबन्धु। विगत दिवस माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा कक्षा दसवीं व बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें एपीएन स्कूल के दसवीं और बारहवीं के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शाला का नाम गौरवान्वित किया। संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने कहा कि हमारी शाला के शिक्षक शिक्षिकायें विद्यार्थियों को लगन एवं जिम्मेदारी से अध्यापन करवाते है। जिसके परिणाम स्वरूप मण्डल द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में हमारी शाला के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शाला के प्राचार्य अजय वर्मा, उप प्राचार्या मनु श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

बिना लाइसेंस के कीटनाशक बेचने पर दुकान सील, खेती की दवाएं जप्त

जबलपुर, देशबन्धु। किसान कल्याण एवं कृषि विभाग के अधिकारियों ने गुरूवार को आकस्मिक जांच कर बरेला स्थित आनंद कृषि केंद्र को उसे जारी किये गये लाइसेंस में उल्लेखित

कीटनाशकों की बजाय अन्य कम्पनियों के कीटनाशक बेचने पर सील कर दिया है। उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास रवि आम्रवंशी के अनुसार जांच की इस कार्यवाही में आनंद कृषि केंद्र के संचालक आंनद साहू को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है तथा तीन दिन के भीतर जबाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि नोटिस का समय पर और संतोषजनक जबाब नहीं मिलने पर लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही की जायेगी। उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास ने बताया कि आनंद कृषि केंद्र से लायसेंस में बिना प्रिंसिपल सर्टिफिकेट जुड़वाये विभिन्न कम्पनियों के कीटनाशकों के विक्रय किये जाने की शिकायतें प्राप्त हुईं थीं

डब्ल्यूएसईसी हाई स्कूल का शानदार परिणाम

पांचवी-आठवीं के बच्चे भी रहे अव्वल

जबलपुर, देशबन्धु। पश्चिम मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा संचालित डब्ल्यूएसईसी हाई स्कूल का माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित दसवीं बोर्ड में शाला का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। जिसमें शाला के 52 विद्यार्थी सम्मलित हुए। प्रथम स्थान पर रितिका श्रीवास्तव 90 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर पुष्पेंद्र सिंह 87.8 फीसदी व अर्चिता महावर 84.8 फीसदी के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शाला का नाम गौरवान्वित किया। साथ ही 23

अप्रैल को घोषित हुआ राज्य शिक्षा केंद्र का पांचवी व आठवीं का परीक्षा परिणाम भी शानदार रहा। जिसमें शाला के पांचवी के 68 विद्यार्थी व आठवीं के 59 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। जिसमें 66 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी (पांचवी 55 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से (आठवी) के उत्तीर्ण हुए। कक्षा आठवीं की छात्रा साक्षी उपाध्याय द्वारा 92 फीसदी अंक हासिल कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया गया। द्वितीय स्थान पर कनक सिंह राजपूत 89.5 फीसदी व तृतीय स्थान पर शाला के दो विद्यार्थी सोनम तामकर व आदित्य कुमार जायसवाल 88.5 फीसदी पर रहे। इसी प्रकार कक्षा पांचवी से आदित्य कुमार प्रजापति प्रथम स्थान पर 89 फीसदी व सुनहरी जाट व अमायरा यादव 88 फीसदी से द्वितीय स्थान पर तथा प्रियांशी रैकवार 87 फीसदी से तृतीय स्थान पर रही। सभी बच्चों की मेहनत का श्रेय शाला प्रचार्या आशा अवस्थी द्वारा उनकी शिक्षिकाओं व माता-पिता के संपूर्ण सहयोग को दिया गया।

यश नर्सरी हायर सेकेण्डरी स्कूल का छात्र मैरिट लिस्ट में

जबलपुर, देशबन्धु। यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल, अधारताल और गोहलपुर द्वारा बोर्ड परीक्षाओं में सर्वोच्च उन स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

संस्था के आदर्श वाक्य को सार्थक करते हुए संस्था के छात्रों द्वारा बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर अपने माता-पिता, टीचर्स, प्रिंसिपल और संस्था का नाम रोशन किया हैं।

इस वर्ष संस्था के छात्र साहिल गुप्ता ने प्रदेश की मैरिट लिस्ट में 10 वा और जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलाव क्लास 5 में अंशिका कोरी 93.5त्न, क्लास 8 में कृष्णा कुमार पटेल 92.6त्न, क्लास 10 में पलक सिंह 96त्न, गुलनार बानो 92.8त्न, श्रृष्टि सोनी 92.2त्न,कुमकुम विश्वकर्मा 88.6त्न, श्रृष्टि सोनी 85.5त्न क्लास 12 में साहिल गुप्ता 96.4त्न, प्रवीण रजक 93.2त्न, सुयश गुप्ता 93त्न, देवेंद्र श्रीवास 89.4त्न,माही जैसवाल 88.8त्न, अल इज वा सिद्धकी 86त्न, हर्षित कुर्मी 85.8त्न, अमोघ चौबे 85.4त्न, सौम्या कनौजिया 85.2त्न ,सहिमा परवीन, रिचा राठौर,राधा बर्मन, साक्षी पटेल, आराध्या प्रजापति, हर्षिता वेन के द्वारा मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया, साथ ही प्रतिवर्ष की तरह ही इस वर्ष भी संस्था का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस उपलब्धि पर संस्था संचालक डॉ विजयकांत तिवारी, प्राचार्य श्रीमती सोनल तिवारी के साथ ही समस्त स्टॉफ ने छात्रों को बधाई प्रेषित की और उनके उज्ज्वल भविष्य को कामना की हैं।

रेलवे में सर्वाधिक आय अर्जित करने वाले मंडल के 59 टिकिट निरीक्षकों का सम्मान

जबलपुर, देशबन्धु। जबलपुर रेल मंडल में यात्री गाड़ियों में बिना टिकिट एवं अनियमित टिकिट लेकर यात्रा का मजा लेने वालों को पकड़कर उनसे 55 करोड़ रूपये से अधिक की राशी का अधिभार वसूलकर रेलवे के खजाने में जमा करने वाले रेलवे के चल टिकिट निरीक्षकों को एक समारोह में सम्मानित किया गया।

पश्चिम मध्य रेल की कुशल महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के मार्गदर्शन एवं प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ओम प्रकाश के निर्देशन पर जबलपुर रेल मंडल में ट्रेनों में अनियमित अथवा बिना टिकिट के रेल यात्रा करने वालों पर वज्र बनकर उनकी धरपकड़ करने वाले जबलपुर रेल मंडल के चल टिकिट निरीक्षकों का मनोबल बढ़ाने के लिये रेल प्रशासन द्वारा एक समारोह में मंडल के शीर्ष 59 टिकिट चेकिंग स्टाफ को सीनियर डीसीएम विश्व रंजन द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया गया।

श्री रंजन द्वारा उड़न दस्ते के मुख्य चल टिकिट निरीक्षक आशीष यादव, विनय भार्गव, सुजीत कुमार, रुमीत सिंह, रणजीत सिंह भुल्लर, विनय कुमार खरे, चल टिकिट निरीक्षक, वीर सिंह बुंदेला, प्रीतम सिंह, महिला दुर्गा वाहनी की निरीक्षक निधि सिंह बघेल, काजल पंजवानी, आरती सेन, बरखा नागेश, मोनिका बर्मन, स्टेशन स्काड के अजय भालेराव, एके रावत, अवधेश तिवारी गीता पवार एवं समा खान आदि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सहायक वाणिज्य प्रबंधक अखिलेश कुमार नायक, गुन्नार सिंह के साथ ही अन्य वाणिज्य निरीक्षक, टिकिट निरीक्षक आदि भी उपस्थित थे।

पमरे के सभी स्टेशनों पर कोच गाइडेंस सिस्टम लगे

एनएसजी 2, 3 एवं 4 श्रेणी के सभी स्टेशन शामिल

जबलपुर, देशबन्धु। पश्चिम मध्य रेल द्वारा यात्रियों की सुविधाओं में निरंतर विस्तार किया जा रहा है। पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के मार्गदर्शन में पश्चिम मध्य रेल ने यात्रियों की सुविधा के लिए 50 स्टेशनों के 142 प्लेटफार्मों पर कोच गाइडेंस सिस्टम लगाए हैं। जिसमें पश्चिम मध्य रेल के एनएसजी- 2 श्रेणी के 4 स्टेशन, एनएसजी- 3 श्रेणी के 9 स्टेशन एवं एनएसजी- 4 श्रेणी के 15 स्टेशन हैं। इन सभी पर शत-प्रतिशत कोच गाइडेंस सिस्टम लगाए जा चुके हैं। इसके आलावा अन्य कैटेगरी के स्टेशनों पर भी कोच गाइडेंस सिस्टम लगाए जा चुके है। कुल मिलाकर मार्च 2024 तक जबलपुर मण्डल के 14 स्टेशनों के 40 प्लटफार्मों, भोपाल मण्डल के 15 स्टेशनों पर 53 प्लटफार्मों और कोटा मण्डल के 21 स्टेशनों पर 49 प्लेटफार्मों में कोच गाइडेंस सिस्टम लगाकर यात्रियों की सुविधाओं में विस्तार किया गया। इससे यात्रियों को अपने निर्धारित कोच के पास पहुंचकर गाड़ी में चढ़ने में सुविधा हो रही है।

जबलपुर मण्डल के 14 स्टेशन

जबलपुर, मदन महल, करेली, नरसिंहपुर,

गाडरवारा, पिपरिया, कटनी, कटनी साऊथ, कटनी मुड़वारा, मैहर, सतना, रीवा, दमोह एवं सागर स्टेशनों पर कोच गाइडेंस सिस्टम लगे।

भोपाल मण्डल 15 स्टेशन

भोपाल, रानी कमलापति, इटारसी, नर्मदापुरम, विदिशा, संत हिरदा रामनगर, बीना, हरदा, अशोक नगर, गुना, रुठियाई, शिवपुरी, गंजबासौदा, साँची एवं मंडीबामौरा स्टेशनों पर कोच गाइडेंस सिस्टम लगे।

कोटा मण्डल 21 स्टेशन

कोटा, बारां, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, रामगंज मण्डी, शामगढ़, विक्रम आलोट, बयाना, भरतपुर, श्रीमहावीर जी, हिण्डौन सिटी, सोगरिया, बूंदी, लाखेरी, भवानीमंडी, डकनिया तलाव, छबड़ा गुगोर, इन्द्रगढ़ सुमेरगंज मंडी, सुवासरा, झालावाड़ सिटी एवं चौमहला स्टेशनों पर कोच गाइडेंस सिस्टम लगाए गए।

रेलवे में ज्ञानदीप संगोष्ठी का आयोजन

जबलपुर, देशबन्धु। रेल प्रशासन द्वारा समय समय पर जारी की गई नई नीतियों, सर्कुलर्स, आदि की अप-टू-डेट जानकारी रेलकर्मियों के साथ साझा करने के उद्देश्य से महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के निर्देश पर हर महीने ज्ञानदीप संगोष्ठी का आयोजन पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय में किया जाता है। इस संगोष्ठी में जबलपुर, भोपाल एंव कोटा मंडलों के कार्मिक विभाग से संबंधित अधिकारीगण एवं मुख्यालय के अधिकारी, पर्यवेक्षकगण, डीलिंग क्लर्क आदि शामिल होते हैं तथा अपने अनुभवों को साझा करते हैं और समस्याओं का निराकरण भी करते हैं।

बुधवार को पश्चिम मध्य रेलवे महाप्रबंधक कार्यालय में कार्मिक विभाग के तत्वावधान में ''ज्ञानदीप संगोष्ठी'' आयोजित की गई। जिसमें इंडेंटिंग ऑफ़ रेलवे स्टॉफ एंड ओआरआईएमएस विषय पर स्थापना संगोष्ठी आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य कार्मिक अधिकारी-प्रशासन दीपक कुमार गुप्ता, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी पूर्णिमा जैन, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी एचएस मीणा, अध्यक्षा रेल भर्ती प्रकोष्ठ स्वाति अग्रवाल एवं उप मुख्य कार्मिक अधिकारी-औ.सं. संजय कुमार तथा मुख्यालय के समस्त कार्मिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा 251 दीपों से आरती

जबलपुर, देशबन्धु। जबलपुर विभाग प्रचार प्रसार प्रमुख अजय चौरसिया ने जानकारी दी की विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल संगीतमय प्रति मंगलवार हनुमान चालीसा समिति के तत्वाधान में साप्ताहिक हनुमान चालीसा पाठ का ,251 वा सप्ताह एवम श्री हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूम धाम से धनवंतरी नगर चौराहे पर सम्पन्न हुआ जिसमे भक्तों के द्वारा सुंदर काण्ड का पाठ , हनुमान चालीसा का पाठ , वा पौधों का वितरण किया गया । साथ ही श्री राम , श्री हनुमान , भारत माता की झांकी वा 251 दीपों से महा आरती की गई इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी श्रद्धालुओं का सहयोग रहा जिसमे महाकौशल प्रांत सह मंत्री प्रदीप गुप्ता जी बजरंग दल विभाग संयोजक सुमित सिंह ठाकुर रमेश श्रीवास यतेंद्र उपाध्याय रोहित सिंह ठाकुर गंगाराम आशीष शिवहरे कमल लोधी उज्जवल सिंह नितेश विश्वकर्म सुरेंद्र बर्मन शिवा विश्वकर्मा राहुल जायसवाल सजल रजक सतीश श्रीवास्तव वाणी अहलूवालिया एवं क्षेत्रीय जन बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी सहयोगियों का बहुत-बहुत आभार।

त्रिदिवसीय हनुमत कथा में भगवान श्रीराम की महिमा का वर्णन

जबलपुर, देशबन्धु। ब्राह्मण समाज, जबलपुर द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय हनुमत कथा सत्संग महोत्सव में पूज्य ब्रह्मचारी निर्विकल्प स्वरूप महाराज ने बताया कि ज्ञानी लोग क्या करते हैं, दूसरे लोगों को उपदेश देते हैं, परमात्मा से जोड़ते हैं। हनुमान जी ने भी रावण को उपदेश दिया रावण सीता जी का हरण करके ले आया तब हनुमानजी ने वहां जाकर रावण को बहुत समझाया की जिसके बल के लवलेश से तुमने तीनों लोगों को जीता है चराचर को जीता है उन्हीं राम का मैं दूत हूं। हे रावण तुम सुधर जाओ बहुत समझाया हाथ भी जोड़ा , तुम मेरी बिनती सुनो अनेक प्रकार के उपदेश दिए। तब रावण कहने लगा हमें के वानर गुरु मिले हैं और बोलने लगा। हे खल तेरी मृत्यु निकट आ गई है तू मुझे समझाने आया किसी मान ले वह रावण कहां किसी की ना माने वही तो रावण बहुत लोगों ने भी समझाया उसकी पत्नी ने, मामा जी ने, नाना जी ने, बेटे ने रावण महा अभिमानी इस प्रकार सभी ने रावण को समझाया पर रावण नहीं माना ।

आगे के प्रवचन में पूज्य ब्रह्मचारी जी ने कहा पढ़ा लिखा हो मगर अभिमान हो तो वह सब व्यर्थ चला जाता है। दुनिया में तीन प्रकार के लोग होते हैं शठ , खल और मूर्ख ब्रह्मा जी जैसे गुरु मिलने पर भी मूर्ख व्यक्ति नहीं सुधर सकता इसलिए ऐसे लोगों से दूर रहना चाहिए। साथ ही ब्रह्मचारी जी ने कहा कि हनुमान जी सौ योजन समुद्र पार किया कई निशाचारों को मारा बगीचा उजाड़ डाला लंका जलाई फिर भी उनके मन में कोई अभिमान नहीं हनुमान जी से सब वानर भालू ने पूछा यह सब अपने कैसे किया तो हनुमान जी बोले यह सब मैंने नहीं किया यह सब राम जी ने किया है उन्हीं के प्रताप से यह सब हुआ है। और सत्संग सानंद पूर्ण होने पर अपने पूज्य गुरुदेव भगवान ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज को सारा श्रेय दिया उन्हीं के आशीर्वाद से यह सत्संग संपन्न हुआ और अपने पूज्य गुरुदेव की तरफ से सभी सिवनी ब्राह्मण समाज, जबलपुर को आशीर्वाद दिया सत्संग में समाज के अनेक सदस्य सपत्नीक उपस्थित रहे जिसमें मुख्यतः रामानुज तिवारी, मनोज तिवारी, यशोवर्धन शुक्ल, सरयू तिवारी, उमाकांत तिवारी एंव पवन दुबे विशेष उल्लेखनीय है ।

स्टूडेंट्स ने सुनी आईएनएस ब्रह्मपुत्र की गौरवगाथा

एमबी एरिया के आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर 1 व 2 में मोटिवेशनल टॉक

जबलपुर, देशबन्धु। भारतीय सेना का हिस्सा बनने गौरवपूर्ण बात है। ज्यादा से ज्यादा युवाओं को कॅरियर ऑप्शन के तौर पर सेना से जुड़ना चाहिए। यह बात मुख्यालय एमबी एरिया के आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर 1 और 2 में भारतीय नौसेना की आईएनएस ब्रह्मपुत्र अभियान दल द्वारा मोटिवेशनल टॉक में यह बात कही गई। वक्ताओं ने बताया कि आईएनएस ब्रह्मपुत्र की रजत जयंती के मौके पर इसमें सवार विशिष्ट अधिकारियों द्वारा देशभर के स्कूलों में जाकर मोटिवेशनल स्पीच दी जा रही है। इसी कड़ी से जुड़कर गुरुवार को संस्कारधानी के आर्मी पब्लिक स्कूल की दोनों यूनिट में कार्यक्रम हुआ।

नौ सेना की ताकत बताई- कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट कमांडर एन. अंकित, लेफ्टिनेंट कमांडर सौरभ कुमार ने स्टूडेंट्स को भारतीय सेना की ताकत बताई। इसके साथ ही सेना से जुड़ने के लिए गाइड भी किया। उन्होंने आईएनएस ब्रह्मपुत्र की 25 साल की यात्रा की जानकारी भी दी। इस मौके पर प्रधानाचार्य नसीमा रेहुमन का सहयोग रहा।

फूल, पत्ती से बनाया परफ्यूम

जबलपुर, देशबन्धु। शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ के तत्वावधान में ग्रीन गार्जियन थीम के अंतर्गत पेन बाम, क्रीम, परफ्यूम,रोज वॉटर बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य वक्ता डॉ. सुषमा अवस्थी ने पेन बाम ,परफ्यूम, क्रीम, रोज वाटर, होली के रंग बनाने का प्रशिक्षण दिया। इसके साथ ही जड़ी बूटियों से स्याही, मधुबनी रंग, विभिन्न सुगंध, मॉइश्चराइजर, गुलाब जल बनाने की कला सिखाई। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विभिन्न पौधों और फूलों और पत्तियों के उपयोग से उत्पादों का निर्माण करना सिखाया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. एएल महोबिया, प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. जया वाजपेयी, समन्वयक डॉ. उषा मसराम, डॉ. अपर्णा अवस्थी, सह समन्वयक डॉ. प्रीति पाण्डे, डॉ. अर्चना द्विवेदी, डॉ. तनुजा चौधरी, डॉ. मृदुला सिंह, डॉ. प्रतीक्षा गौर, डॉ. शंपा जैन, डॉ. चेतना राणा अग्निहोत्री, वीरेंद्र साकेत मौजूद रहे।

युवाओं के हाथ में देश विकास की डोर

जबलपुर, देशबन्धु। भारतीय शिक्षण मंडल के तत्वावधान में व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विकसित भारत- वाइस ऑफ यूथ विषय पर वक्ताओं ने बात रखी। मुख्य वक्ता शिक्षण मंडल के संगठन मंत्री बीआर शंकरानद, प्रांत प्रचारक बृजकांत, बौद्दिक प्रमुख नागेंद्र, महिला प्रकल्प सह प्रमुख अरूंधति कावड़कर, प्रांत अध्यक्ष डॉ. पुष्पेंद्र सिंह गौतम, रामेंद्र करसोलिया थे। वक्ताओं ने कहा कि उपदेश से देश नहीं बदलता है, देश निर्माण के लिए व्यक्ति निर्माण होना आवश्यक है। कार्यक्रम में शोध पत्र लेखन प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस मौके पर डॉ. संजय पाठक, डॉ. कमलेश गौतम, कोष प्रमुख वायएम दुबे, उपाध्यक्ष डॉ. साम्बशिवाराव, प्रचार प्रमुख डॉ. शेखर सिंह बघेल, डॉ. बृजेश दत्त अरजरिया, डॉ. अतुल दुबे मौजूद थे।

नृत्य और रंगकर्म के सीखेंगे गुर

जबलपुर, देशबन्धु। लोकराग समिति के तत्वावधान में 25 दिवसीय नृत्य एवं अभिनय संस्कार शिविर 25 अप्रेल से 20 मई तक शिव बारातघर कछपुरा में आयोजित होगा। कार्यक्रम में लोकनृत्य, गायन, वादन, क्राफ्ट और अभिनय का प्रशिक्षण दिया जाएगा। लोकनृत्य प्रशिक्षक संजय पांडे, गायन अनिमेष तिवारी, शुभम अर्पित, बांसुरी का प्रशिक्षण प्रेम विश्वकर्मा, मेकअप एवं क्राफ्ट प्रवीण नामदेव एवं अभिनय का प्रशिक्षण संदीप पांडे द्वारा दिया जाएगा। गुरुवार को शिविर की शुरुआत की गई। इस मौके पर अयोध्या पांडे, जितेंद्र झारिया, अनुपम मरकाम, आरती चौधरी, श्रीजल पांडे, हंसिका मिश्रा, मुक्ति मिश्रा, राधा बर्मन, आकृति, तृप्ति कोष्टा, रोहित तिवारी, घनश्याम चौहान, विशाल विश्वकर्मा, कमलेश सिंहरहा मौजूद थे।

आन जाने की जिद ना करो...

जबलपुर, देशबन्धु। गुंजन की गजल निशा नगर शाखा के तत्वावधान में गजल गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आज जाने की जिद न करो..., वो अगर चाहे तो दोनों जहान देता है... जैसी दिल को छू लेने वाली गजलों की प्रस्तुति गजल गायक अनवर हुसैन ने दी। इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. आनंद तिवारी, पंडित रुद्रदत्त दुबे, गुरवचन सिंह चौपड़ा, राजीव अग्रवाल, नरेन्द्र जैन, सुरेश सराफ, संध्या जैन, प्रतुल श्रीवास्तव, प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. आनंद तिवारी, महामंत्री नरेन्द्र जैन, विजय जायसवाल, रमाकांत गौतम, भारती साहा, ग्रामीण अध्यक्ष सूर्यकान्त तिवारी, नगर संयोजक आलोक पाठक, संजय सिंघई, नगर अध्यक्ष संजय जैन, राजीव गुप्ता, अभिषेक अग्रवाल, सुनील मंघरानी मौजूद रहीं।

अखंड रामायण के साथ की गई महाआरती

जबलपुर, देशबन्धु। शिव शक्ति भक्त परिवार द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी अखंड रामायण पाठ एवं महाआरती के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। इसके साथ ही विश्व हिन्दू परिषद द्वारा भव्य महाआरती भी की गई। कार्यक्रम में मुख्य रुप से पूर्व कैबिनेट मंत्री अंचल सोनकर, पार्षद गोवर्धन कश्यप, प्रखंड मंत्री अरविंद सोंधिया, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष लता रैकवार, शिव शक्ति भक्त परिवार के गणेश रैकवार, जुगल किशोर नामदेव, राजेश रैकवार, निक्की रैकवार सहित सभी भक्त परिवार के साथ मातृशक्ति और खेरमाई मंदिर ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

राजेश सहारिया बने प्रांतीय सचिव

जबलपुर, देशबन्धु। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया की आज संगठन के महामंत्री ज़ियाउर्रहीम की अनुशंसा पर राजेश सहारिया को क्रमशः प्रांतीय सचिव एवं कोषाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया द्य ध्यान रहे की राजेश सहारिया लम्बे समय से संगठन के प्रति पूर्ण ईमानदारी, कर्मठता और निष्ठा से कार्य करते आ रहे है उनकी संगठन के प्रति इसी समर्पित भावना को देखते हुए , संगठन के सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में उन्हें पदाधिकारी बनाया गया द्य संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, ज़ियाउर्रहीम, मीनुकान्त शर्मा, राकेश श्रीवास, दिनेश गोंड, गुडविन चार्ल्स, सुधीर अवधिया, हेमन्त ठाकरे, मनमोहन चौधरी, दीपेश जैन, रऊफ खान, एनोस विक्टर,राजकुमार यादव, फिलिप एंथोनी, सुरेन्द्र चौधरी, विनोद सिंह, देवेंद्र भट, संतोष चौरसिया, गोपी शाह, राकेश गुप्ता आदि ने उपस्थित होकर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है ।

चुनाव आचार संहिता की आड़ में कार्यालय प्रमुखों की मनमानी रोकने संभागायुक्त से अपील

जबलपुर,देशबन्धु। प्रोगेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के संभागीय अध्यक्ष व्ही.पी. शुक्ला एवं जिला शाखा अध्यक्ष डॉ. अरूण पाण्डेय ने संभागीय कमिश्नर अभय वर्मा से मांग की है कि संभाग में 30 जून और 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों जिन्होंने उच्च न्यायालय में वेतन वृद्धि के लिये याचिका दायर कर अपने हक में आदेश प्राप्त किये हैं तथा उन्हीं सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को प्रदेश शासन द्वारा भी काल्पनिक वेतन वृद्धि प्रदान के आदेश स्पष्ट रूप से दिये गये हैं।

इसके बावजूद अनेक कार्यालय प्रमुखों के द्वारा वेतनवृद्धि का लाभ प्रदान नहीं किया जा रहा है जिससे पेंशनरों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

उल्लेखनीय है कि कुछ विभाग शासन के उक्त आदेश के परिपालन में संबंधित पेंशनर्स को रिवाइज्ड पीपीओ प्रदान कर रहे हैं। प्रोगेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला शाखा अध्यक्ष डॉ. अरूण पाण्डेय, संभागीय अध्यक्ष व्ही.पी. शुक्ला, आर.के. प्यासी, के.के. शुक्ला, प्रेमवल्लभ शर्मा, डी.एस. गुप्ता, जी.डब्ल्यू, रत्नपारखी, सुखमंत पाण्डे, कुण्डम तहसील अध्यक्ष एन.पी. निगम, रमेश साहू, अशोक पाण्डे, आर.एल. पाण्डे, डी.डी. शर्मा, एस.आर. रजक, गुलाब कोरी, सी.एल.शाक्यवार, ओमशंकर शुक्ला, सतीश दुबे, मोहन विश्वकर्मा, डॉ. एम.एल. शर्मा, अशोक शिवहरे, प्रफुल्ल तिवारी, के.एल. कोष्टा आदि ने संभागीय कमिश्नर जबलपुर से अपील की है कि संभाग के समस्त कार्यालय प्रमुखों को कृपया निर्देश प्रसारित करने का कष्ट करें जिससे सेवानिवृत्त शासकीय सेवाओं को यह लाभ अविलम्ब प्राप्त हो सके। यदि कार्यालय प्रमुख विलम्ब करते हैं तो न्यायालय भी अवमानना से संबंधित याचिका लगाने पर भी विचार किया जायेगा।

दैनिक राशिफल

शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। बैशाख कृष्ण पक्ष की तृतीया, नक्षत्र-अनुराधा।

मेष
आज आप आध्यात्मिक विचारों में ज्यादा रुचि लेंगे। गूढ़ रहस्यमय विद्याओं की तरफ विशेष आकर्षण होगा।

कर्क
आज का दिन शांत रहकर गुजारने की जरूरत है। शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता आपको बेचैन करेंगी। आकस्मिक खर्च होगा।

वृषभ
आज आपको दांपत्यजीवन का विशेष आनंद मिलेगा। आप सपरिवार किसी सामाजिक स्थान पर घूमने जाने का कार्यक्रम बना पाएंगे।

सिंह
नकारात्मक विचार हताशा पैदा करेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थता अनुभव करेंगे। विवाद हो सकता है।

मिथुन
कार्य सफलता और यश-कीर्ति प्राप्त करने के लिए आज का दिन शुभ है। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

कन्या
आज किसी भी काम की नई शुरुआत कर सकते हैं। आपको काम में सफलता मिलेगी। आप विरोधियों को भी परास्त कर सकेंगे।

`क- 160-468

तुला
अपना जिद्दी व्यवहार छोड़कर काम करें। आपकी अनियंत्रित वाणी किसी से मनमुटाव हो सकता है। लाभ होगा।

मकर
नौकरी- धंधे और व्यापार के क्षेत्र में आज का दिन लाभदायक रहेगा। मित्रों, सगे-संबंधियों के साथ घूमने जाएंगे।

वृश्चिक
तन-मन से खुश और प्रफुल्लित रहेंगे। परिजनों और मित्रों के साथ उत्तम भोजन, यात्रा या मुलाकात का अवसर आएगा।

कुंभ
आज आपके सभी काम निर्विघ्न पूरे होंगे। इससे आपको खुशी मिलेगी। नौकरी-व्यवसाय में परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी।

धनु
प्रेमीजनों के बीच वाद-विवाद के कारण मनमुटाव होंगे। माता-पिता के साथ मतभेद होगा। स्वास्थ्य खराब होगा। आर्थिक लाभ की संभावनाएं हैं।

मीन
नकारात्मक विचार आप पर हावी न हो, इसका ख्याल रखें। मानसिक अस्वस्थता से परेशानी हो सकती है। स्वास्थ्य के संबंध में शिकायत रहेगी।

म. 488-590

6,7,2,4,67,74,29,48,33,82,13,88

निधन

ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान

श्री विजय कुमार श्रीवास्तव- मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पास निवासी श्री विजय कुमार श्रीवास्तव (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

सुश्री वीना सलारिया- आदर्श नगर नर्मदा रोड निवासी श्री निहाल चंद सलारिया की पुत्री सुश्री वीना सलारिया (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री विनोद कुमार पांडे- कचनार सिटी विजयनगर निवासी श्री विनोद कुमार पांडे (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री रीतेश कुमार शर्मा- द्वारका नगर चुंगी चौकी लालमाटी निवासी श्री कैलाश चंद्र शर्मा के पुत्र श्री रीतेश कुमार शर्मा (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती उर्मिला यादव- रेलवे रेस्ट हाउस के पीछे सिविल लाइन निवासी श्री पन्ना लाल यादव की धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला यादव (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

श्रीमती पूर्णिमा यादव- उड़िया मोहल्ला छोटी ओमती निवासी श्री सुरेश यादव की धर्मपत्नी श्रीमती पूर्णिमा यादव का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री गोपाल राम धानुक- रामनगर व्हीकल रोड रांझी निवासी श्री गोपाल राम धानुक (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री राजेश केवट- कछियाना द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री राजेश केवट (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में विगत दिवस किया गया।

श्रीमती तारा बाई- कुदवारी अमखेरा निवासी श्री रूप चंद की धर्मपत्नी श्रीमती तारा बाई (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री नित्तू कुरील- राजीव गांधी नगर कटंगा केंट निवासी श्री रमेश कुरील के पुत्र श्री नित्तू कुरील (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री अजय पासी- मोदी बाड़ा सदर निवासी श्री राजू पासी के पुत्र श्री अजय पासी (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

पटवारी ने पत्नी की गला घोंटकर की हत्या, फिर लिखने पहुँच गया गुमशुदगी की रिपोर्ट

जबलपुर, देशबन्धु। कुंडम थानातंर्गत ग्राम चौरई में एक पटवारी ने अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। वारदात को 22 अप्रैल की रात को अंजाम दिया गया। इसके बाद आरोपी ने बोरी में अपनी पत्नी की लाश को भरा और सीतापुर डैम में ठिकाने लगाने पहुंच गया, लेकिन किसी कारण वश वह बोरी को झाडियों में छिपाकर भाग आया और दूसरे दिन पुलिस थाना पहुंचकर पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। उसके बाद रात में जाकर लाश भरी बोरी को डैम में फेंक दिया। पुलिस ने संदेह होने पर जब कड़ाई से पूछताछ की तो परत दर परत पूरा मामला स्पष्ट हो गया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

कुंडम पुलिस ने किया अंधी हत्या का खुलासा

कुंडम टीआई अनूप नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम चौरई निवासी रंजीत मार्को डिंडौरी शहपुरा में पटवारी के पद पर पदस्थ है। 22 अप्रैल की रात्रि करीब 11 बजे घरेलू बातों को लेकर उसका विवाद अपनी पत्नी सरला से हो गया। इसी दौरान रंजीत ने गला घोंटकर सरला की हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी ने सरला की लाश को एक बोरी में बंद किया और उसे सीतापुर डैम फेंकने ले गया। जहां कुछ आहट होने पर वह बोरी को वहीं छिपाकर घर आ गया। इसके बाद 23 अप्रैल की दोपहर सुनियोजित तरीके से वह थाने पहुंचा और सरला की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी।

शिकायत के बाद लाश को लगाया ठिकाने

टीआई अनूप नामदेव ने बताया कि संदेह होने पर जब आरोपी से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने हत्या करना स्वीकार किया। आरोपी ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कराने के बाद वह पुनरू सीतापुर डैम के पास पहुंचा। जहां बोरी में छिपाकर रखी गई लाश को ऊपर से डैम में फेंक दिया। जिसके बाद पुलिस ने बीते दिवस एसडीआरएफ टीम की मदद से डैम से बोरी भरी लाश बरामद की। पुलिस ने मामले में हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी पटवारी रंजीत मार्को को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

डीजे में नाचने के विवाद पर घर में फेंके बम

लार्डगंज उजार पुरवा क्षेत्र में वारदात

जबलपुर, देशबन्धु। लार्डगंज थाना अंतर्गत आगा चौक क्षेत्र स्थित जल मंदिर के पास बीती देर रात डीजे में नाचने को लेकर हुए विवाद के बाद एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के घर पहुंचकर बमों से हमला कर दिया। जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।

पुलिस ने बताया कि आगा चौक गली नंबर-4 उजाड़ पुरवा निवासी 21 वर्षीय सौरभ रैकवार आटो चलाता है। बीती रात लगभग 1 बजे जल मंदिर के पास डीजे बज रहा था। जहॉ सौरभ, शुभम रैकवार, नरसिंह राव डीजे पर नाच रहे थे। उसी समय बउआ उर्फ आदित्य और सूरज बसोर भी आकर नाचने लगे और इसी बीच उनके बीच धक्का मुक्की होने लगी। जब सौरभ ने विरोध किया तो बउआ व उसके साथ गाली गलौज करते हुए बोले कि रुको हम बताते हैं। इसके बाद सौरभ व उसके साथी अपने अपने घर आ गये। जिसके बाद सौरभ अपने घर के बाहर खड़ा था, उसी समय सूरज बसोर और बउआ उर्फ आदित्य आये और उसके घर की देहरी के पास दोनों ने एक-एक देशी बम पटक दिया। बम फटने की तेज आवाज आयी धुंआ धुंआ फैल गया। जिसके बाद आरोपी धमकाते हुए बोल गयेकि दोबारा हम से उलझा तो जान से खत्म कर देंगे और भाग गये। शिकायत पर पुलिस ने विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।

डिलेवरी बॉय का अज्ञात चोर ने पार कर दिया बैग

जबलपुर, देशबन्धु। कोरियर डिलेवरी बॉय के बैग से अज्ञात चोर ने पार्सल पार कर दिया। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर उसके संबंध में पतासाजी प्रारंभ कर दी है।

गोरखपुर थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार संतोष कुमार गिरी उम्र 48 वर्ष निवासी हाथीताल ब्लू डार्ट कोरियर सप्लाई में डिलेवरी वॉय का काम करता है। युवक गत दिवस रोजाना की तरह वह अपनी मौटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एन यू 2767 में 2 बड़े बोरीनुमा नीले रंग के कपड़े के थैले में आर्डर पार्सल का सामान भरकर डिलवेरी देने शैलेन्द्र अग्रवाल के रामपुर स्थित बंगले के सामने पहुँचा था। बंगले के सामने मोटर साकयल खड़ी पार्सल देने अंदर गया था। वापस आया देखा कि उसके मोटर सायकल के पास एक साथ बंधे हुये दोनो कपड़े के अज्ञात चोर ले गया है। थैलों में कुल 16 नग आर्डर के पार्सल थे जिनकी कुल कीमत लगभग 49 हजार 22 रूपये है। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत प्रकरण दर्ज कर प्रकरण को विवेचना में लिया है।

वृद्ध कबाड़ी की मौत

जबलपुर, देशबन्धु। अधारताल पुलिस को इमलिया मोड़ के समीप निवासी दौलत सिंह लोधी ने सूचना दी कि एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस मृतक की उम्र लगभग 60 वर्ष है। जो कबाड़ बीनने वाला था। जो कि इमलिया से यहां वहां कबाड़ बीनकर कबाड़ी को बेचता था और रात में खाना खाकर कहीं भी सो जाता था। मृतक शराब भी पीता था। पुलिस ने मामले में आवश्यक कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

शादी समारोह में फोटो खिंचवाने पर चले चाकू

चार घायल

जबलपुर, देशबन्धु। खमरिया थाना अंतर्गत सोनपुर में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में जयमाला के बाद फोटो खिंचवाने को लेकर वर व वधु पक्ष के लोग टकराव हो गया। विवाद ने कुछ देर में हिंसक रूप धारण कर लिया और बधु पक्ष के युवकों ने दनादन चाकू चलाना शुरु कर दिये। जिससे बाराती पक्ष के चार लोगों को गंभीर चोटे आ गई। वारदात से पूरे वैवाहिक कार्यक्रम में भगदड़ मच गई। घायलों को उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

पुलिस ने बताया कि रांझी इंद्रा नगर निवासी 32 वर्षीय विकास चौधरी अपने रिश्ते के भाई आशु चौधरी की शादी में ग्राम सोनपुर राजकुमार चौधरी के घर गये थे। जिसके साथ उसके रिश्तेदार भी थे। शादी में जयमाला कार्यक्रम चल रहा था, रात्रि करीब एक बजे के लगभग स्टेज में फोटो खिंचवाने की बात पर लड़की पक्ष की ओर से एक व्यक्ति गालीगलौज करने लगा। उसी समय एक दूसरा लड़का पहुंचा, जिसने महेन्द्र सूर्यवंशी के पेट में चाकू घोंप दिया। राहुल चौधरी ने बीच बचाव किया तो आरोपी ने उस पर भी चाकू से हमला कर दिया। जिससे राहुल की जांघ में गंभीर चोट आ गई। युवकों को चाकू लगते देख विकास के पिता राजू चौधरी बीच बचाव करने पहुंचे तो आरोपी ने राजू चौधरी पर चाकू से हमला कर कमर में चोट पहुंचा दी। पिता को बचाने पहुंचे विकास पर भी किसी ने पीछे से डंडे से हमला कर दिया। जिससे मौके पर भगदड़ मच गई। किसी तरह घायलों को उपचार के लिये रांझी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उन्हें मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

तीन सड़क हादसों में दो की मौत, दो घायल

बरेला, कुंडम व मझौली की घटना

जबलपुर, देशबन्धु। बरेला थाना क्षेत्रांतर्गत सिगमा कान्हा कालोनी के सामने एक अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार युवक को रौंदकर मौत के घाट उतार दिया तो वहीं कुंडम में एक बाईक चालक ने मोटर साइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। तीसरी घटना मझौली क्षेत्र की सामने आई, जहां एक बाइक चालक ने मोटर साइकिल सवार दो युवकों को टक्कर मारकर घायल कर दिया। तीनों ही मामलों में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर उन्हें विवेचना में लिया है।

बरेला पुलिस ने बताया कि बीती देर शाम एक अज्ञात व्यक्ति जिसकी उम्र करीब 35 से 40 वर्ष होगी जो कि साइकिल से बरेला से जबलपुर की ओर जा रहा था। जिसे सिग्मा कान्हा कालोनी के सामने किसी अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। जिससे उसकी मौत हो गई, वहीं उसकी साइकिल भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मृतक कौन है इसका अब तक पता नहीं चल सका है। पुलिस मृतक की शिनाख्ती के प्रयास कर रहीं है। इसी प्रकार कुंडम पुलिस ने बताया कि ग्राम गौरी और आमाटिट्हा के बीच सड़क हादसा होने की सूचना पर पहुंची पुलिस को रेवा सिंह मार्को ने बताया कि उसके परिवार में शादी का कार्यक्रम था। दोपहर वह शिवप्रसाद गौड़ के रोड किनारे वाले खेत में बने कुएं में नहाने आया था। उसका भांजा हरदुली निवासी भागचंद परस्ते मोटर साइकिल से हरदुली जा रहा था। दोपहर साढ़े बारह बजे के लगभग रोड के मोड़ पर उसके भांजे भागचंद्र परस्ते को पीछे से आ रहीं मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 20 केएम-1025 के चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे भागचंद की मौके पर ही मौत हो गई। इसी तरह मंझौली पुलिस ने बताया कि ग्राम मुड़कुरु निवासी 30 वर्षीय मकसूद व उसका रिश्तेदार मोह. इरशाद अपने दोस्त भगवती साहू के साथ शादी समारोह में जबलपुर गया था। गुरुवार सुबह करीब आठ बजे खबरा पेट्रोल पंप से लौटकर नंदग्राम तिराहे के आगे पहुंचे, तभी पीछे एक मोटर साइकिल के चालक ने मोह. इरशाद की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे इरशाद व भगवती साहू बाईक सहित गिर गये और दोनों को चोटे आ गई। पुलिस ने तीनों ही मामलों में आवश्यक कार्यवाही करते हुए प्रकरण दर्ज कर मामलों को विवेचना में लिया है।

चार दिन बाद नर्मदा नदी में उतराते मिले शव

सोमवार को हुआ था हादसा

जबलपुर, देशबन्धु। ग्वारीघाट थानातंर्गत जिलहरी घाट में तीन दिन पहले नहाने पहुंचे तीन दोस्तों में से दो नर्मदा नदी के पानी में समा गये थे। जिनकी तलाश में एसडीआरएफ की टीम विगत तीन दिन से लगी हुई थी। गुरुवार सुबह दोनों युवकों के शव जिलहरी घाट में घटना स्थल से कुछ दूरी पर कुंड के पास पानी में उतराते हुए मिले। पुलिस ने दोनों शवों को पीएम के लिए भिजवाया। वहीं सूचना पर परिजन व परिचित के लोग भी पहुंच गये, जिनका रो-रो कर बुरा हाल था।

गौरतलब है कि कैंट सदर निवासी अजय पासी 32 वर्षीय व नीतू कुरील 35 वर्षीय अपने साथी सनी कुरील के साथ विगत सोमवार दोपहर बारह बजे के लगभग जिलहरी घाट नहाने पहुंचे थे। इसके बाद तीनों नर्मदा नदी के पानी में नहा रहे थे। इसी दौरान अजय पासी व नीतू कुरील पानी में नहाते हुए गहरे पानी में चले गये, जहां भंवर के बीच में फंसकर दोनों पानी में ही अलोप हो गये थे। जब वह काफी देर तक नजर नहीं आये तो उनका दोस्त सनी घबरा गया और चीखने चिल्लाने लगा। जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। जिन्होंने मामले की सूचना तत्काल ही पुलिस को दी। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों व एनडीआरएफ की मदद से उनकी खोजबीन शुरु की, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला। गुरुवार सुबह अजय व नीतु का शव नर्मदा नदी के पानी में जिलहरी घाट के समीप कुंड के पास पानी में उतरते हुए मिले।

डीजीपी सहित तीन पुलिस अधिकारियों को राहत

सरकार की अपील पर युगलपीठ ने आदेश पर लगाई रोक

जबलपुर, देशबन्धु। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने बालाघाट जिले में दर्ज एक आपराधिक मामले की जांच पुलिस महानिदेशक को व्यक्तिगत रूप करने के आदेश जारी किये है। इसके अलावा हाईकोर्ट ने जांच अधिकारी तथा थाना प्रभारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज करने के आदेश जारी किये थे। सरकार की तरफ से उक्त आदेश के खिलाफ अपील दायर की गयी थी। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रवि विजय कुमार मलिमथ तथा जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने अपील की सुनवाई करते हुए एकलपीठ के आदेश पर रोक लगा दी है।

गौरतलब है कि बालाघाट निवासी अतुल मंडलेकर की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि साल 2014 उसकी शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आपराधिक प्रकरण दर्ज किया था। कोतवाली पुलिस द्वारा प्रकरण में साल 2017 को क्लोजर रिपोर्ट दायर की गयी थी। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अदालत ने क्लोजर रिपोर्ट को खारिज कर दिया और नए सिरे से जांच के आदेश दिए। सीजेएफ द्वारा क्लोजर रिपोर्ट खारिज किये जाने के बावजूद भी पुलिस द्वारा जांच नहीं किये जाने को याचिका में चुनौती दी गयी थी।

याचिका की सुनवाई के दौरान एकलपीठ ने पुलिस अधीक्षक बालाघाट को जांच के संबंध में हलफनामा प्रस्तुत करने का आदेश दिया। एकलपीठ ने सुनवाई दौरान पाया कि बालाघाट एसपी ने आदेश को गंभीरता से नहीं लिया और जांच एडिशनल एसपी को सौंप दी। एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा था कि पुलिस अधिकारी न्यायालय के आदेशों को गंभीरता से लेने के लिए तैयार नहीं हैं और यदि वे अपने ही विभाग द्वारा की जा रही गलतियों का एहसास करने के लिए तैयार नहीं हैं, तो इस न्यायालय के पास पुलिस महानिदेशक को निर्देश देने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं बचता है। वह जांच स्वयं करें ताकि उन्हें उन दुर्भावनापूर्ण कार्यों का एहसास हो सके, जो उनके अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा किए जा रहे हैं। जिससे नागरिकों के अधिकारों को खतरे में डाला जा रहा है।

एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि पुलिस महानिदेशक जांच स्वयं करें और यह जिम्मेदारी वह किसी अन्य अधिकारियों को नहीं सौंपेगे। एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि तत्कालीन जांच अधिकारी तथा थाना प्रभारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने के आदेश जारी किये है। एकलपीठ ने अपने आदेश में डीजीपी को जांच करने और बालाघाट एसपी, एडिशनल एसपी, डीएसपी, कोतवाली थाने के वर्तमान व तत्कालीन जांच अधिकारी की जिम्मेदारी तय करने निर्देश भी जारी किये है।

एकलपीठ के उक्त आदेश के खिलाफ सरकार की तरफ से अपील दायर की थी। युगलपीठ ने अपील की सुनवाई करते हुए एकलपीठ के आदेश पर स्थगन जारी करते हुए अनावेदकों को

नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। युगलपीठ ने अपने आदेश के कहा है कि उक्त याचिका की सुनवाई उक्त आदेश के खिलाफ दायर की गयी तीन पुलिस अधिकारी की अपील के साथ संयुक्त रूप से की जायेगी।

बकवास डॉफट पॉलिसी पेश करने पर सरकार ने मांगी माफी

साइलेंट किलर बोरवेल मामले में

जबलपुर, देशबन्धु। बोरवेल के संबंध में सरकार के द्वारा पेश की गयी डॉफट पॉलिसी हाईकोर्ट ने जमकर नाराजगी व्यक्त की थी। हाईकोर्ट ने ड्राफ्ट तैयार करने वाले अधिकारी का नाम 24 घंटो में कोर्ट को बताने के आदेश जारी किये थे। याचिका पर गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान महिवक्ता ने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर सरकार की तरफ से माफी मांगते हुए नया ड्राफ्ट तैयार करने दो सप्ताह का समय प्रदान करने का आग्रह किया। चीफ जस्टिस रवि विजय कुमार मलिमथ तथा जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने सरकार के रवैये पर जमकर नाराजगी व्यक्ति की।

गौरतलब है कि सीहोर जिले के ग्राम मुंगावली में विगत 6 जून को तीन साल की मासूम सृष्टि खेलते समय खेत में खुले हुए बोरवेल के अंदर गिर गयी थी। बच्ची बोरवेल में 40 फीट अंदर जाकर फंस गयी थी। उसे बचाने के लिए रोबोटिक विशेषज्ञों, सेना,एनडीआरएफ और एसडीआरएफ कर्मियों की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन प्रारंभ किया था। रेस्क्यू ऑपरेशन में इस्तेमाल की जा रही मशीनों के कंपन के कारण वह 100 फीट गहराई तक चली गयी थी। रेस्क्यू ऑपरेशन लगभग 50 घंटे तक चला और उसे बेहोशी की हालत में बाहर निकाला गया। उसे उपचार के लिए ले जाया गया और डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

संज्ञान याचिका में कहा गया था कि बच्चों को जिंदा दफन करने वाले किलर बोरवेल का जाल बन गया है। बोरवेल दुर्घटनाएं हमारे समाज के लिए काली छाया हैं। जिससे निर्दोष लोगों की जान को गंभीर खतरा होता है । ऐसी घटनाओं से पूरे देश व परिवारों को असहनीय पीड़ा देती है। भूजल तक पहुँचने के लिए मूल्यवान संसाधन बोरवेल साइलेंट किलर बन गए हैं। बोरवेल में दुर्घटनाएं आमतौर पर लापरवाही, जागरूकता की कमी और अपर्याप्त सुरक्षा उपाय के कारण होती हैं।

याचिका पर बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से पेश की गयी डॉफट पॉलिसी का अवलोकन करने के बाद युगलपीठ ने जमकर नाराजगी व्यक्त की। युगलपीठ ने कहा कि इस तरह की डॉफट पॉलिसी उन्होंने कभी देखी नहीं है। युगलपीठ ने 24 घंटों में डॉफट पॉलिसी तैयार करने वाले अधिकारी का नाम बताने के निर्देश दिये थे। याचिका पर गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता ने माफी मांगते हुए नयी डॉफट पॉलिसी तैयार करने दो सप्ताह का समय प्रदान करने आग्रह किया। युगलपीठ ने कहा कि सरकार बच्चों की मौत के संवैदनषीन मामले में भी लापरवाही है। मुख्य सचिव के हस्ताक्षर से डॉफट पॉलिसी पेश की गयी थी। कोर्ट मित्र अधिवक्ता अंशुमान ने सुझाव दिया कि वह डॉफट पॉलिसी तैयार कर सकते है। युगलपीठ ने सरकार तथा कोर्ट मित्र अधिवक्ता को दो सप्ताह में अपनी-अपनी डॉफट पॉलिसी पेश करने के आदेश जारी किये है।

ट्रायबल विभाग के पीएस पर पांच हजार की कॉस्ट

अनुकंपा नियुक्ति से जुड़े मामले में जवाब पेश न करने पर कोर्ट सख्त

जबलपुर, देशबन्धु। मप्र हाईकोर्ट ने अनुकंपा नियुक्ति से जुड़े एक मामले में स्पष्ट आदेश के बावजूद जवाब पेश नहीं किये जाने के मामले को गंभीरता से लिया। जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने ट्रायबल वेलफेयर विभाग के प्रमुख सचिव पर पांच हजार रुपए की कॉस्ट लगाई। एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि प्रमुख सचिव स्वयं अपनी सैलरी एकाउंट से यह जुर्माने की राशि मप्र हाईकोर्ट विधिक सेवा कमेटी के एकाउंट में जमा कराएंगे। इस निर्देश के साथ न्यायालय ने उक्त अधिकारी को जवाब पेश करने 10 दिन का समय प्रदान किया है। शहडोल निवासी भगवानदास शर्मा की ओर से यह मामला दायर किया गया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता की मां गनेशिया बाई को भृत्य के नियमित पद पर अनुकंपा नियुक्ति दी गई थी। बाद में विभाग ने 2014 की अनंकपा नियुक्ति नीति के तहत गनेशिया बाई को कार्यभारित कर्मचारी माना। न्यायालय ने एक अप्रैल 2024 को प्रमुख सचिव को हलफनामे पर यह बताने कहा था कि किस आधार पर याचिकाकर्ता की मां को कार्यभारित कर्मचारी माना। मामले पर सुनवाई के दौरान शासन की ओर से पुनः जवाब के लिये मोहलत मांगी गई, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

फरार पांच आरोपियों के खिलाफ इनाम घोषित

चार पर तीन हजार,एक पर ढाई हजार

जबलपुर, देशबन्धु। आपराधिक मामले में लम्बे समय से फरार पांच आरोपियों की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक आदित्य प्राप्त सिंह ने इनाम घोषित किया है। चार आरोपियों की गिरफ्तारी पर तीन-तीन हजार तथा एक आरोपी पर ढाई हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है।

पुलिस अधीक्षक ने ओमती थानान्तर्गत हत्या के प्रयास तथा आर्म्स एक्ट के अपराध में फरार आरोपी आलोक सोनी की गिरफ्तारी पर तीन हजार का ईनाम घोषित किया है। इसके अलावा अधारताल थाने में बलात्कार के आरोप में फरार संतू इवनेती,पनागर में धोखाधड़ी व जालसाजी के आरोपी में फरार सुजीत तिवारी तथा सिविल लाईन थाने में दर्ज आपराधिक प्रकरण में फरार आरोपी षिवा सोनकर की गिरफ्तारी पर ढाई हजार रुपये का ईनाम घोषित किया है। इसी प्रकार रांझी में दर्ज चोरी के प्रकरण में अज्ञात चोर की गिरफ्तारी पर ढाई हजार रुपये का ईनाम घोषित किया है।

नगदी व जेवरात पर किया हाथ साफ

अज्ञात चारों का नहीं लगा सुराग

जबलपुर, देशबन्धु। वॉचमैन के सूने घर में अज्ञात चोरों ने दबिश देकर जेवरात व नगदी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने सूचना मिलने पर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनके संबंध में पतासाजी प्रारंभ कर दी हे। रांझी पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार राधेश्याम साहू उम्र 45 वर्ष निवासी रिछाई फैक्ट्री में वॉचमैन की नौकरी करता है। उसकी पत्नी एवं बच्चे अलग रहते हैं। वह अपने भाई की बेटी शादी में उज्जैन गया था । वापस आकर देखा तो पलंग पेटी में रखे चांदी की एक जोड़ी पायल, 1 करधन, 2 कंगन, मंगलसूत्र तथा 20 हजार रूपये गायब है। अज्ञात चोरों उसके दरवाजा तोड़कर घर के अंदर घुसने के बाद नगदी व जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ 457, 380 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

कार की टक्कर से मोटर साइकिल सवार घायल

जबलपुर, देशबन्धु। गोसलपुर थानान्तर्गत कार की टक्कर से मोटर साइकिल सवार युवक घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवा दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी कार चालक की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

पूरी सूख गई हिरन नदी, गांवों में जलसंकट, नहीं जागा प्रशासन

गांधीग्राम, देशबन्धु। अप्रैल माह के अवसान पर क्षेत्र की जलप्रदाता हिरन नदी पूरी तरह सुख गई है प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में घाट सिमरिया के दोनों ओर बसे गांव से बहने वाली वा गांव में जल स्तर को बनाए रखने वाली हिरन नदी पूरी तरह सूख चुकी है व रेगिस्तान की शक्ल में नजर आ रही है। स्थिति यह है कि हिरन नदी के तट पर बसे गांव के हैंड पंप बंद हो जाने से पानी का संकट बुरी तरह छाता जा रहा है लोग दूर दराज के क्षेत्र से पानी लाने को विवश है।

कम बारिश और नीचे जाता जलस्तर ग्रामीण क्षेत्रों से लगे लगभग दो दर्जन गांवों वा सिहोरा, खितौला के हजारों आबादी को जलसंकट परेशान कर रहा है।

सबसे बड़ी बात यह है कि जिला प्रशासन लोगों के घरों तक नर्मदा जल पहुंचाने के लिए जोरों से दंभ भरता है, लेकिन वर्तमान में हिरन नदी जल विहीन हो जाने से जहां गांवों में जल संकट को लेकर हाहाकार मच रही है वहीं हिरन नदी से लगे कई क्षेत्र पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। गांवों में स्थिति बिगड़ती जा रही है उसके बाद भी प्रशासनिक अमला उस पर ध्यान नहीं दे रहा है। दूसरी छोटी नदियों का तो जैसे अस्तित्व ही मिट गया है। हिरन नदी को सूखे लगभग एक पखवाड़े से अधिक का समय व्यतीत हो गया है किन्तु संबंधित विभाग वा प्रशासनिक अधिकारी हाथ पर हाथ रखे बैठ कर मूकदर्शक बने हुए हैं।

*बरगी दायीं तट नहर से पानी नहीं छोड़ा जा रहा.....पिछले वर्ष बनी थी ऐसी ही स्थिति गत वर्ष मई माह में पड़ी भीषण गर्मी के चलते हिरन नदी पूरी तरह सूख गई थी। जिससे आसपास के ग्रामों में पीने के पानी के लिए हाहाकार मच गया था।गत वर्ष मई माह के प्रथम सप्ताह में बरगी दायीं तट नहर से पानी हिरन में छोड़ा गया था ।किंतु लगभग एक पखवाड़े से अधिक समय से अप्रेल माह के अवसान के करीब में ही हिरन नदी सूख गई हैं हिरन नदी में नहर का पानी नही आने से हिरन नदी के कई स्थानों पर रेगिस्तान की शक्ल में नजर आ रहे हैं।

*इन ग्रामों में हैंडपंप बंद---एक पखवाड़े से अधिक समय से समस्या जटिलता की ओर ब? गई है।हिरन नदी के किनारे व आसपास के ग्रामों में गांधीग्राम से कूड़ा कंजई मार्ग के तपा, खुड़ावल, कैलवास,उमरिया, खिन्नी, कैथरा,चन्नौटा, मल्हना,कू?ा, कंजई, घाटसिमरिया, मोहतरा,ताला,देवरी,शहजपुरा के जलस्रोत हैंडपंप बंद हो गए हैं लोग खेतों में बने बोरों से पानी ला रहे हैं।पानी का जलस्तर क्रमशः कम होता जा रहा है कई ग्रामों में हेण्डपम्प बन्द हो गए हैं।

तान्या कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने किया श्रेष्ठ प्रदर्शन

पाटन देशबन्धु। नगर के तान्या कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थी दिव्यांश ने दसवीं कक्षा में 96.2 प्रतिशत और नंदिनी ने बारहवीं कक्षा में साइंस समूह से 94.8 प्रतिशत और कॉमर्स समूह से साक्षी सिंह ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पाटन नगर को गौरान्वित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड का परिणाम घोषित किया जिसमें पाटन नगर के तान्या कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कक्षा दसवीं के दिव्यांश दुबे ने 96.2 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान,ऋषिका पटेल एवं आंशिक जैन ने 93 प्रतिशत अंक हासिल करके द्वितीय स्थान पर रहे वही शिवानी ठाकुर वागीशा सिंह 91 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया तो वही बारहवीं साइंस समूह में नंदिनी कुशवाहा ने 94.8 प्रतिशत अंक के प्रथम,अम्रता सिंह ने 94 प्रतिशत के साथ द्वितीय वही अंकित यादव ने 89.8 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉमर्स समूह में साक्षी सिंह ने 90 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान,संदीप लोधी ने 88.4 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय स्थान तो वही अदिति सिंह ने 87.4 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर नगर का गौरव ब?ाया।

विद्यार्थियों ने अपनी लगन और मेहनत के बल पर तथा शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में बोर्ड परीक्षाओं में अव्वल दर्जा प्राप्त किया है। कक्षा 12 वीं के 19 बच्चों तथा कक्षा दसवीं के 32 बच्चों ने परीक्षाओं में 80त्न से ऊपर अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के छात्र दिव्यांश दुबे ने कक्षा दसवीं में 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तहसील में टॉप किया। विदित हो की तान्या कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल कई वर्षों से बोर्ड परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए माननीय मुख्यमंत्री से सर्वाधिक मेधावी छात्र सम्मान पाने वाला नगर का एकमात्र विद्यालय है। विद्यार्थियों की इस सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य चरण सिंह ठाकुर उपप्राचार्य सुजीत सिंह ठाकुर सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं विद्यालय परिवार ने बधाई दी।

सार-समाचार

अरिंदम पांडे ने बढ़ाया नगर का गौरव,मेरिट में पाया स्थान

पाटन देशबन्धु। नगर के ओंकार नामदेव सरस्वती विद्या मंदिर के भैया अरिंदम पांडे ने हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा में 500 में से 476 अर्थात 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गणित समूह में जिला की मेरिट में दूसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय और पाटन नगर का गौरव ब?ाया है इनके आलावा 27 भैया बहिनों ने प्रथम श्रेणी के साथ सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के अध्यक्ष ठा रणधीर सिंह,व्यवस्थापक डॉ विष्णुदत्त त्रिपाठी,प्राचार्य डॉ विष्णु पाठक,हरिनारायण कुररिया सहित समिति सदस्य व नगर वासियों ने छात्र अरिंदम पांडे को बधाई दी है।

भाई बहन ने बढ़ाया माता-पिता का मान

गोसलपुर, देशबन्धु। हाल ही में माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा घोषित दसवीं एवं बारहवीं के परीक्षा परिणाम में गोसलपुर नगर के भाई बहन पलक राजपूत कक्षा दसवीं 95 प्रतिशत एवं भाई प्रदुम सिंह राजपूत कक्षा 12वीं 81 प्रतिशत अंक अर्जित कर माता-पिता का मान बढ़ाया है। आप दोनों सगे भाई बहन हैं। आप गोसलपुर के जनपद सदस्य धर्मेंद्र सिंह राजपूत एवं श्रीमती प्रीति सिंह राजपूत शिक्षिका के पुत्र पुत्री हैं आपकी सफलता पर नगर वासियों ने बधाई प्रेषित की है।

पीएम श्री विद्यालय बरेला की छात्राओं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ठ रहा

बरेला, देशबन्धु। पी.एम. श्री शासकीय कन्या उच्च. माध्य. विद्यालय बरेला के प्राचार्य श्री आशीष पण्ड्या ने बतलाया कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा 2024 में कक्षा 12 वी एवं 10 वी का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ठ रहा। कक्षा 12 वी का परीक्षा परिणाम 87.6त्न एवं कक्षा 10वी का परीक्षा परिणाम

80.3त्न । ये दोनों परीक्षा परिणाम सत्र 2023 की तुलना में अति सराहनीय रहा है। कक्षा 12 वी की 67 छात्राएँ एवं कक्षा 10 वी में 35 छात्राएं प्रथम श्रेणी में रही। कुल परिणाम रहा-कक्षा 12 वी में गणित समूह- 100 प्रतिशत, कॉमर्स - 91.3 प्रतिशत,जीवविज्ञान समूह-87.5 प्रतिशत, कला - 81.8प्रतिशत रहा।

विशेष उपलब्धि - वर्ष 2023-24 में हायर सेकेण्डरी परीक्षा में सर्वाधिक 17 छात्राएं मध्यप्रदेश शासन की लेपटॉप योजना हेतु पात्र बनीं।इनमें विज्ञान समूह से 07(कक्षा शिक्षक शशि लोधी)वाणिज्य समूह से 05(कक्षा शिक्षक सोनाली ठाकुर)कला समूह से 05 (कक्षा शिक्षक सविता दहिया)

छात्राओं की इस उपलब्धि पर शाला प्राचार्य श्री आशीष पण्डया, श्री सतीश कुमार चौबे, श्रीमती मुक्ति श्रीवास्तव, श्रीमती मंजुला मलिक,श्रीमती शाशि लोधी, श्री विश्वनाथ प्रसाद पटेल,श्रीमती सुलेखा खरे, श्रीमती सविता दाहिया,श्रीमती दीपिका दोहरे,सोनाली ठाकुर,श्रीमती अनामिका झा,श्रीमती अर्चना गोप,श्रीमती शिवांगी गुप्ता, श्रीमती सुचित्रा जॉन, श्रीमती हेमलता राजोरिया,श्रीमती नीलिमा श्रीवास्तव,श्री देवेश चौधरी ने सभी छात्राओं को बधाईयाँ देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। शाला के प्राचार्य आशीष पण्ड्या के कुशल मार्गदर्शन में शाला के सभी शिक्षकों के अथक प्रयास से शाला का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा है।

मेरिट सूची-कक्षा 12वी में
प्रथम स्थान -कु. सोनिया साहू 88.2 प्रतिशत (जीव विज्ञान समूह)
द्वितीय स्थान - कु. सुरभि पाठक 86.4 प्रतिशत (कॉमर्स समूह)
तृतीय स्थान- कु. नंदिनी बर्मन 85.8 प्रतिशत (जीव विज्ञान समूह)
मेरिट सूची -कक्षा 10वी में
कु. कंचन चक्रवर्ती (प्रथम स्थान) 91.6 प्रतिशत
कु. दीपांजली नरेती (द्वितीय स्थान) 87.6 प्रतिशत
कु. सिमरन यादव (तृतीय स्थान) 85.8 प्रतिशत

प्रयोगशाला उपकरणों पर कार्यशाला का आयोजन

सिहोरा, देशबन्धु। शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग ने विश्व बैंक परियोजना, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश के आदेश के परिपालन में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन इंस्ट्रूमेंटेशन एंड एप्लीकेशंस ऑ? लैबोरेट्री इक्विपमेंट इन केमिकल एनालिसिस शीर्षक पर किया । कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार श्रीवास्तव के संरक्षण में तथा आंतरिक गुणवत्ता उन्नयन प्रकोष्ठ की समन्वयक, रसायन शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ सुनु आर के मैथ्यू के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ निधि असाटी, डीन ऑफ स्कूल ऑ? बेसिक एंड अप्लाइड साइंसेज, एकलव्य यूनिवर्सिटी दमोह से उपस्थित रहीं । कार्यशाला में प्रयोगशाला के उपकरणों के सैद्धांतिक तथा प्रायोगिक बारीकियों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत के उपरांत अध्यक्षीय उद्बोधन के साथ किया गया है । अध्यक्ष महोदय ने कार्यक्रम का लाभ लेने हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ मैथ्यू ने कार्यशाला की रूपरेखा, इसके उद्देश्यों और महत्व को विद्यार्थियों को अवगत कराया। मुख्य वक्ता डॉ निधि असाटी ने पराबैंगनी- दृश्य स्पेक्ट्रोफोटोमीटर की आधारभूत सिद्धांतों से लेकर यंत्र की कार्यप्रणाली उसकी उपयोगिता से विद्यार्थियों को अवगत कराया। रसायन शास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापकों में डॉ रुपेश कुशवाह ने कंडक्टोमीटर, डॉ राहुल कुमार शर्मा ने पोलारीमीटर, श्री पवन कुमार नामदेव ने पीएच मीटर के आधारभूत सिद्धांतों, यंत्रीकरण तथा अनुप्रयोगों से रूबरू कराया। कार्यक्रम का संचालन श्री अखिलेश कुमार कुर्मी, सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र तथा आभार प्रदर्शन डॉ संगीता सिन्हा फैकल्टी रसायन शास्त्र ने किया। कार्यशाला में डॉ राजेश वाहने, डॉ अंजली मांडवे, अंकित द्विवेदी, गौरव द्विवेदी, श्री आशुतोष कुमार सोनी, डॉ जेपी पांडे, डॉ जे पी सोयाम, , श्री ऋषिकेश चंद्रवंशी तथा महाविद्यालय के अन्य सदस्यों ने भी कार्यक्रम में उपस्थित होकर गौरवान्वित किया।

बीएससी तथा एमएससी रसायन शास्त्र के विद्यार्थियों ने कार्यशाला में बढ़-च? कर भाग लिया और लाभान्वित हुए । महाविद्यालय के कर्मचारी तथा अधिकारियों ने कार्यशाला के सफल आयोजन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

श्रीमद महापुराण की गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा

गोसलपुर, देशबन्धु। कथा व्यास आचार्य रोहित जी महाराज हनुमान वाटिका पीठाधीश्वर के सानिध्य में गुरूवार को स्टेशन चौराहा गोसलपुर आयोजित होने वाले श्रीमद्भागवत पुराण की कलश यात्रा विशाल शोभायात्रा का गाजे बाजे के साथ ज्योति कलश एवं ध्वजा पताका लिए हुए नगर भ्रमण करते हुए कथा स्थल पहुंची, जीवनलाल गुप्ता ने श्रीमद् भागवत पुराण ग्रंथ को शिरोधार्य किया साथ ही कलश यात्रा में कन्याओं व महिलाओं ने ज्योति कलश शिरोधार्य किए ह्लथी , कथावाचक रोहित जी महाराज का जगह-जगह स्वागत हुआ।

कथा वाचक रोहित तिवारी ने कथा महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीमद भागवत पुराण कलयुग का कल्पवृक्ष है। सच्चे मन से आप जो मांगेंगे, आपकी इच्छा जरूर पूरी होगी। श्रीमद् भागवत कोई किताब नहीं बल्कि महाकाव्य की रचना है जो व्यक्ति को जीने के महत्व को बताता है। इस अवसर पर आयोजक दीपन-अक्षी गुप्ता, श्रीमति तुलसा जीवनलाल गुप्ता दीपचंद गुप्ता, संयोजक शेखर-रेखा, गोपाल-ज्योति, अनुराग जाग्रति,जीवनलाल गुप्ता तुलसा गुप्ता,दीपचंद-नीरजा गुप्ता, सुशीला, किरण,मीना,माधव,अरुण पप्पू गुप्ता,आयोजक दीपन-अक्षी गुप्ता ,यजमान मंचल, रिंकू, सुनील धीरु, अर्नव, प्रज्ञा, सोमनी अनन्या, अपूर्वा चंदप्रभा गुप्ता,राजेन्द्र, नारेन्द्र, चंचल उपस्थित रहे।

आदिनाथ जयंती से महावीर जयंती तक जैन महिला परिषद ने की प्रतियोगिताएं

सिहोरा, देशबन्धु। अखिल भारतीय जैन महिला परिषद पार्श्वनाथ शाखा सिहोरा द्वारा महावीर जयंती के उपलक्ष्य में बच्चों के लिए आरती,नृत्य एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें सभी वर्ग के बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया बच्चों ने जैन ध्वज का महत्व बताया तो कोई बना अष्ठप्रातिहार्य,कोई माता त्रिशला बना तो कोई बना भगवान महावीर और उनका चिन्ह सिंह इस तरह निभाए सबने रोल भिन्नङ्कभिन्न एवं सभी बच्चो ने धार्मिक भजनों पर आरती नृत्य करते हुए अपना हुनर दिखाते हुए शानदार प्रस्तुति दी। और बच्चो की शानदार प्रस्तुति के लिए उन्हें पुरस्कृत किया गया।अध्यक्ष श्रीमति जयश्री जैन,सचिव श्रीमति रानी जैन, कोषाध्यक्ष श्रीमति मेघना जैन सहित महिला परिषद की सभी बहनों का कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय योगदान रहा।

जंगल में पलटी बारातियों से भरी पिकअप

आदिवासी परिवार के 24 लोग घायल, सुबह हुआ हादसा, घायल अस्पताल में भर्ती

कटनी, देशबन्धु। ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत धरवारा के जंगल में बरातियों से भरा एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना के बाद यहां से से गुजर रहे जागरूक नागरिकों के द्वारा पुलिस और एंबुलेंस 108 को सूचना दी गई। इस हादसे में लगभग दो दर्जन घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उमरियापान पहुंचाया गया है। जानकारी के अनुसार बड़वारा थाना अंतर्गत विलायतकला से आदिवासी परिवार की बारात ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत धरवारा गांव में बुधवार की रात को आई थी। शादी समारोह के बाद बाराती गुरुवार की सुबह पिकअप वाहन से वापस विलायतकला लौट रहे थे। सुबह पांच बजे जैसे ही उनका वाहन ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत धरवारा, डुडहा के जंगल में पहुंचा, अनियंत्रित हो गया और पलट गया। दुर्घटना में पिकअप वाहन में सवार दो दर्जन से अधिक बाराती घायल हो गए। सुबह मार्ग से गुजर रहे लोगों ने पुलिस और एम्बुलेंस 108 को सूचना दी। मौके से घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उमरियापान में भर्ती कराया गया। दुर्घटना में प्यारे लाल कोल 34 वर्ष, संजय कोल 25 वर्ष, दुर्गेश कोल 17 वर्ष, इतुआ कोल 52 वर्ष, देवराज कोल 36 वर्ष, प्रेमलाल कोल 48 वर्ष, नरेश, सुभाष, समनू, सुखीदीन सहित दो दर्जन आदिवासी ग्रामीण घायल हुए हैं।

महुआ बीन रही महिला पर भालू ने किया हमला,मौत

अनूपपुर, देशबन्धु। वन परिक्षेत्र कोतमा अंतर्गत ग्राम छिल्पा में गुरूवार की सुबह जंगल में महुआ बिनने के दौरान 38 वर्षीय महिला की अचानक भालू ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिसे 108 की मदद से उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां परीक्षण उपरांत चिकित्साकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस शव पंचनामा तैयार कर शव को पीएम के लिए भेजा गया, जहां पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंपते हुए आगे की कार्रवाई कर रही हैं।

जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र कोतमा अंतर्गत छिल्पा गांव के पटेराटोला निवासी 38 वर्षीय रामकली बैगा पति ननकू बैगा 25 अपैल की सुबह अपने पति ननकू बैगा, पुत्री साधना बैगा और नाती पलक के साथ कोरकोटहाई जंगल में महुआ बीनने गई थी। महुआ बीनते समय अचानक भालू ने रामकली पर हमला कर दिया। जिससे रामकली के सिर में गंभीर चोट लग गई।

परिजनों और ग्रामीण ने 108 की मदद से पीड़िता को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय अनूपपुर लाया गया। जहां परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने जिला चिकित्सालय पहुंचने के पूर्व ही महिला की मृत्यु होने की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस महिला के शव का उसके परिजनों की उपस्थिति में पंचनामा की कार्रवाई कर रही हैं।

पलक झपकते रेल मुसाफिरों के जेवर नकदी चुरा लेते थे

कटनी, देशबन्धु। रेलवे स्टेशन पर शिकार की तलाश में घूम रहे दो शातिर चोर जीआरपी का शिकार बन गए। इससे पहले कि ये चोर किसी वारदात को अंजाम दे पाते, पुलिस ने इन्हें धर दबोचा।

आउटरों एवं ट्रेनों में यात्रियों के साथ हो रही चोरी व लूट की घटनाओं की रोकथाम हेतु सुश्री शिमाला प्रसाद पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर एव लोकेश मार्को उप पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर के व्दारा दिये गये निर्देशों के पालन में उप पुलिस अधीक्षक रेल कटनी सारिका पाण्डेय के मार्गदर्शन मे चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना प्रभारी निरीक्षक अरूणा वाहने जीआरपी थाना कटनी एवं जीआरपी थाना कटनी के स्टाफ को तीन शातिर चोरों को पकड़ने में सफलता हाथ लगी है।

जीआरपी कटनी को मिली सफलता, दो शातिर चोरों से एक लाख 36 हजार के जेवर व नगदी जब्त

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 24 अप्रैल को रेलवे स्टेशन में चेकिंग की जा रही थी। उसी दौरान मुखबिर ने बताया कि स्टेशन पर तीन अज्ञात व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में घूम रहे हैं। इस सूचना पर आरपीएफ सीआईबी की टीम के साथ चेकिंग की गयी। इस दौरान प्लेटफार्म नं 2 पर जबलपुर एंड की तरफ संदिग्ध लोग नजर आए। इन्हें पूछताछ के लिए जीआरपी थाने लाया गया। पूछताछ में तीनो ने ट्रेनों में मुसाफिरों का सामान चोरी करने की वारदात को कुबूल कर लिया। आरोपियों ने बताया कि 5 मार्च 2024 को संतोष सिंह नाम के मुसाफिर के ट्राली बैग से सोने के जेवरात व 7 अप्रैल 2024 को श्रीमती नीलू तिवारी का लेडीज पर्स मौका पाकर चुरा लिया था।

चोरी का मामल अपने एक बोस कालोनी मैहर निवासी नेम सिंह के यहां छिपाकर रख दिया था। पुलिस ने नेम सिंह के घर से सोने के जेवरात एक सोने की चेन, एक जोड़ी कान के झुमके, एक मंगलसूत्र का लाकेट, एक जोड़ी कान का टॉप्स व ग्यारह सौ रुपए नकद बरामद किए गए।

ब्लिंकेन के दौरे से पहले चीन ने अमेरिका पर आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप का आरोप लगाया

बीजिंग, (आईएएनएस/डीपीए)। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन की चीन यात्रा से पहले बीजिंग ने वाशिंगटन पर उसके आंतरिक मामलों में बारम्बार दखल देने और हितों को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने मंत्रालय के एक अनाम प्रतिनिधि के हवाले से कहा, अमेरिका चीन को नियंत्रित करने की रणनीति को आगे बढ़ा रहा है, गलत शब्दों और कार्यों को अपना रहा है जो चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करते हैं, चीन की छवि को धूमिल करते हैं और चीन के हितों को कमजोर करते हैं। ब्लिंकन की चीन यात्रा बुधवार को शुरू हो रही है। रिपोर्ट में कहा गया है,चीन इस तरह के कदमों का दृढ़ता से विरोध करता है और उसने मजबूत जवाबी कदम उठाए हैं। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यह सच है कि अप्रैल में चीनी सरकार के प्रमुख शी जिनपिंग और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के बीच आखिरी टेलीफोन बातचीत के बाद से संबंध स्थिर हो गए हैं, हालांकि द्विपक्षीय संबंधों में अभी भी महत्वपूर्ण नकारात्मक कारक हैं।

अमेरिका, मिस्र समेत कई देश एक तरफ, फिर भी राफा पर हमले को तैयार इजरायल, बढ़ रही सेना

तेलअवीव। इजरायल और हमास के बीच युद्ध थमने की बजाय और बढ़ता दिख रहा है। अमेरिका, ब्रिटेन समेत कई देशों ने इजरायल को सलाह दी है कि वह युद्ध से पीछे हट जाए। इसके बाद भी इजरायल ने गाजा के राफा शहर पर हमले की तैयारी पूरी कर ली है। इजरायल ने बुधवार को कहा कि वह राफा पर हमले की तैयारी में है और उसकी सेना आगे बढ़ रही है। उसके इस ऐलान से पड़ोसी देश मिस्र भी नाराज हो गया है।

इजरायल यह हमला करेगा, इसकी कोई टाइमलाइन तय नहीं है, लेकिन हमला कभी भी हो सकता है। इजरायली सेना के सूत्रों का कहना है कि करीब 40 हजार टेंट खरीदे गए हैं। हर टेंट में 10 से 12 लोग रह सकते हैं। इजरायल इस बार राफा पर हमला करने से पहले टेंट सिटी तैयार करेगा ताकि वहां से बाहर निकलने वाले फिलिस्तीनियों को वहां रखा जा सके। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू खुद कई बार दोहरा चुके हैं कि राफा पर हमला किया जाएगा। गाजा का यही एक ऐसा शहर है, जिसमें अब तक इजरायली सेना नहीं घुसी थी। हमास ने 7 अक्टूबर को इजरायल पर हमला किया

था। उसके बाद से ही इजरायल हमलावर है और खान यूनिस समेत गाजा के कई शहरों को तबाह कर दिया है। इजरायल के हमलों में अब तक 35 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं।

अब इजरायल का कहना है कि हमास की 4 सशस्त्र यूनिटों ने राफा शहर में ठिकाना बना लिया है। ऐसे में उसे नेस्तनाबूद करने के लिए राफा पर जमीनी हमला करना जरूरी है। इस बार इजरायल यह सावधानी भी रख रहा है कि उस पर आम नागरिकों के कत्लेआम का आरोप न लगे। इसीलिए उसने हमले से पहले टेंट सिटी बसाने का प्लान बनाया है ताकि राफा से निकलने वालों को शरण दी जा सके। वहीं मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतेह अल-सीसी ने इजरायल को चेतावनी दी है कि यदि उसने राफा पर हमला किया तो गंभीर परिणाम होंगे।

राफा शहर पर हमले को लेकर मिस्र इसलिए चिंतित है क्योंकि वह उसकी सीमा से सटा हुआ है। पहले ही गाजा पर हमला होने के बाद से बड़ी संख्या में फिलिस्तीनी मिस्र चले गए हैं। ऐसे में अब राफा पर अटैक होने से और बड़ी संख्या में फिलिस्तीनियों के मिस्र में घुसने का डर है। राफा शहर की आबादी करीब 10 लाख की है। मिस्र के अलावा अमेरिका का भी कहना है कि इजरायल को यह ऑपरेशन नहीं करना चाहिए। बता दें कि इजरायल ने दक्षिणी गाजा से अपने सैनिकों को वापस बुला लिया है। इसके बाद अब राफा पर हमले की तैयारी है।

इजरायल का समर्थन करने पर अमेरिका में विरोध-प्रदर्शन तेज, सैकड़ों छात्र गिरफ्तार

न्यूयॉर्क, (आईएएनएस)। मिडिल ईस्ट में गाजा युद्ध को लेकर इजरायल का समर्थन करने के अमेरिका के फैसले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है। अमेरिकी विश्वविद्यालयों के कैंपस से सैकड़ों छात्रों को गिरफ्तार किया गया है। न्यूयॉर्क शहर में आइवी लीग कोलंबिया यूनिवर्सिटी कैंपस में बुधवार को विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ, जहां 100 से ज्यादा छात्रों को गिरफ्तार किया गया और उनके तम्बू को हटा दिया गया। कई लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। छात्रों की मांग हैं कि अमेरिका इजरायल के लिए अपना समर्थन बंद कर दे, जो गाजा में हमास के साथ युद्ध में उलझा हुआ है। गाजा में 30,000 से ज्यादा लोग मारे गए हैं, इनमें से अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं। उनकी यह भी मांग है कि विश्वविद्यालय इजरायल के साथ सारे संबंध तोड़ ले। छात्रों को टेक्सस-ऑस्टिन विश्वविद्यालय, न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय, येल, ओहायो स्टेट यूनिवर्सिटी और दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय से गिरफ्तार किया गया है। कोलंबिया की तरह हार्वर्ड, मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया-बर्कले सहित दर्जनों विश्वविद्यालयों में विरोध तम्बू शिविर लगाए गए हैं।

आज का इतिहास

1865- अमेरिकी सेना के सैनिकों ने कॉर्नियर और फेटली में जॉन विल्क्स बूथ, अमेरिकी राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन के हत्यारे को गोली मार दी।

1890- लंदन में हेनरी मॉर्टन स्टेनली का उद्घाटन किया गया।

1903- एटलेटिको मैड्रिड, स्पेन के पेशेवर फुटबॉल क्लब के रूप में प्रसिद्ध हुआ।

1920- प्रसिद्ध भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन का चेन्नई में निधन।

1933- गेस्टापो (एसएस प्रतीक चित्र), नाजी जर्मनी में आधिकारिक गुप्त पुलिसबल की स्थापना की गई थी।

1937- स्पेनिश सिविल वॉर-द बॉम्बिंग ऑफ़ गर्निका द कॉन्डर लेगिओनॉफ़ द्वारा जर्मन लूफ़्टवाफे ने एक विनाशकारी आग्नेयास्त्र उत्पन्न किया जिससे विनाश और असैन्य मौतें हुईं और पाब्लोइकसो के सबसे प्रसिद्ध चित्रों में से एक प्रेरित हुआ।

1942-चीन में मंचूरिया के होन्केको में कोयला खदान में धमाके से 1,549 लोगों की मौत।

सुडोकू 6536

2	4	9						
	7			2				
	1					5	2	
	2		4				3	
4			8		3			7
	9				6		4	
	3	5					7	
				7			5	
						6	1	4

: नियम :

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

हल आज ही के अंक में

बांग्लादेश को देखते हैं तो खुद पर शर्म आती है, पाकिस्तान के क्क्रू शहबाज शरीफ का छलका दर्द

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हाल ही में मुल्क के कारोबारियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश का भी जिक्र कर दिया और कहा कि जब हम उनकी ओर देखते हैं तो खुद पर शर्म आती है। खास बात है कि कारोबारियों ने चर्चा के दौरान भारत के साथ भी व्यापारिक बातचीत शुरू करने और इमरान खान के साथ सुलह का सुझाव दिया है।

पीएम शरीफ ने कहा- शर्म आती है

चुनाव के बाद पहली बार कराची पहुंचे शरीफ ने कहा कि बैठक का मकसद कारोबार जगत के जानकारों को सुनना, समझना और सुझावों को अमल में लाना था। उन्होंने पांच सालों में एक्सपोर्ट्स को दोगुना करने और उद्योग और कृषि वृद्धि पर ध्यान लगाने की बात कही है। (पूर्वी पाकिस्तान) बांग्लादेश को लेकर उन्होंने कहा, मैं बहुत छोटा था... जब हमें बताया जाता था कि यह हमारे कंधों पर बोझ की तरह है...। आज आप सभी जानते हैं कि वो बोझ (आर्थिक तरक्की के संदर्भ में) अब कहां पहुंच गया है। हम जब उनकी तरफ देखते हैं, तो हमें शर्मिंदगी महसूस होती है।

भारत के साथ व्यापार शुरू करने का सुझाव

पीएम के भाषण के बाद व्यापारियों ने सरकार के कई हालिया फैसलों की तारीफ की। वहीं, कुछ ने मौजूदा राजनीतिक हालात पर चिंता भी जाहिर की। रिपोर्ट के मुताबिक, आरिफ हबीब ग्रुप के प्रमुख आरिफ हबीब ने कहा, आपने सत्ता संभालने के बाद कई लोगों से हाथ मिलाए, जिनके अच्छे परिणाम मिले हैं और आईएमएफ डील में प्रगति इनमें से एक है। उन्होंने कहा, मैं आपको कुछ और लोगों से हाथ मिलाने का सुझाव देता हूं। इनमें एक भारत के साथ कारोबार का है, जो हमारी अर्थव्यवस्था को फायदा पहुंचाएगा। दूसरा आपको अदियाला जेल में रहने वाले (इमरान खान) के साथ भी (सुलह) करनी चाहिए। इस दौरान पीएम ने राजनीतिक अस्थिरता को लेकर साफतौर पर कुछ नहीं कहा, लेकिन दावा किया कि उन्होंने प्रस्तावों को सुना है। उन्होंने कारोबारियों के साथ इस्लामाबाद में जल्द बैठक का वादा किया है।

हौथी का दावा, अमेरिकी और इजरायली जहाजों को निशाना बनाया

सना, (आईएएनएस)। यमन के हौथी समूह ने अदन की खाड़ी में दो अमेरिकी जहाजों और हिंद महासागर में एक इजरायली जहाज को निशाना बनाकर किए गए तीन हमलों की जिम्मेदारी ली है। हौथी के सैन्य प्रवक्ता याह्या सारेया ने बुधवार को एक बयान में कहा, गाजा में फिलिस्तीनी लोगों के समर्थन में और हमारे देश (यमन) के खिलाफ अमेरिकी-ब्रिटिश आक्रामकता के जवाब में, हमारे नौसैनिक बलों ने कई उपयुक्त नौसैनिक मिसाइलों के साथ अदन की खाड़ी में अमेरिकी जहाज (मर्स्क यॉर्कटाउन) को निशाना बनाया और हमला सटीक था। प्रवक्ता ने हमलों की तारीख बताए बिना कहा, हमने बम से लैस ड्रोनों का उपयोग करके अन्य दो सैन्य अभियानों को भी अंजाम दिया।

अमेरिकी कॉलेजों में लग रहे हमारी मौत के नारे; फिर भड़के नेतन्याहू, हिटलर से तुलना

गाजा में फिलिस्तीनी आतंकियों के साथ चल रही भीषण लड़ाई और ईरान संग संभावित युद्ध के बीच इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिकियों पर भड़के हुए हैं। उन्होंने अमेरिकी विश्वविद्यालयों में चल रहे फिलिस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शन की कड़ी निंदा की। कहा कि अमेरिका के कॉलेजों में जो हो रहा है वह भयानक है। वहां हमारी मौत के नारे लग रहे हैं। नेतन्याहू ने कहा कि अमेरिका में जो हो रहा है वह 1930 में हिटलर शासन के दौरान जर्मन विवि की याद दिलाता है। उधर, बाइडेन सरकार ने नेतन्याहू के बयान से किनारा कर लिया है।

एक वीडियो संदेश में, बेंजामिन नेतन्याहू ने आरोप लगाया कि अमेरिका में यहूदी विरोधी भावना में असाधारण वृद्धि हुई है और इसे ठीक करने के लिए बहुत कुछ करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, अमेरिका के कॉलेज परिसरों में जो हो रहा है वह भयावह है। यहूदी विरोधी भीड़ ने प्रमुख विश्वविद्यालयों पर कब्जा कर लिया है। वे इजरायल के विनाश का आह्वान कर रहे हैं। उन्होंने यहूदी छात्रों पर हमला किया। उन्होंने यहूदी परिसरों पर भी हमला किया। यह 1930 के दशक में जर्मन विश्वविद्यालयों में जो हुआ उसकी याद दिलाता है।

गाजा में इजरायली सेना द्वारा किए जा रहे ऑपरेशन के विरोध में कोलंबिया, हार्वर्ड, येल और न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय सहित कई शीर्ष स्तर के अमेरिकी विश्वविद्यालयों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। सैकड़ों लोगों को गिरफ्तार किया गया है लेकिन, प्रदर्शन थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। नेतन्याहू ने बुधवार को कहा कि यह सही नहीं है। इसे रोकना होगा। इसकी स्पष्ट रूप से निंदा की जानी चाहिए।

उन्होंने कहा, यह हमें बताता है कि यहां यहूदी विरोधी लहर है जिसके भयानक परिणाम होंगे। हम पूरे अमेरिका और पश्चिमी समाज में यहूदी विरोधी भावना में असाधारण वृद्धि देख रहे हैं क्योंकि इजराइल नरसंहार करने वाले आतंकवादियों से बचाव की कोशिश कर रहा है। इस बीच, अमेरिकी सरकार ने नेतन्याहू की टिप्पणी से किनारा कर लिया है। व्हाइट हाउस ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के हवाले से बयान दिया कि कॉलेज परिसरों में स्वतंत्र भाषण और बहस बेहद महत्वपूर्ण हैं। इस पर पाबंदी नहीं लगाई जानी चाहिए।

अब जो चाहे वो कर सकते हैं मुइज्जू, अत्याचारी शासन का डर, क्यों घबराए मालदीव के संविधान 'निर्माता'

माले। बहुत कम लोगों को उम्मीद थी कि मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी रविवार के संसदीय चुनाव में जीत हासिल करेगी। अब मुइज्जू ने जीत ही हासिल नहीं की है बल्कि प्रचंड बहुमत हासिल कर लिया है। इस चुनाव को देश के राष्ट्रपति मुइज्जू के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिनकी नीतियों पर मालदीव में प्रभाव बढ़ाने की कोशिश करते रहे भारत और चीन की नजर रहती है। हालांकि मुइज्जू की बंपर जीत से मालदीव के बुद्धिजीवी घबराए हुए हैं।

कितनी सीटें जीते मुइज्जू? मुइज्जू के नेतृत्व वाली पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) ने रविवार को हुए चुनाव में 20वीं 'पीपुल्स मजलिस' (संसद) में 93 में से 68 सीट जीतीं और इसके गठबंधन साझेदारों-मालदीव नेशनल पार्टी (एमएनपी) तथा मालदीव डेवलेपमेंट एलायंस (एमडीए) ने क्रमशः एक और दो सीट जीती हैं जो कि संसद के दो-तिहाई बहुमत से अधिक है।

इसके साथ ही पीएनसी को संविधान में संशोधन की शक्ति मिल गई है। यानी मुइज्जू सरकार जब चाहे तब मालदीव का संविधान बदल सकती है। न्यूज पोर्टल अल-जजीरा से बात करते हुए पूर्व सांसद और माले में मंधू कॉलेज के संस्थापक इब्राहिम इस्माइल ने कहा कि मुइज्जू के पास अब पूर्ण शक्ति है। हालांकि उन्होंने डर जताते हुए कहा कि बहुमत का इस कदर होना अच्छी बात नहीं है। अब आप यह उम्मीद नहीं कर सकते कि राष्ट्रपति अपनी शक्तियों का कैसे और कितना संतुलन बिठाकर इस्तेमाल करेंगे।

मालदीव के संविधान का मसौदा तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले इस्माइल ने कहा कि उन्हें मालदीव में बहुदलीय लोकतंत्र की शुरुआत के लगभग दो दशक बाद 'अत्याचारी शासन' के वापसी का डर है। उन्होंने कहा, सही मायनों में पीएनसी (मुइज्जू की पार्टी) कोई उचित राजनीतिक दल नहीं है। यह पार्टी जमीनी स्तर से उठकर ऊपर नहीं आई है। इसने जमीनी हालात नहीं देखे हैं। इस्माइल ने आगे कहा कि मुइज्जू की पार्टी का गठन उनके सत्ता में आने के दौरान हुआ था और पार्टी में उसे जिम्मेदार ठहराने वाला कोई नहीं है, पार्टी का अपना कोई ढांचा नहीं है।

ईरानी सरकार के विरोध में सड़क पर गाए गाने, मशहूर रैपर को सुनाई गई सजा-ए-मौत

ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों का समर्थन करने और सरकार के खिलाफ सड़कों पर गाना गाने के आरोप में मशहूर रैपर को मौत की सजा सुनाई गई है। वह कुछ समय से जेल में बंद भी था। रैपर के वकील ने एक बयान में कहा कि उसके मुवक्किल ने हिजाब न पहनने के लिए जेल में मारी गई महसा अमीनी के समर्थन में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया था। वह अपने गीतों के जरिए सरकार के प्रति अपनी रोष प्रकट कर रहा था। वकील ने रैपर की मौत की सजा के खिलाफ उच्च अदालत में अपील की जाएगी। सरकार विरोधी प्रदर्शनों का समर्थन करने के आरोप में जेल में बंद ईरानी रैपर तूमज सालेही को मौत की सजा सुनाई गई है।

वर्ग पहेली 6536



बायें से दायें:-

१. कूटनीतिज्ञ
४. जंगल की पैदावार
६. घर
७. दौड़ने वाला धोही, दूत
८. वेश्या
१०. जोड़ने वाला, संधि, मेल
११. गुत्थी, फंसाव, सोच, चिंता, कठिनाई
१२. लड्डू
१४. घूस, रिश्वत
१५. नुकसान ते बदले दी जाने वाली रकम, क्षतिपूर्ति (उर्दू)
१७. दृष्टि, निगाह (उर्दू)
१९. दूर तक फैली हुई ऊंची और चौरस जमीन
२१. कमल
२२. अनुभवी, कुशल विद्वान
२४. सूर्यपुत्री

ऊपर से नीचे:-

१. शासन, केंद्र
२. मनुष्य की खोपड़ी
३. ब्रह्मा, पद्मासन
४. जंगलों में रहना
५. बांस की तिलीयों और कागज से बना एक खिलौना, जिले तागे के द्वारा आकाश में उड़ाया जाता है
९. नाटक करने या लिखने वाला
११. कर्ज या ऋण
१२. पहाड़ आदि से गिरने वाली जलधारा, निर्झर
१३. बंधन, कष्ट आदि से छुड़ाना
१४. विलंब न सह सकने वाली इच्छा, प्रिय से मिलने की इच्छा
१५. सहयात्री (उर्दू)
१६. पशु, प्राणी (उर्दू)
१८. अवश्य (उर्दू)
१९. पढ़ा हुआ
२०. चलन, तौर-तरीका
२३. निपुण, कुशल

वर्ग पहेली-6535

१ अ	ह	२ मि	य	३ त	■	४ अ	व	५ सा	न
भि	■	ली	■	६ ब	धि	र	■	जिं	■
७ प्रा	रं	भ	■	स्सु	■	८ मा	ल	दा	९ र
य	■	ग	■	१० म	का	न	■	■	क्ष
■	११ अं	त	१२ स	■	■	■	१३ पा	व	क
■	ज	■	मी	■	१४ वै	भ	व	■	द
१५ व	न	१६ च	र	■	दे	■	१७ स	१८ ज	ल
नो	■	तु	■	१९ वि	ही	२० न	■	न्मां	■
२१ प	रा	स्त	■	रा	■	२२ य	शो	ध	२३ रा
ज	■	२४ ना	स	म	झ	■	■	■	ह

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

रिकॉर्ड

श्रीनगर के प्रतिष्ठित ट्यूलिप गार्डन ने बनाया नया रिकॉर्ड

33 दिनों में चार लाख से अधिक पर्यटकों को किया आकर्षित

■ सुरेश एस डुग्गर

नई दिल्ली, (देशबन्धु)। एशिया के सबसे बड़े ट्यूलिप गार्डन ने 33 दिनों के बाद अलविदा बोल दिया है। मौसम में गर्मी के अहसास के कारण मुरझा रहे फूलों के कारण फ्लोरीकल्चर विभाग के निदेशक ने इसको बुधवार से बंद करने का आदेश जारी किया था।

इतना जरूर था कि 33 दिनों के भीतर आने वालों ने इस बार नया रिकार्ड कायम किया था। कुल 4.25 लाख आने वालों ने इस साल एक नया रिकार्ड बनाया था।

अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर के प्रतिष्ठित ट्यूलिप गार्डन ने बुधवार को जनता के लिए अपने दरवाजे बंद कर दिए हैं। यह निर्णय ट्यूलिप ब्लूम सीजन के अंत के बाद लिया गया है। 2007 में अपने उद्घाटन के बाद से, ट्यूलिप गार्डन एक अवश्य देखने योग्य स्थान के रूप में उभरा है, जो 30 हेक्टेयर में फैला है और जबरवान पहाड़ियों की पृष्ठभूमि में ट्यूलिप और अन्य वनस्पतियों की एक जीवंत श्रृंखला प्रदर्शित करता है। हालांकि बंद होने से उन लोगों को निराशा हो सकती है जिन्होंने दौरे की योजना बनाई थी, यह बगीचे के संरक्षण के लिए आवश्यक है।

प्रशासन इस अवधि के दौरान बगीचे को किसी भी नुकसान से बचाने के लिए बंद का सम्मान करने के महत्व पर जोर देता है। अस्थायी रूप से बंद होने के बावजूद, ट्यूलिप गार्डन श्रीनगर के पर्यटन क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता बना हुआ है, इसके दीर्घकालिक संरक्षण को सुनिश्चित करते हुए इसकी निरंतर सफलता की आशा है। गार्डन तैयार करने में लगभग 6 महीने का समय लगा था और गार्डन के खुलने से पहले ही बड़ी योजना बना ली गई थी।

■ पिछले साल 3.75 लाख पर्यटकों ने किए थे ट्यूलिप गार्डन के दीदार

लगभग 500 बागवानों और कर्मचारियों ने दिन-रात मेहनत करके जनता के लिए इस उद्यान को तैयार किया था। पर्यटक बड़ी संख्या में यहां आए थे जिन्होंने खूबसूरत नजारों का आनंद लिया था।

पिछले साल 3.75 लाख पर्यटक ट्यूलिप गार्डन में आए थे तो इस बार यह आंकड़ा 4.25 लाख था। हरियाणा से आए पर्यटक संदीप और राजा चौधरी का कहना था कि हमने अपनी यात्रा की योजना ट्यूलिप के खिलने के साथ बनाई थी। यह एक शानदार अनुभव रहा है और मैंने अपने जीवन में ट्यूलिप के इतने खूबसूरत और इतने रंग कभी नहीं देखे थे।

खेल जगत

रसिख सलाम को आचार संहिता उल्लंघन पर लगी फटकार

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज रसिख सलाम डार को अरुण जेटली स्टेडियम, दिल्ली में गुजरात टाइटंस के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के मैच 40 के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए फटकार लगाई गई है। डार ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 का अपराध किया। उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी की सजा स्वीकार कर ली। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है।



नारायण और रसेल के बूते केकेआर अपने जीत के सिलसिले को आगे बढ़ाने उतरेगी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। अपने कैरिबियाई ऑलराउंडर सुनील नारायण और आंद्रे रसेल के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत आरसीबी से किस्मत के सहारे पिछला मैच मात्र एक रन से जीतने से सात मैचों में पांच जीत और दो हार के साथ मौजूदा आईपीएल 2024 में दूसरे स्थान पर चल रही कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) अब इन दोनों के बूते शुक्रवार को अपने घर में कोलकाता में पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत के सिलसिले को आगे बढ़ाने के मकसद से उतरेगी। वहीं अपने कप्तान शिखर धवन के चोट के चलते बाहर होने से पिछले चार मैच बेहद करीबी अंतर से हारने वाली पंजाब किंग्स की कोशिश कोलकाता नाइट राइडर्स पर जीत के साथ लगातार पांचवी हार से बचने की होगी। सुनील नारायण (कुल 286 रन) के लिए एक शतक और एक अर्धशतक सहित कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए रन बनाने में आगे चल ही रहे हैं आंद्रे रसेल व हर्षित राणा के साथ समान रूप से नौ-नौ विकेट चटका कर रन बनाने में सबसे आगे चल रहे हैं। आंद्रे रसेल कोलकाता नाइट राइडर्स की कोलकाता में पहले मैच एसआरएच पर और पिछले आरसीबी के खिलाफ सांस रोक देने वाले रिटर्न मैच में जबकि सुनील नारायण आरसीबी के खिलाफ बेंगलुरु में, दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ दिल्ली में गेंद और बल्ले से दमदार प्रदर्शन कर दो-दो मैचों मैन ऑफ द मैच रहे। केकेआर की टीम अब तक मौजूदा चैंपियन चेन्नै सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स से कुल दो मैच हारी है। सुनील नारायण के अर्द्धशतक के बावजूद जोश बटलर ने शतक जड़ने के बाद मैच की आखिरी गेंद पर चौका राजस्थान रॉयल्स को दो विकेट से जीत दिला दी थी। दोनों टीमों के बीच आईपीएल में पिछले पांच मैचों में तीन केकेआर ने और दो पंजाब किंग्स ने जीते हैं। सुनील नारायण के साथ उनके सलामी जोड़ीदार दो अर्द्धशतक जड़ने वाले विकेटकीपर फिल साल्ट (कुल 249 रन) ने बल्ले से कोलकाता के लिए बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया ही है कप्तान श्रेयस अय्यर, वेंकटेश अय्यर ने एक एक अर्द्धशतक जड़ सही वक्त पर सही प्रदर्शन किया है। बावजूद इसके केकेआर के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के लिए बुमराह व चहल की तरह कुल 13-13 विकेट चटकाने वाले पंजाब किंग्स के चतुर तेज गेंदबाज हर्षल पटेल, कप्तान की जिम्मेदारी भी संभाल रहे सैम करेन (कुल 11 विकेट) कसिगो रबाड़ा (10 विकेट) और स्पिनर हरप्रीत बराड़ (चार विकेट) से पार पाना आसान नहीं होगा।

■ पंजाब किंग्स की कोशिश लगातार पांचवीं हार से बचने की

■ केकेआर के शीर्ष क्रम के लिए पंजाब के हर्षल, करेन व रबाड़ा से पार पाना आसान नहीं

आईपीएल 2024

खासतौर पर पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज रबाड़ा, हर्षल और करेन ने पारी के शुरू में यदि कोलकाता नाइट राइडर्स के पिंच हिटर सुनील नारायण, साल्ट और अब तक एक एक अर्द्धशतक जड़ने वाले वेंकटेश अय्यर और कप्तान श्रेयस अय्यर को जल्द सस्ते में आउट कर यदि पैवेलियन की राह दिखा तो फिर मेजबान टीम का सारा गणित और रणनीति की हवा में ही निकल जाएगी। शुरू में यदि जल्दी कोलकाता नाइट के विकेट गिर जाते हैं फिर फिनिशर रिंकू और उनके रसेल जैसे बल्ले और अपनी बाजुओं पर भरोसा करने वाले विस्फोटक पारी खेल केकेआर की नैया किनारे लगाना खासा मुश्किल हो जाएगा।

अनुभवी कप्तान शिखर की गैरमौजूदगी में पंजाब किंग्स के लिए एक एक अर्द्धशतक जड़ने वाले नौजवान बल्लेबाज शशांक सिंह (कुल 195 रन), आशुतोष शर्मा (159 रन) और अब कप्तानी की जिम्मेदारी भी संभाल रहे सैम करेन (कुल 152 रन) ने बेशक अच्छी पारियों खेली हैं लेकिन पंजाब किंग्स को उसके पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ चार विकेट से और गुजरात टाइटंस के खिलाफ उसके घर में एक गेंद के बाकी रहते तीन विकेट से जीत के अलावा बाकी पिछले लगातार चार मैचों सहित आठ मैचों में छह हार झेलनी है। छत्तीसगढ़ से खेलने वाले शशांक सिंह और बेहद कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि से आने वाले आशुतोष शर्मा के साथ यदि इंग्लैंड के सैम करेन, लियाम लिविंगस्टन व जॉनी बैरिस्टो तथा जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा ने साथ निभा बड़ी पारियां खेली तो पंजाब किंग्स की टीम बड़े नामों वाली केकेआर का गणित बिगाड़ कर नौ मैचों में अपनी तीसरी जीत की उम्मीद कर सकती है।

टी-20 विश्व कप के लिए टीम की घोषणा कर सकते हैं : बीसीसीआई

आईसीसी टी20 विश्व कप

नई दिल्ली। एक जून से वेस्टइंडीज और यूएसए में खेले जाने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा करने के लिए वरिष्ठ राष्ट्रीय चयनकर्ताओं की इस सप्ताह के अंत में मुंबई में बैठक होने की संभावना है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने आईएएनएस को यह जानकारी दी। आईसीसी ने भाग लेने वाले बोर्डों के लिए विश्व कप के लिए अपने अस्थायी टीमों की घोषणा करने के लिए 1 मई की समय सीमा निर्धारित की है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति का इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 सीज़न में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर एक संतुलित 15 सदस्यीय टीम चुनने की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। सूत्रों ने आईएएनएस से कहा कि वे (चयनकर्ता) 15 सदस्यीय टीम चुनने के लिए 27 या 28 अप्रैल को बैठेंगे। टीम का नाम बताना वास्तव में कठिन होगा क्योंकि मौजूदा आईपीएल में कुछ युवा खिलाड़ी वास्तव में प्रभावशाली हैं।

ज़ावी जून 2025 तक बार्सिलोना के कोच बने रहेंगे

मैड्रिड (स्पेन), 25 अप्रैल (एजेंसियसां)। एफसी बार्सिलोना के कोच ज़ावी हर्नांडेज़ ने मौजूदा सीज़न के अंत में प्रथम-टीम के कोच के रूप में पद छोड़ने के अपने फैसले को पलट दिया है और अब उनका अनुबंध जून 2025 के अंत तक रहेगा। बार्सिलोना उपाध्यक्ष राफ़ा युस्टे ने ज़ावी के साथ बैठक के बाद क्लब के अध्यक्ष जोन लापोर्टा के घर के बाहर इस खबर की पुष्टि की। युस्टे ने इंतजार कर रहे पत्रकारों से कहा कि ज़ावी रुकेंगे, वह वास्तव में खुश और उत्साहित हैं, क्लब ने इस बात पर ज़ोर देने से पहले कि कभी भी किसी अन्य कोच के साथ बातचीत शुरू नहीं की थी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इससे पहले बुधवार को जावी ने लापोर्टा और बार्सिलोना के खेल निदेशक डेको के साथ आमने-सामने बातचीत की, जिसमें उन्होंने संकेत दिया कि उन्होंने जनवरी में लिए गए फैसले के बारे में अपना मन बदल लिया है। ज़ावी ने बार्सिलोना को तब चौंका दिया जब उन्होंने घरेलू मैदान पर विलारियल से 5-3 की हार के बाद टिप्पणी की कि वह इस सीज़न के अंत में पद छोड़ देंगे।

सार संक्षेप

श्यामलाल कॉलेज 115 रनों से हारा

नई दिल्ली। द्वितीय स्वामी दयानंद सरस्वती डे-नाईट टी-20 इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में राम लाल आनंद कॉलेज ने श्यामलाल कॉलेज को 115 रनों से हराया। पी.जी.डी.ए.वी कॉलेज (प्रातः) द्वारा आयोजित टी-20 इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर कृष्णा शर्मा ने सिक्का उछालकर किया। राम लाल आनंद कॉलेज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 207 रन का विशाल स्कोर बनाया। टीम के लिए सर्वोत्तम शर्मा ने 32 गेंदों में 49 रन बनाए और मेहुल चौहान ने 11 रन देकर तीन विकेट लिए। राम लाल आनंद कॉलेज के गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए श्यामलाल लाल कॉलेज की टीम को 14 ओवर में 92 रन पर ढ़ेर कर मुकाबला 115 रनों से जीत लिया। सर्वोत्तम शर्मा प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

अर्जन सिंह हांकी प्रतियोगिता में भारतीय वायु सेना ने श्रीलंका वायु सेना को हराया

चंडीगढ़। भारतीय वायु सेना ने मार्शल ऑफ द एयर फोर्स अर्जन सिंह मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट-2024 के पांचवें संस्करण के पहले दिन गुरुवार को नंबर 3 बेस रिपेयर डिपो (बीआरडी) में श्रीलंका वायु सेना को हरा दिया। पहले दिन चार मैच खेले गए। भारतीय वायुसेना ने श्रीलंका वायुसेना के खिलाफ 4-0 से जीत दर्ज की. भारतीय वायु सेना के जेडब्ल्यूओ लवदीप सिंह ने चार गोल किये। उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दूसरा मैच चंडीगढ़ इलेवन ने पंजाब पुलिस से 5-3 से जीता। एयर मार्शल आरके आनंद, एयर ऑफिसर-इन-चार्ज एडमिनिस्ट्रेशन, जो मुख्य अतिथि थे। मुख्य अतिथि ने अनुभवी खिलाड़ियों - धर्मवीर सिंह (ओलंपियन) और पूर्व वायु सेना हॉकी खिलाड़ियों, ग्रुप कैप्टन जेएस मिन्हास (सेवानिवृत्त) और पूर्व सार्जेंट प्रेम कुमार को सम्मानित किया।

जिम्बाब्वे के पूर्व क्रिकेटर गाइ व्हिटल तेंदुए के हमले में घायल

हुमानी। जिम्बाब्वे के पूर्व क्रिकेटर गाइ व्हिटल को इस सप्ताह की शुरुआत में तेंदुए के हमले में चमत्कारिक रूप से बचने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। व्हिटल जिम्बाब्वे में अपनी स्वामित्व वाली एक संरक्षक कंपनी में अपने कुत्ते के साथ सैर पर निकला था। सोशल मीडिया (फेसबुक) पर उनकी पत्नी हन्ना व्हिटल की एक पोस्ट के अनुसार, चोट मंगलवार को लगी जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए हरारे ले जाया गया।

सुडोकू 6536 का हल

2	4	9	5	6	1	7	8	3
5	7	6	3	2	8	4	9	1
8	1	3	7	4	9	5	2	6
6	2	8	4	5	7	1	3	9
4	5	1	8	9	3	2	6	7
3	9	7	2	1	6	8	4	5
1	3	5	6	8	4	9	7	2
9	6	4	1	7	2	3	5	8
7	8	2	9	3	5	6	1	4

चोट की वजह से न्यूजीलैंड के खिलाफ बाकी बचे टी20 में नहीं खेलेंगे रिजवान

लाहौर। मोहम्मद रिजवान और इरफ़ान ख़ान नियाज़ी न्यूजीलैंड के खिलाफ बाक़ी बचे टी20 से बाहर हो गए हैं। पीसीबी ने बयान में कहा है कि उन्हें दोनों की रेडियोलॉजी रिपोर्ट्स मिली हैं और दोनों को सीरीज से बाहर करने का निर्णय लिया गया है। रिज़वान को तीसरे टी20 में बल्लेबाज़ी करते समय हैमस्ट्रिंग हो गई थी और उन्हें रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा था। पीसीबी की ओर से कहा गया है कि उनके सप्ताह से 10 दिन तक मैदान के बाहर रहने की उम्मीद है और यह चोट उन्हें भविष्य के दौरे से बाहर रखने लायक नहीं है। वहीं नियाज़ी को उस मैच में किसी तरह की तक़लीफ़ में नहीं देखा गया था, लेकिन पता चला है कि उनको भी हैमस्ट्रिंग हुई है और इसकी वजह से पीसीबी ने उन्हें सीरीज़ से बाहर कर दिया है। इस जोड़ी के अलावा आज़म ख़ान पहले ही चोट के कारण अनुपलब्ध थे। वहीं इस साल की शुरुआत में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ टी20 पदार्पण करने वाले हसीबुल्लाह को आज़म के कवर के तौर पर बुलाया गया है, इसके अलावा किसी बदलाव की घोषणा नहीं की गई है।रिज़वान की अनुपस्थिति में पाकिस्तान के पास विकेटकीपिंग के कई विकल्प हैं।

हसीबुल्लाह को अभी तक खेलने का मौक़ा नहीं मिला है, वह विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। उस्मान ख़ान ने भी पीएसएल में मुल्तान सुल्तांस के लिए दो मैचों में कीपिंग की थी। दूसरे मैच में हारने के बाद न्यूजीलैंड ने तीसरे मैच में वापसी करते हुए सीरीज को 1-1 की बराबरी पर ला दिया, आखिरी दो मैच अब लाहौर में खेले जाने हैं।

टी20 विश्व कप : टीम इंडिया में पंत की जगह लगभग पक्की

नई दिल्ली, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। ऋषभ पंत ने बतौर विकेटकीपर, बल्लेबाज और कप्तान तीनों में बेहतरीन प्रदर्शन दिल्ली कैपिटल्स को गुजरात टाइटंस के खिलाफ सांस रोक देने वाले बेहद रोमांचक रिटर्न मैच में अपने घरेलू दर्शकों के सामने यहां आईपीएल 2024 क्रिकेट में अरुण जेटली स्टेडियम में बड़े स्कोर वाले बेहद रोमांचक मैच में बृहस्पतिवार देर रात चार रन से जीत दिला नौ मैचों में चार जीत और पांच हार के साथ अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंचा दिया। ऋषभ पंत ने दिल्ली कैपिटल्स के नौ मैचों में मौजूदा सीजन में अपने तीसरे अर्द्धशतक के साथ कुल 342 रन बना कर अपनी टीम के लिए शीर्ष और अंक तालिका कुल तीसरे नंबर पर है। वह दिल्ली की गुजरात टाइटंस पर दोनों जीत में मैन ऑफ द' मैच रहे और उन्होंने बतौर विकेटकीपर 9 कैच लपके और दो खिलाड़ियों को स्टंप किया। बेहद खतरनाक कार दुघर्टना के बाद अपने जीवट से ऋषभ पंत ने विकेट के पीछे और आगे दमदार प्रदर्शन कर जून में अमेरिका और वेस्ट इंडीज में होने वाले आईसीसी टी-20 विकेट के लिए भारतीय टीम में जगह पाने की होड़ में मौजूदा आईपीएल के आधे से ज्यादा का सफर पूरा करने के बाद संजू सैमसन (कुल314), केएल राहुल (302 रन), दिनेश कार्तिक (कुल 251 रन) और इशान किशन (कुल 185 रन) को कहीं पीछे छोड़ अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है। दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस को उसके घर में छह विकेट से हराया था। पहले बल्लेबाजी की दावत पाकर पॉवरप्ले में मात्र छह ओवर में तीन विकेट 44 रन पर गंवाने के बाद कप्तान मैन ऑफ द' मैच ऋषभ पंत की मात्र 43 गेंदों में अविजित 88 रन की तूफानी पारी और उनकी अक्षर पटेल (66 रन) के साथ चौथे विकेट की 113 रन की भागीदारी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 224 रन का पहाड़ का स्कोर बनाया।

पंत ने दिल्ली कैपिटल्स को नौ मैचों में चार जीत और पांच हार के साथ अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंचा दिया

> जहां तक मेरा खुद का ताल्लुक है, मैं अब हर दिन के साथ बेहतर महसूस कर रहा हूं। मैं पूरी शिद्दत से खेला। मैं हर घंटे मैदान पर रहना पसंद करता हूं : ऋषभ पंत

पंत ने गुजरात के मोहित शर्मा को निशाना बना उनकी मात्र 18 गेंदों में आठ छक्कों और सात चौकों सहित 62 रन बनाए। जवाब में नौजवान तेज गेंद बाज रसिक सलाम (3/44) और बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव(2/29) ने सई सुदर्शन (66 रन, 39 गेंद), डेविड मिलर (55, 23 गेंद) और राशिद खान (21 रन, 11गेंद) की तूफानी पारियों की बावजूद गुजरात टाइटंस को आठ विकेट पर 220 रन पर रोक कर दिल्ली कैपिटल्स को रोमांचक जीत दिलाई। दिल्ली कैपिटल्स की बृहस्पतिवार रात गुजरात टाइटंस पर अपने घर में भी जीत के बाद ऋषभ पंत ने कहा कि जहां तक मेरा खुद का ताल्लुक है मैं अब हर दिन के साथ बेहतर महसूस कर रहा हूं। मैं अपनी पूरी शिद्दत से खेला। मैं हर घंटे मैदान पर रहना पसंद करता हूं। मैं मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करता हूं। जहां तक नौजवान तेज गेंदबाज रसिक सलाम से 19 वां ओवर फिंकवाने की बात है तो हमने यह देख चुके हैं कि अनुभवी ऑनरिक नोकिया बेहद महंगे साबित हुए थे।

बियॉन्ड बाउंड्रीज पहल के तहत दिल्ली में 500 युवा क्रिकेटरों को क्रिकेट किट का वितरण

नई दिल्ली, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। आपूर्ति श्रृंखला समाधान प्रदाता कंपनी डीपी वर्ल्ड ने 'बियोन्ड बाउंड्रीज' पहल के तहत दिल्ली के एकेडमियों से जुड़े 500 युवा किक्रेटरों को क्रिकेट किट वितरित कर रही है। कंपनी ने यहां कहा कि यह पहल क्रिकेट के विकास को समर्थन करने की कंपनी की एक वैश्विक मिशन का हिस्सा है, जिसकी आपूर्ति विशेष उद्देश्य से तैयार 50 पुनर्निर्मित शिपिंग कंटेनरों के माध्यम से की जा रही है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि जमीनी स्तर के क्रिकेट क्लबों के पास खेल खेलने के लिए आवश्यक किट, उपकरण और सुविधाएं उपलब्ध हों। दो कंटेनरों से दिल्ली क्षेत्र में बाल भारती और बाल भवन सहित अन्य एकेडमी के 500 युवा खिलाड़ियों को लाभ होगा। दोनों कंटेनरों को बाहर से अनूठी कलाकृति से सजाया गया है जो क्रिकेट की भावना और दिल्ली शहर के साथ इसके संबंधों को दर्शाते हैं और ये कंटेनर लाभार्थियों के लिए चेंजिंग रूम और विश्राम पवेलियन्स के रूप में भी काम करेंगे। बियॉन्ड बाउंड्रीज पहल के लॉन्च मौके पर दिल्ली कैपिटल्स टीम के प्रमुख कोच रिकी पोंटिंग और क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली के अलावा टीम के प्रमुख खिलाड़ियों डेविड वार्नर, एनरिक नॉर्टजे, यश ढुल और पूनम यादव ने शिरकत की। इसके साथ ही डीपी वर्ड के अधेंद्रू जैन और दिल्ली कैपिटल्स की पुरुष और महिला टीमों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे, जिन्होंने एकेडमियों से बात की और 7 अकादमियों के युवा लाभार्थियों को क्रिकेट किट वितरित करने में मदद की।

पाकिस्तान की बिस्माह मारूफ ने क्रिकेट से लिया संन्यास

कराची। पाकिस्तान महिला टीम की पूर्व कप्तान बिस्माह मारूफ ने तत्काल प्रभाव से क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। मारूफ ने अपने बयान में कहा कि मैंने उस खेल से संन्यास लेने का फैसला किया है जो मुझे सबसे अधिक पसंद है। उन्होंने कहा कि यह चुनौतियों, जीत और अविस्मरणीय यादों से भरी एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। उन्होंने कहा कि मैं अपने परिवार के प्रति आभार व्यक्त करना चाहती हूं, जिन्होंने शुरू से लेकर अब तक मेरी क्रिकेट यात्रा में मेरा समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि मैं मुझ पर विश्वास करने और मेरी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान करने के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को भी धन्यवाद देना चाहती हूं। उन्होंने कहा कि पीसीबी का समर्थन अमूल्य रहा है, विशेषकर मेरे लिए पहली अभिभावक नीति को लागू करने में, जिसने मुझे एक मां होने के दौरान उच्चतम स्तर पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करने में सक्षम बनाया।

तीरंदाजी विश्व कप : भारतीय पुरुष रिकर्व टीम फाइनल में

शंघाई (चीन)। लगातार तीन जीत के साथ, धीरज बोम्मदेवरा, तरुणदीप राय और प्रवीण रमेश जाधव की भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने गुरुवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के फाइनल में जगह पक्की कर ली। भारतीय तिकड़ी इंडोनेशिया के खिलाफ प्री-क्वार्टर फाइनल मैच में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 5-3 से जीत हासिल की। उस शुरुआती लड़खड़ाहट के बाद, उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और आगामी चरणों में स्पेन और इटली के खिलाफ 5-1 से आसानी से जीत हासिल की। भारत ने नॉकआउट चरण में अपना फॉर्म बरकरार रखा, कुल मिलाकर दूसरे स्थान पर रहा और 55 से ऊपर के औसत स्कोर के साथ फाइनल में पहुंचा। 28 अप्रैल को, वे फाइनल में मजबूत दक्षिण कोरियाई टीम के खिलाफ खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। महिला रिकर्व टीम ने अपना निराशाजनक प्रदर्शन बरकरार रखा और 16वें राउंड में मेक्सिको से 3-5 से हार गई, इस प्रकार पुरुषों की जीत के विपरीत प्रतियोगिता से जल्दी बाहर हो गई।

तीरंदाजी विश्व कप

अर्जुन ने ओलंपिक चयन ट्रायल में एयर राइफल फाइनल का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

नई दिल्ली। अर्जुन बाबूता ने राइफल और पिस्टल के लिए चल रहे ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) 1 और 2 के सातवें दिन शानदार प्रदर्शन किया और पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में मौजूदा फाइनल विश्व रिकॉर्ड को तोड़ते हुए शानदार जीत दर्ज की। ओएसटी टी1 फाइनल में उनका सनसनीखेज स्कोर 254.0 था, जो इस साल की शुरुआत में काहिरा विश्व कप में साथी फाइनलिस्ट और भारतीय टीम के साथी दिव्यांश सिंह पंवार द्वारा निर्धारित अंक से 0.3 अधिक था।

नैंसी (महिला 10 मीटर एयर राइफल), वरुण तोमर (पुरुष 100 मीटर एयर पिस्टल) और रिदम सांगवान (महिला 10 मीटर एयर पिस्टल) ने भी अपने संबंधित ओएसटी टी1 फाइनल मैचों में जीत दर्ज की। अर्जुन की स्कोरशीट दो परफेक्ट 10.9 शॉट से जड़ी थी, इसके अलावा 13 अन्य शॉट्स भी थे जो 10.6 या उससे ऊपर थे। उनका सबसे कम स्कोर 10.0 केवल 21वें शॉट पर आया, तब तक उन्होंने मैदान पर एक बड़ा अंतर स्थापित कर लिया था, और अंत में 2022 के विश्व विजेता रुद्राक्ष पाटिल पर 2.8 से जीत हासिल की। श्री कार्तिक सबरी राज तीसरे स्थान पर रहे।

महिलाओं की 10 मीटर में नैंसी ने बाजी मारी

महिलाओं की 10एम एयर राइफल ओएसटी टी1 फाइनल में नैन्सी शायद अर्जुन से थोड़ी कम घातक थी, लेकिन एक आरामदायक और समान जीत हासिल करने में निश्चित रूप से उतनी ही प्रभावी थी। उनका 253.4 का आंकड़ा, विश्व रिकॉर्ड अंक से 0.6 से चूक गया, लेकिन कोटा धारक मेहुली घोष को 0.7 से हराने के लिए पर्याप्त था। ओलंपियन एलावेनिल वलारिवान तीसरे स्थान पर रहीं।

वरुण और रिदम ने एयर पिस्टल जीता

पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में पेरिस कोटा धारक वरुण तोमर ने 244.1 के स्कोर के साथ दिन में एक और आरामदायक जीत हासिल की। रविंदर सिंह दूसरे स्थान पर पूरे 4.1 अंक पीछे थे, जबकि वरुण के साथी पेरिस कोटा धारक सरबजोत सिंह (217.4) ने तीसरे स्थान के साथ अंतिम पोडियम अंक हासिल किए। रिदम सांगवान, महिला क्षेत्र में एयर पिस्टल और स्पोर्ट पिस्टल दोनों ट्रायल के लिए क्वालीफाई करने वाली तीन में से एक, ने व्यापक प्रदर्शन के बाद एयर पिस्टल स्पर्धा में समग्र बढ़त हासिल करके स्पोर्ट पिस्टल ट्रायल में पहले मिली निराशा की कुछ हद तक भरपाई की। अपने पहले ट्रायल मैच में बुधवार को 578 के स्कोर के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रहने के बाद, उन्होंने फाइनल में शुरू से अंत तक नेतृत्व किया और उपलब्ध उच्चतम पोडियम अंक भी जुटाए। उनका 243.5 का स्कोर दूसरे स्थान पर रहीं मनु भाकर से 5.7 बेहतर था। मौजूदा एशियाई खेलों की विजेता पलक तीसरे स्थान पर रहीं।

उपी क्वालिफिकेशन राउंड

उस दिन पुरुषों और महिलाओं की 50 मी राइफल 3 पोजीशन ओएसटी टी2 के लिए क्वालिफिकेशन राउंड भी आयोजित किया गया। ओलंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और अंजुम मुद्गिल क्रमश: स्कोरिंग चार्ट में शीर्ष पर रहे।

ऐश्वर्य विशेष रूप से सनसनीखेज थे क्योंकि उन्होंने 595 का शानदार स्कोर बनाया जिससे उनके और उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी के बीच आठ अंकों का अंतर रह गया।

अर्थ जगत

आरबीआई के डिप्टी गवर्नर रविशंकर का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा

नई दिल्ली। सरकार ने आरबीआई के डिप्टी गवर्नर टी रविशंकर का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया है। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के मुताबिक, केंद्र सरकार ने टी रविशंकर को तीन मई, 2024 से एक साल की अवधि के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर के रूप में फिर से नियुक्त किया है। रविशंकर को मई, 2021 में तीन साल के लिए आरबीआई का डिप्टी गवर्नर बनाया गया था।

बेबी फूड में अधिक चीनी मिलाने की खबरों पर सरकार सख्त

एफएसएसएआई इकट्ठा कर रहा नेस्ले के सैंपल

नई दिल्ली। खाद्य सुरक्षा नियामक एफएसएसएआई ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह नेस्ले के शिशु आहार सेरेलैक के पूरे भारत से नमूने एकत्र कर रहा है। हाल ही में एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि कंपनी उत्पाद में अधिक चीनी डाल रही है।

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जी. कमला वर्धन राव ने खाद्य सुदृढ़ीकरण पर एसोचैम के एक कार्यक्रम के मौके पर कहा, ''हम देश भर से (नेस्ले के सेरेलैक शिशु आहार के) नमूने एकत्र कर रहे हैं। प्रक्रिया पूरी होने में 15-20 दिन लगेंगे। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन एक वैधानिक निकाय है। स्विट्जरलैंड के गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'पब्लिक आई और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क (आईबीएफएएन) ने हाल ही में अपनी एक रिपोर्ट में दावा किया कि नेस्ले ने यूरोप के अपने बाजारों की तुलना में भारत सहित कम विकसित दक्षिण एशियाई देशों, अफ्रीकी तथा लैटिन अमेरिकी देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचे। रिपोर्ट तैयार करने के लिए विभिन्न देशों में बेचे जाने वाले करीब 150 विभिन्न शिशु उत्पादों का अध्ययन किया गया।

रिपोर्ट के अनुसार, छह महीने के बच्चों के लिए नेस्ले का गेहूं आधारित उत्पाद 'सेरेलैक ब्रिटेन तथा जर्मनी में बिना किसी अतिरिक्त चीनी के बेचा जाता है लेकिन भारत से विश्लेषण किए गए 15 सेरेलैक उत्पादों में एक बार के खाने में औसतन 2.7 ग्राम चीनी थी। हालांकि, नेस्ले इंडिया ने दावा किया कि उसने पिछले पांच वर्षों में भारत में शिशु आहार उत्पादों में चीनी में 30 प्रतिशत तक की कमी की है। इससे पहले, एसोचैम कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एफएसएसएआई के सीईओ ने मानव स्वास्थ्य के लिए खाद्य सुदृढ़ीकरण के महत्व पर प्रकाश डाला और आहार में मोटा अनाज आदि शामिल करने का आह्वान किया। सीईओ ने इस अवसर पर एसोचैम की रिपोर्ट फोर्टिफाइंग इंडियाज फ्यूचर- सिग्नेचर ऑफ फुड फोर्टिफिकेशन एंड न्यूट्रिशन का भी अनावरण किया।

आरबीआई की कार्रवाई के बाद कोटक महिंद्रा बैंक के स्टॉक में 12 प्रतिशत की गिरावट, सदमे में शेयरधारक

नई दिल्ली। कोटक महिंद्रा बैंक के खिलाफ बैंकिंग सेक्टर के रेग्यूलेटर भारतीय रिजर्व बैंक के बुधवार 24 अप्रैल को 2024 को बड़ी कार्रवाई के बाद गुरुवार 25 अप्रैल की तारीख कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरधारकों के लिए सबसे निराशाजनक रहा है.बाजार बंद होने पर कोटक बैंक का शेयर 10.85 फीसदी की गिरावट के साथ 1643 रुपये पर बंद हुआ है.सुबह प्री-मार्केट में ही स्टॉक गिरा हुआ था और जब बाजार खुला तो पिछले क्लोजिंग प्राइस 1843 रुपये से 168 रुपये यानि 9 फीसदी से ज्यादा की गिरावट के साथ स्टॉक 1675 रुपये पर खुला. दिन के ट्रेडिंग के दौरान 12 फीसदी से ज्यादा नीचे जा लुढ़का और 1620 रुपये पर जा पहुंचा. बीते एक साल में कोटक महिंद्रा बैंक के स्टॉक का सबसे निचला लेवल है. स्टॉक में आई इस गिरावट के बाद कोटक महिंद्रा बैंक का मार्केट कैप 3.27 लाख करोड़ रुपये पर घटकर आ चुका है.

ब्रोकरेज हाउसेज ने घटाया टारगेट- आरबीआई की इस कार्रवाई ने ब्रोकरेज हाउसेज ने कोटक महिंद्रा बैंक के स्टॉक के टारगेट प्राइस को घटा दिया है. जेफ्फरीज ने निवेशकों के टारगेट प्राइस को 2050 रुपये से घटाकर 1970 रुपये करते हुए निवेशकों को स्टॉक को होल्ड करने की सलाह दी है.

छिना चौथे बड़े बैंक का ताज- कोटक महिंद्रा बैंक के स्टाक की हुई धुलाई के बाद एक्सिस बैंक कोटक बैंक को पीछे छोड़ते हुए मार्केट कैप के लिहाज से देश की चौथी सबसे बड़ी बैंक हो गई है. एक्सिस बैंक का मार्केट कैप 3,48,014 करोड़ रुपये रहा है जबकि कोटक महिंद्रा बैंक का मार्केट बाजार बंद होने पर 326,615 करोड़ रुपये रहा है.

शेयर बाजार गुलजार, मार्केट कैप 404 लाख करोड़ के रिकॉर्ड ऊंचाई पर

मुंबई। दोपहर बाद बाजार में लौटी खरीदारी के चलते भारतीय शेयर बाजार शानदार तेजी के साथ बंद हुआ है. सेंसेक्स 74,000 अंकों के पार जा पहुंचा है जो निफ्टी 22,500 के ऊपर चला गया.बैंकिंग फार्मा आईटी समेत ज्यादातर सेक्टर्स के स्टॉक में जोरदार तेजी देखने को मिली है. आज का कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 487 अंकों के उछाल के साथ 74,339 अंकों पर बंद हुआ है जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 156 अंकों के उछाल के साथ 22,558 अंकों पर क्लोज हुआ है.

रिकॉर्ड हाई पर मार्केट कैप- शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी के चलते भारतीय शेयर बाजार का मार्केट कैप अपने ऐतिहासिक हाई पर जा पहुंचा. बीएसई पर लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट कैप 404.09 लाख करोड़ रुपये पर बंद हुआ है जो पिछले सत्र में 401.47 लाख करोड़ रुपये पर बंद हुआ था. यानि आज के कारोबार में निवेशकों की संपत्ति में 2.62 लाख करोड़ रुपये का उछाल देखने को मिला है.

सेक्टरोल अपडेट- आज के ट्रेड में बैंकिंग, आईटी, ऑटो, मेटल्स, फार्मा, एफएमसीजी, एनर्जी, ऑयल एंड गैस, हेल्थकेयर जैसे सेक्टर्स के शेयरों में तेजी रही जबकि रियल एस्टेट और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स

स्टॉक गिरावट के साथ बंद हुए. मिडकैप और स्मॉलकैप स्टॉक्स में आज भी शानदार तेजी रही. निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 50,000 के ऊपर बंद हुआ है. सेंसेक्स के 30 शेयरों में 23 स्टॉक्स तेजी के साथ और 7 गिरकर बंद हुए. जबकि निफ्टी के 50 शेयरों में 39 शेयर तेजी के साथ और 11 गिरकर बंद हुए.

चढ़ने - गिरने वाले शेयर्स- आज के कारोबार में एक्सिस बैंक का शेयर 6 फीसदी, एसबीआई 5.10 फीसदी, नेस्ले 2.39 फीसदी, एनटीपीसी 2.20 फीसदी, आईटीसी 2.02 फीसदी, सन फार्मा 1.93 फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक 1.48 फीसदी, टाटा स्टील 1.27 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ है. जबकि गिरने वाले शेयरों पर नजर डालें तो सबसे बड़ी गिरावट कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर में देखने को मिली है. कोटक बैंक का स्टॉक 10.85 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ है।

जूतों-चप्पल के साइज में आत्मनिर्भर बनेगा भारत, देसी तरीके से होगा तय

नई दिल्ली। जूतों-चप्पल के साइज के मामले में भारत आत्मनिर्भर बनने वाला है। दरअसल, अब भारत फुटवियर के साइज का अपना मानक तैयार कर रहा है। इसका नाम 'भा' कोड रखा गया है। यहां 'भा' का मतलब भारत से है। ऐसा अनुमान है कि इस भारतीय साइज मानक को जल्द ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड से? मंजूरी मिल जाएगी। मंजूरी के बाद कंपनियां इस मानक के आधार पर जूते और चप्पल बना सकेंगी।

अभी क्या है स्थिति- वर्तमान में भारत में फुटवियर यानी जूते या चप्पल के साइज को तय करने के लिए अमेरिका और यूरोपीय मानक का इस्तेमाल किया जाता है। इससे भारत में कई लोगों को फुटवियर के पैर में फिटिंग की समस्या होती है। ऐसे में पैर में छाले या अन्य तरह की दिक्कतें आ जाती हैं। हालांकि, 'भा' मानक के जरिए भारतीय लोगों के पैर के साइज के आधार पर जूते-चप्पल बनाए जा सकेंगे।

सर्वे के आधार पर 'भा' मानक तैयार- वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) और केंद्रीय चमड़ा अनुसंधान संस्थान (सीएलआरआई) ने 'भा' मानक को तैयार किया है। दिसंबर 2021 और मार्च 2022 के बीच एक राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण के बाद इस मानक पर काम किया गया। इस सर्वे को अपग्रेडेड 3डी फुट स्कैनिंग तकनीक का उपयोग करते हुए देश के अलग-अलग लोकेशन पर एक लाख से अधिक भारतीय पैरों के जरिए पूरा किया गया। जानकारी के मुताबिक सर्वे में दिसंबर 2021 और मार्च 2022 के बीच 5 अलग-अलग लोकेशन में 79 स्थानों पर 1,01,880 लोग शामिल हुए।

सोने के वायदा भाव गिरकर 71 हजार रुपए से नीचे, चांदी भी फिसली

नई दिल्ली। सोने-चांदी के दाम में गिरावट का सिलसिला जारी है. वायदा बाजार यानी एमसीएक्स पर सोने के भाव में आज भी कमी देखी जा रही है और यह 180 रुपये तक सस्ता होकर करीब 70,800 रुपये तक पहुंच गया है.इसके अलावा चांदी की कीमतों में भी गिरावट जारी है और यह आज एमसीएक्स पर 300 रुपये तक सस्ती होकर 80,260 रुपये तक पहुंच गई है.

वायदा बाजार में पिछले कुछ दिनों में सोने की कीमतों में जबरदस्त गिरावट देखने को मिल रही है और रिकॉर्ड 73,000 रुपये के स्तर को पार कर गया सोना अब 71,000 रुपये के करीब पहुंच गया है. आज यानी गुरुवार 25 अप्रैल को सोना 180 रुपये तक सस्ता होकर 70,870 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंच गया है. बुधवार को सोना 71,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था.सोने के अलावा चांदी की कीमत में भी गिरावट का सिलसिला जारी है. वायदा बाजार यानी एमसीएक्स पर चांदी गुरुवार को 272 रुपये सस्ती होकर 80,225 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है. बुधवार को चांदी 80,497 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी. इस कारोबारी हफ्ते में सोने के साथ-साथ चांदी की कीमतों ने भी ग्राहकों को राहत दी है. देश के प्रमुख शहरों में सोने-चांदी के लेटेस्ट भाव जानें-दिल्ली में 24 कैरेट सोना 72,420 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 82,500 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रही है कोलकाता में 24 कैरेट सोना 72,270 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 82,500 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रही है चेन्नई में 24 कैरेट सोना 73,200 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 86,000 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रही है मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,270 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 82,500 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रही है पुणे में 24 कैरेट सोना

72,270 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 82,500 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रही है

अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्या है सोने-चांदी का हाल?- विदेशी बाजारों में सोना जहां आज हरे निशान पर बना हुआ है, वहीं चांदी आज सस्ती हुई है. अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमैक्स पर गोल्ड जून फ्यूचर्स 1.03 डॉलर महंगा होकर 2,317.13 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया है. वहीं चांदी कॉमैक्स पर मई फ्यूचर्स कॉन्ट्रेक्ट 0.06 डॉलर सस्ती होकर 27.13 डॉलर पर पहुंच गई है.

मुद्रा बाजार

रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

मुद्रा	रुपया
एक अमेरिकी डॉलर	83.31
एक यूरो	89. 10
एक ब्रिटिश पाउंड	103 . 85
एक आस्ट्रेलियन डॉलर	54. 05
एक जापानी येन	00. 53

परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.
864 मारुति शोरूम के सामने फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 126 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 132 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-136 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -60 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

सराफा बाजार

दुल्हन श्री आभूषण
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-73300 चांदी रिफाइन -82000

सोहन लाल एण्ड संस
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-73300 चांदी रिफाइन -82000

दाल- चावल भाव

महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज
फोन- 4067270, 9826035338
प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 12500-13500, मीडियम बोल्ड 14000-14500, फाइन 15000-15500, एकस्ट्रा बोल्ड 15500-16000, चना दाल एवरेज 7300-7400 चना दाल मार्का 7400-7600, मसूर दाल एवरेज 7300-7400, मसूर दाल फाइन 7400-7600, उड़द छिलका 9000-10000, फाइन 10000-11000, उड़द धुली 10500-11000, फाइन 12000-12500, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 10000-10500, मूंगदाल धुली 10800- 11000, फाइन 11000-11500। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3500, बेस्ट 3800-4000, बीपीटी चालू 4000-4200, फाइन 4500-4600,एचएमटी-5000-5200 फाइन-5500-6000 दुबराज भाटापारा 5500-5700, जेजेएल चालू 5500-6000, फाइन 6000-6500, बासमती कनकी चालू 3200-3500, बासमती कनकी मीडियम 3800-4200, बेस्ट 4200-4500, मोगरा- 4200-4500, दुबार- 6000-6500, तिबार- 7500-8000, बासमती 11000-12000, बेस्ट 13500-14000 पोहा- 4200-4400, फाइन 4600-4800, मुरमुरा- 5800-6000, फाइन-7000-7500, रु.।

लोहा भाव

अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6300, 6 एम एम 6300, 8 एम एम 6080, 10 एम एम 5960,12 एम एम, 5900 एवं 16 एम 5900 रु.। तार- 75 रु. किलो।

क्रेडिट कार्ड के खर्च का आंकड़ा 1 लाख करोड़ के पार, डेबिट कार्ड के खर्च पर पड़ा असर

नई दिल्ली। भारत में क्रेडिट कार्ड का चलन तेजी से बढ़ रहा है. मार्च 2024 में क्रेडिट कार्ड के जरिए ऑनलाइन खर्च का आंकड़ा पहली बार 1 लाख करोड़ रुपये के पार चला गया है. इस महीने ऑनलाइन क्रेडिट कार्ड का खर्च मार्च 2023 से 20 फीसदी यानी 86,390 करोड़ रुपये से ज्यादा रहा है . वहीं फरवरी 2024 की तुलना में क्रेडिट कार्ड खर्च में 84,774 करोड़ रुपये यानी 10 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है. मार्च में कुल क्रेडिट कार्ड का खर्च 1.64 लाख करोड़ रुपये रहा है.

क्रेडिट कार्ड की संख्या बढ़ी- वहीं ऑफलाइन प्वाइंट ऑफ सेल मशीनों के जरिए क्रेडिट कार्ड के खर्च में 19 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है और यह मार्च 2023 में 50,920 करोड़ रुपये से बढ़कर 60,378 करोड़ रुपये हो गया है. देश में कुल क्रेडिट कार्ड की संख्या में भी इजाफा हुआ है. फरवरी 2024 में पहली बार देश में क्रेडिट कार्ड की संख्या 10 करोड़ को पार की थी और मार्च 2024 में यह बढ़कर 10.20 करोड़ रुपये हो गई थी. पिछले साल मार्च में कुल क्रेडिट कार्ड की संख्या 8.50 करोड़ थी. ऐसे में क्रेडिट कार्ड की संख्या में 20 फीसदी का इजाफा दर्ज किया गया है.

इस बैंक के क्रेडिट कार्ड का है सबसे ज्यादा मार्केट शेयर- पिछले वित्त वर्ष की मार्च की तिमाही तक सबसे ज्यादा एचडीएफसी बैंक के क्रेडिट कार्ड यूजर्स थे. इसका मार्केट शेयर 20.2 फीसदी था. वहीं इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर एसबीआई का नाम है. पब्लिक सेक्टर बैंक एसबीआई के क्रेडिट कार्ड यूजर्स की संख्या 18.5 फीसदी है. वहीं आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड का मार्केट शेयर 16.60 फीसदी है. चौथे नंबर पर एक्सिस बैंक का नाम है जिसका मार्केट शेयर 14 फीसदी और कोटक महिंद्रा बैंक का मार्केट शेयर 5.80 फीसदी है. ध्यान देने वाली बात ये है कि देश के टॉप-10 क्रेडिट कार्ड इश्यू करने वाले बैंकों के पास कुल 90 फीसदी मार्केट शेयर है.

डेबिट कार्ड का घटता क्रेज- भारत में क्रेडिट कार्ड और यूपीआई के बढ़ते ट्रांजैक्शन के बीच देश में डेबिट कार्ड के जरिए लेनदेन में भारी गिरावट आई है. मार्च 2024 में डेबिट कार्ड के जरिए लेनदेन में 30 फीसदी की कमी आई है. मार्च 2024 में स्टोर्स में कुल 11.60 करोड़ डेबिट कार्ड ट्रांजैक्शन किए गए हैं. वहीं ऑनलाइन कुल 4.30 करोड़ डेबिट कार्ड ट्रांजैक्शन किए गए हैं. वैल्यू में मार्च में डेबिट कार्ड के जरिए ट्रांजैक्शन दुकानों में 17 फीसदी कम होकर 29,309 करोड़ और ऑनलाइन 16 फीसदी कम होकर 15,213 करोड़ रहा गया है.

सस्ता होगा फ्लाइट टिकट,डीजीसीए ने जारी किया नया आदेश

नई दिल्ली। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एक निर्देश जारी किया है, जिसमें यात्रियों के लिए उड़ान के आधार पर किराए को और अधिक किफायती बनाने की बात कही गई है, जिसमें एयरलाइंस द्वारा निर्धारित हवाई किराए में उनके द्वारा प्रदान की गई कुछ सेवाओं के लिए शुल्क भी शामिल है.नियामक का कहना है कि फीडबैक के आधार पर यह महसूस किया गया है कि कई बार एयरलाइंस द्वारा प्रदान की जाने वाली इन सेवाओं की यात्रियों को यात्रा के दौरान आवश्यकता नहीं होती है. इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि सेवाओं और उनके शुल्कों को हटा देने से मूल किराया अधिक किफायती हो सकता है और उपभोक्ताओं को उन सेवाओं के लिए भुगतान करने का विकल्प मिल जाता है, जिनका वह लाभ उठाना चाहता है.

इन सर्विस पर लगता है एक्स्ट्रा चार्ज- अब सवाल ये है कि ऐसी कौन सी सेवाएं हैं जिनके बारे में डीजीसीए को लगता है कि यदि उन्हें अलग कर दिया जाए तो उनमें अधिक किफायती हवाई किराया संभव हो सकता है? बता दें कि डीजीसीए ने सात ऐसी सेवाओं की एक सूची का उल्लेख किया है, जिन्हें यदि टिकट की लागत से अलग कर दिया जाए तो आधार किराया अधिक किफायती हो सकता है. इस लिस्ट में बैठने की व्यवस्था, भोजन/नाश्ता/पेय शुल्क (पीने के पानी को छोड़कर), एयरलाइन लाउंज का उपयोग करने के लिए शुल्क, चेक-इन बैगेज शुल्क, खेल उपकरण शुल्क, संगीत वाद्ययंत्र गाड़ी, मूल्यवान सामान की विशेष घोषणा के लिए शुल्क (उच्च इकाई के लिए अनुमति) वाहक दायित्व पर।

अपोलो ग्रुप ने अहमदाबाद में गुजरात का पहला जीनोमिक्स इंस्टीट्यूट लॉन्च किया

अहमदाबाद। दुनिया के सबसे बड़े इंटीग्रेटेड हेल्थकेयर प्रोवाइडर (एकीकृत स्वास्थ्य सेवा प्रदाता) अपोलो ग्रुप ने आज अहमदाबाद में गुजरात की पहली सुविधा के शुभारंभ के साथ, अपोलो जीनोमिक्स इंस्टीट्यूट के विस्तार की घोषणा की है। अपोलो ग्रुप ने जीनोमिक्स में अपने निवेश को दोगुना किया है। इससे पहले अपोलो जीनोमिक्स इंस्टीट्यूट को पहले मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद और कोलकाता में लॉन्च किया गया था।

भारत ने बीते कुछ वर्षों के दौरान संचारी रोगों से निपटने के मामले में काफी प्रगति की है। हालांकि, वर्तमान समय में, आनुवंशिक विकारों की संख्या में वृद्धि को नजरअंदाज कर दिया गया है। जीनोमिक्स के साथ, इन बीमारियों को प्रकट होने से पहले ही पहचाना जा सकता है और यह वास्तव में प्रारंभिक हस्तक्षेप और निवारक देखभाल को सक्षम करता है। अपोलो जीनोमिक्स इंस्टीट्यूट का लक्ष्य जीनोमिक सेवाओं को प्रत्येक

चिकित्सक और मरीज की पहुंच के भीतर लाकर चिकित्सा पद्धति में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। अहमदाबाद का अपोलो जीनोमिक इंस्टीट्यूट आनुवंशिक मूल्यांकन, नैदानिक निदान, प्रसूति आनुवंशिकी, कैंसर जीनोमिक्स, प्रसव पूर्व आनुवंशिक स्क्रीनिंग क्षमताओं और इससे अधिक कई जीनोमिक सेवाओं की श्रेणी का आयोजन करेगा, जो रोगियों को आनुवंशिक विकारों के प्रबंधन और रोकथाम के लिए जानकारी के साथ सशक्त करेगा। अपोलो हॉस्पिटल्स की वाइस चेयरपर्सन डॉ. प्रीथा रेड्डी ने कहा कि, आज का दिन हेल्थकेयर (स्वास्थ्य देखभाल) की दिशा में हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण सीमाचिह्न है।

देशबन्धु
ग्राहक सेवा

रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
टेलर्स वारिस
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * (* पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

स्क्रैप यार्ड में ब्लास्ट, बिल्डिंग के परखच्चे उड़े

पांच किलोमीटर तक सुनाई दी धमाकों की आवाज, लोगों को लगा भूकंप आया

कई व्यक्तियों के मौत होने की संभावना, एक्सपर्ट टीम की निगरानी में हटाया जा रहा मलबा

जबलपुर, देशबन्धु। अधारताल थानान्तर्गत खजरी-खिरिया बायपास से स्क्रैप यार्ड में गुरुवार की दोपहर हुए ब्लास्ट से पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गयी। धमाके की आवाज पांच किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। क्षेत्रीय लोगों को लगा कि भूकंप आ गया। ब्लास्ट के कारण यार्ड के छत व दीवारों के परखच्चे उड गये। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी तथा मलबे के नीचे कई व्यक्तियों के दबे होने की संभावना है। एक्सपर्ट टीम के नेतृत्व में मलबे को हटाने का काम किया जा रहा है।

पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर अनिल कुमार कुशवाहा से प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर लगभग 12.15 बजे खजरी'-खिरिया बायपास स्थित शमीम हाजी के स्क्रैप यार्ड में धमाका हो गया। धमाका इतना तेज था कि यार्ड की छत तथा दीवार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। ब्लास्ट जिस स्थान पर हुआ है,वहां बडा से गड्ढा हो गया है। प्रारंभिक तौर पर संभावना है कि बारूद के कारण ब्लास्ट हुआ है।

सेना में उपयोग किये जाने वाले बम के मिले खोखे- उन्होने बताया कि स्क्रेप यार्ड के अंदर सेना में उपयोग किये जाने वाले बम के खोखे मिले है। इस संबंध में यार्ड संचालक का कहना है कि उन्होंने स्क्रैप में सेना से बमों के खोखे लिये है। इस संबंध में संचालक को दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है। ओएफके को इस संबंध में सूचित किया गया है। ओएफके के स्पेशलिस्ट की टीम को बरामद बमों के खोखे की जांच करने बुलाया गया है।

सेना, एनएसडी व बम स्क्वॉड की टीम को बुलाया गया- उन्होने बताया कि पूरा यार्ड मलबे में तब्दील हो गया है। मलबे के अंदर से एक व्यक्ति का शव मिला है। मलबे के अंदर अन्य व्यक्तियों के दबे होने की संभावना है। मलबे को हटाने के लिए सेना की टीम, भोपाल से एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया है। ब्लास्ट की संभावना को देखते हुए बम स्कॉड की टीम भी तैनात है। इस अलावा एफएसएल टीम भी ब्लास्ट के कारणों की जांच कर रही है।

ब्लास्ट के बाद दो बार भड़की आग- ब्लास्ट की सूचना मिलने पर पुलिस व दमकल विभाग की टीम घटनास्थल में पहुँच गयी थी। ब्लास्ट की घटना के बाद स्क्रैप यार्ड में दो आग भडक गयी। दमकल कर्मियों की दो गाड़ियों ने आग पर काबू प्राप्त किया। ब्लास्ट के कारण स्क्रैप यार्ड का मलबा तथा क्षतिग्रस्त दीवार तंदूर की तरह तप रहा था। दमकल विभाग कूलिंग के लिए पानी का छिड़काव कर रहा था।

पूरे क्षेत्र को किया गया सील- अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोनाली दुबे ने बताया कि स्क्रैप यार्ड में काम कर रहे 9 मजदूरों को सुरक्षित है। एक मजदूर के शरीर का हिस्सा मिला है। मलबे में एक व्यक्ति का हाथ मिला है। घटना में दो व्यक्ति के मौत की संभावना है। मलवा गर्म होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। मलबा में अन्य व्यक्ति के दबे होने की संभावना है। स्क्रैप यार्ड में पुलिस को कई आपत्तिजनक सामग्री मिली है,जिसके जांच जारी है। स्क्रैप यार्ड संचालक फरार,बेटे को लिया पुलिस ने अभिरक्षा में संचालक शमीम हाजी के खिलाफ कई आपराधिक प्रकरण दर्ज है। घटना के बाद वह फरार है और पुलिस ने उसके बेटे को अभिरक्षा में लिया है।

गैस सिलेंडर में ब्लास्ट- अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोनाली दुबे ने बताया घटना का कारण स्क्रैप कटिंग के दौरान गैस सिलेंडर में ब्लास्ट होना बताया गया था। ब्लास्ट इतना धमाकेदार था कि गैस सिलेंडर फटने से संभव नहीं है।

ब्लास्ट की सूचना मिलते ही पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे- ब्लास्ट की सूचना मिलते ही प्रशासन,पुलिस तथा नगर निगम के अधिकारी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गये थे। पुलिस महानिरीक्षक अनिल कुमार कुशवाहा, नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रीति यादव, एसडीएम मीसा सिंह,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोनाली दुबे सहित अन्य अधिकारी ने स्थिति का जायजा लिया। घटनास्थल में पहुंचने के बाद उन्होंने घटना की गंभीरता के संबंध में पता चला।

समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी की रफ्तार सुस्त, इस बार कम होने के अनुमान

खुले बाजार में गेंहू के भाव समर्थन मूल्य से अधिक

पैदावार 25 से 30 प्रतिशत कम होने का अनुमान

जबलपुर, देशबन्धु। जिले में समर्थन मूल्य पर हो रही गेंहू खरीदी की रफ्तार इस बार कमजोर बनी हुई है और इस गति को देखते हुए यह अनुमान लगाये जा रहे हैं कि पिछले वर्ष के मुकाबले इस बार खरीदी का आंकड़ा कम रह सकता है। दरअसल खुल बाजार में गेंहू के भाव समर्थन मूल्य से अधिक होने के साथ-साथ गेंहू की पैदावार भी कम आंकी जा रही है। दूसरी तरफ सूत्रों का कहना है कि कई व्यापारी व बिचौलिए किसानों को घर से भी ऊपज खरीदने की सुविधा में दे रहे हैं। खुले बाजार में गेंहू के भाव 2450 प्रति क्विंटल के ऊपर चल रहे हैं।

जबकि समर्थन मूल्य 2275 और बोनस 125 रूपए मिलाकर 2400 रूपए प्रति क्विंटल है। इन्ही सब कारणों के चलते खरीदी की रफ्तार पर असर पड़ा है। माना जा रहा है कि इस बार जिले में समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी दो से ढाई लाख मीट्रिक टन पर सिमट सकती है। जबकि पिछले वर्ष खरीदी का आंकड़ा 3 लाख मीट्रिक टन के ऊपर थी। बताया जाता है कि अभी तक 3581 किसानों ने ही अपनी ऊपज समर्थन मूल्य पर बेची है और इन किसानों से कुल 36900 मीट्रिक टन की खरीदी हो चुकी है। जबकि 8268 किसानों ने अभी तक स्लॉट बुक कराए हैं। 114 केन्द्रों के लिए जो स्लॉट बुक हुए थे, उसमें से करीब 77 केन्द्रों में खरीदी हो चुकी है।

बताया यह भी जा रहा है कि खरीदी केन्द्र गोदामों के समीप होने के कारण भण्डारण करीब 92 प्रतिशत तक हो चुका है। सूत्रों का कहना है कि खरीदी के शुरूआती दौर में खरीदी का लक्ष्य 3 लाख से ऊपर रखा गया था लेकिन खरीदी की सुस्त रफ्तार को देखते हुए खरीदी का लक्ष्य घटाया गया है। जानकारों की माने तो इस बार गेंहू की पैदावार पर भी असर पड़ा है, प्रति एकड़ पैदावार 18-19 क्विंटल से घटकर 12 से 14 क्विंटल तक रह गई है। जिससे यह अनुमान लगाए जा रहे हैं कि जिले में गेंहू का उत्पादन 25 से 30 प्रतिशत कम रह सकता है। इस बार खरीदी कम होने के अनुमान से सरकार को गेहूं कम मिल सकता है। केन्द्रीय पुलों में भंडारण की कमी के चलते कंट्रोल की राशन दुकानों से दिये जाने वाले गेहूं की रफ्तार पर भी असर पड़ सकता है। इसके पूर्व में धान खरीदी के लिये उपार्जन केन्द्रों में कलेक्टर दीपक सक्सेना खुद ही जाकर निरीक्षण कर रहे हैं। और जिम्मेदारों को आवश्यक निर्देश दे रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को कलेक्टर ने शहर के ज्वलंत मुद्दों को जल्द से जल्द हल करने के निर्देश दिये हैं। इसके अलावा उपार्जन केन्द्रों और वेयर हाऊस में धान खरीदी व भंडारण के लिये कहा है। जिससे किसानों को असुविधा न हो।

किसानों को 86 करोड़ में से 47 करोड़ से अधिक का भुगतान

बताया जाता है कि किसानों को समर्थन मूल्य पर बेचे गये गेंहू के भुगतान जारी है। अभी तक किसानों से करीब 86 करोड़ की ऊपज खरीदी जा चुकी है। इसमें से किसानों को करीब 47 करोड़ 21 लाख का भुगतान किया जा चुका है।

प्रमुख सचिव व जबलपुर कलेक्टर को अवमानना नोटिस

आदेश के बावजूद भी नहीं हटाये गये सड़क से अतिक्रमण

जबलपुर, देशबन्धु। अतिक्रमण कर शासकीय रोड बंद किये जाने के संबंध में हाईकोर्ट द्वारा पारित आदेश का पालन नहीं किये जाने को चुनौती देते हुए अवमानना याचिका दायर की गयी थी। जस्टिस डीडी बसंल की एकलपीठ ने अवमानना याचिका की सुनवाई करते हुए सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव, कलेक्टर जबलपुर सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

यह अवमानना का मामला हाथीताल निवासी कमलजीत कौर की ओर से दायर किया गया है।

जिसमें कहा गया कि लक्ष्मी कॉलोनी स्थित शासकीय रोड पर दीनबंधु राय तथा बाबे सरदार ने अवैध कब्जा कर उसे बंद कर दिया है। जिसके खिलाफ उसने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने याचिका का निराकरण करते हुए अनावेदक अधिकारियों को 90 दिनों में शिकायत पर कार्यवाही कर एक्शन लेने निर्देश जारी किये थे। निर्धारित समय अवधि समाप्त होने के बावजूद भी संबंधित अधिकारियों ने कोई कार्यवाही नहीं की, जिस पर यह अवमानना याचिका दायर की गई है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सौरभ शर्मा ने पक्ष रखा।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में तेंदुए की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

उमरिया, देशबन्धु। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के मानपुर बफर परिक्षेत्र के खिचकिडी बीट के कक्ष क्रमांक आरएफ 263 हाथी झील हार में तेंदुए का शव मिला है। प्रथमदृष्टया आपसी संघर्ष में मौत होना प्रतीत होती है। मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चल सकेगी।

जांच में जुटा वन विभाग

मानपुर बफर जोन अंतर्गत खिचकिडी बीट में संदिग्ध परिस्थिति में तेंदुए का शव मिलने से वन विभाग सकते में आ गया। पोस्टमार्टम के बाद तेंदुए का अंतिम संस्कार कर दिया गया। विश्व के मानचित्र पर अपना अलग स्थान रखने वाले बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में तेंदुए की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

मानपुर रेजर मुकेश अहिरवार ने बताया कि गश्ती दल को जानकारी लगते ही हमको सूचना दी गई और तत्काल उच्च अधिकारियों को सूचित किया गया। जानकारी लगने के बाद बुधवार को मृत तेंदुए का पोस्टमार्टम करवाया गया और शाम को उसका अंतिम संस्कार किया गया है। वहीं मृत तेंदुए की उम्र लगभग 7 वर्ष बताई गई है।

नियमों को ताक पर रखकर हुई थी रीडर पद पर पूर्व प्रभारी कुलपति द्विवेदी व प्रो. श्रीवास्तव की नियुक्तियां

हाईकोर्ट ने की निरस्त

जबलपुर, देशबन्धु। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय भोपाल के पूर्व प्रभारी कुलपति संजय द्विवेदी तथा प्रोफेसर पवित्र श्रीवास्तव की साल 2009 में रीडर पद पर हुई नियुक्तियों को नियम विरूध्द माना है। हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि नियुक्तियों में नियम का पालन नहीं किया गया।

एकलपीठ ने दोनों की नियुक्ति को निरस्त करने के आदेश जारी किये है। प्रोफेसर आशुतोष मिश्रा की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय में साल 2009 में विभिन्न विभागों में नियुक्तियों के लिए विज्ञापन जारी किये गये थे। याचिकाकर्ता ने भी दो विभाग में नियुक्ति के लिए आवेदन किया गया था। याचिका में कहा गया था कि नियुक्ति के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं करते हुए रीडर के पद पर अनावेदकों की नियुक्ति की गयी है।

याचिका में कहा गया था कि नियुक्ति प्रक्रिया के तहत विश्वविद्यालय अधिनियम 1990 की धारा 33(2) (क) के अनुसार सिलेक्शन कमेटी में तत्कालीन विभाग अध्यक्षों को शामिल करना अनिवार्य था। जिसका चयन प्रक्रिया में पालन नहीं किया गया। संचार विभाग की तत्कालीन अध्यक्ष प्रोफेसर दविंदर कौर उप्पल तथा जनसंपर्क तथा विज्ञापन विभाग के अध्यक्ष शशिकांत शुक्ला को शामिल नहीं करते हुए सिलेक्शन कमेटी ने पांच उम्मीदवारों के साक्षात्कार लेकर संजय द्विवेदी तथा पवित्र श्रीवास्तव को रीडर पद पर चयनित कर लिया।

याचिका की सुनवाई के दौरान एकलपीठ ने पाया कि नियुक्ति प्रक्रिया का पालन नहीं करते हुए अनावेदकों का चयन किया गया है। एकलपीठ ने अनावेदकों की नियुक्तियों को निरस्त करने के आदेश जारी किये है। एकलपीठ ने पुनः विज्ञापन जारी करके नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ करने निर्देश जारी किये हैं। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता नित्यानंद मिश्र ने ने पैरवी की।

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 122
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 128
छोटा ब्रॉयलर - रु. 132
मो.- 9039925999

J.B.F.A
जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 136
मुर्गा मीडियम - रु. 132
मुर्गा बड़ा - रु. 126
मुर्गा जम्बो - रु. 126
मो.- 9039925999, 9425800409

आसान किस्तों में उपलब्ध
मिश्रा इन्टरप्राइजेज
सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।
एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496